CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRFP User: cci Time: 01-29-2026 22:35 Color:

नई दिल्ली › शुक्रवार, 30 जनवरी 2026 › माघ 10, शक संवत 1947, माघ शुक्ल द्वादशी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 26› पेज 16* › गुड़गांव › मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*मासिक खरीद पर ही लागू

राहुल से मुलाकात के बाद थरूर बोले- 'ऑल इज़ वेल' ›p7

NBT नवभारत टाइम्स

कल्कि के सीक्वल में दीपिका की जगह सई पल्लवी › गुड़गांव टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

फलस्तीन की मंत्री ने कहा, भारत महान देश, उससे हैं उम्मीदें ›› पेज 9

HC ने खारिज की आर्यन की बैड्स ऑफ बॉलिवुड सीरीज़ के खिलाफ याचिका ›› पेज 9

वांगचुक ने सरकार उखाड़ फेंकने से जुड़े आरोपों का SC में खंडन किया ›› पेज 9

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens

देखें पेज 2, 6, 9 और खेल पेज

GOOD न्यूज़

गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज 10

UGC के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट का 'ब्रेक'

कहा, गलत इस्तेमाल होने का है अंदेशा

Rajesh.Choudhary @timesofindia.com

■ नई दिल्ली: यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमिशन (UGC) के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। यह उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने से जुड़ा था। इसे गैर-समावेशी बताकर सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि अगर वह इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करती, तो ये नियम समाज पर बहुत खतरनाक प्रभाव डाल सकते हैं। समाज को बांट भी सकते हैं। गुरुवार को कोर्ट ने मामले में केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। सरकार और UGC से 19 मार्च तक जवाब दाखिल करने को कहा।

कोर्ट ने नियमों पर कुछ आपत्तियां जाहिर कीं। साथ ही सुझाव दिया कि इनकी समीक्षा कानून की जानकारी रखने वाली एक कमिटी को करनी चाहिए। बेंच ने यह भी कहा कि पहली नजर में ये नियम अस्पष्ट हैं और दुरुपयोग का अंदेशा रखते हैं। संविधान के आर्टिकल-142 के तहत 2012 के रेगुलेशंस अगले आदेश तक लागू रहेंगे। कोर्ट का यह आदेश इन याचिकाओं के बाद आया, जिनमें यह तर्क दिया गया था कि UGC ने जाति आधारित भेदभाव की एक गैर-समावेशी परिभाषा अपनाई है।

कोर्ट की नियमों पर आपत्ति | रिव्यू करने की भी दी सलाह

हमने जातिविहीन समाज की दिशा में जो कुछ भी हासिल किया है, क्या हम अब फिर से पीछे की ओर जा रहे हैं? भारत की एकता शैक्षणिक संस्थानों में झलकनी चाहिए।
-सुप्रीम कोर्ट

और क्या-क्या कहा...

1. कोर्ट ने कहा कि पहली नजर में ये नियम अस्पष्ट हैं
2. यह समाज को बांट देगा और खतरनाक प्रभाव भी पड़ेगा
3. एक कमिटी को इसकी समीक्षा करनी चाहिए
4. साल 2012 के रेगुलेशंस अगले आदेश तक लागू रहेंगे

अदालत का सवाल, रैगिंग बाहर क्यों?

सुनवाई के दौरान बेंच ने रेगुलेशन को लेकर कुछ मुद्दों का जिक्र किया। रेगुलेशन की दोबारा समीक्षा का सुझाव दिया। साथ ही कहा कि जब भेदभाव की परिभाषा सभी प्रकार के भेदभाव को समाहित करती है, तो जाति आधारित भेदभाव को अलग से परिभाषित करने की जरूरत क्यों है? रैगिंग को रेगुलेशन से बाहर क्यों रखा गया है? ›› पेज 9

PTI

जारी है विरोध UGC रेगुलेशंस का गुरुवार को भी कई जगहों पर छात्र समूहों की ओर से विरोध किया गया।

अजित की पत्नी सुनेत्रा पवार बन सकती हैं डिप्टी सीएम

Brijesh.Tripathi@timesofindia.com

■ मुंबई: डिप्टी सीएम अजित पवार के अंतिम संस्कार के साथ ही महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल बढ़ गई है। अजित की पत्नी सुनेत्रा पवार को देवेंद्र फडणवीस सरकार में डिप्टी सीएम बनाए जाने की सुगबुगाहट है। वहीं प्रफुल्ल पटेल को NCP की कमान सौंपने की तैयारी की जा रही है। एनसीपी सूत्रों के मुताबिक शरद पवार के साथ पार्टी के विलय को होल्ड पर रखा जाएगा, स्थिति सामान्य होने पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। गुरुवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल और मंत्री छगन भुजबल ने सुनेत्रा पवार से मुलाकात की। हालांकि सुनेत्रा ने अभी कोई जवाब नहीं दिया है। ›› पेज 12

प्रफुल्ल को NCP अध्यक्ष बनाने की सुगबुगाहट

PTI

अजित पवार के अंतिम संस्कार में शामिल पत्नी सुनेत्रा और बेटा जय पवार

मिल गया क्रैश प्लेन का ब्लैक बॉक्स

वीएसआर वेंचर्स कंपनी के चार्टर्ड लीयरजेट-45 प्लेन क्रैश में घटनास्थल से ब्लैक बॉक्स मिल गया है। इससे घटना के सीक्वेंस और प्लेन क्रैश होने से पहले अंतिम समय में पायलट और एटीसी के बीच होने वाली बातें समेत अन्य अहम जानकारी मिल सकेगी।

PM ने कहा, 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' पर आगे बढ़ रहे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यूरोपीय यूनियन के साथ ट्रेड डील महत्वाकांक्षी भारत के लिए है। उन्होंने कहा कि भारत 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। बजट सत्र की शुरुआत में संसद भवन परिसर में पीएम ने कहा कि देश लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से बाहर निकल रहा है।

समस्याओं से देश बाहर निकल रहा है: मोदी

आर्थिक सर्वे में सुधारों और मैन्युफैक्चरिंग पर ज़ोर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

आर्थिक सर्वे 2025-26 में कहा गया है कि देश की अर्थव्यवस्था दमदार ढंग से बढ़ रही है। इसकी रफ्तार दुनिया में सबसे तेज बनी रह सकती है। मैन्युफैक्चरिंग, निर्यात और आर्थिक सुधारों पर जोर बढ़ाने की सलाह दी गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को इसे संसद में पेश किया। इसमें कहा गया है कि व्यापार से जुड़ी वैश्विक चुनौतियां हैं। आर्थिक नीतियों का फोकस ऐसी चीजों पर होना चाहिए, जिनसे बाहरी झटकों का असर घटे। अगले वित्त वर्ष में GDP ग्रोथ 6.8-7.2% रह सकती है। ›› पेज 10

AP

पीएम ने कहा, निर्मला सीतारमण लगातार नौवां बजट पेश करेंगी।

फटाफट खबरें

गुड़गांव में वाइन शॉप पर युवकों का बवाल

बजघेड़ा में बुधवार रात एक वाइन शॉप पर डिस्काउंट न देने पर कुछ युवकों ने हंगामा किया। युवक शॉप के कर्मचारियों से भिड़ गए। दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इनमें से एक शख्स ने पिस्टल निकाल ली। घटना का विडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। ›› गुड़गांव टाइम्स

आगरा-जयपुर हाईवे पर हादसा, 4 मौतें

राजस्थान के भरतपुर जिले में आगरा-जयपुर राजमार्ग पर बुधवार देर रात घने कोहरे की वजह से एक स्लीपर बस सड़क पर खड़े ट्रेलर से टकरा गई। एक महिला समेत 4 की मौत हो गई। बस उत्तर प्रदेश के कासगंज से जयपुर जा रही थी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बचाया।

SIR पर EC लिस्ट सब जगह लगाएं:SC

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु में चल रही SIR प्रक्रिया पर चुनाव आयोग से कहा, जिन वोटर्स के नाम लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी यानी तार्किक विसंगति की सूची में डाले गए हैं, वो सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित हो। जहां भी SIR प्रक्रिया चल रही है, वहां सख्ती से पालन हो।

फरीदाबाद में बीच सड़क नर्स को पीटा

फरीदाबाद में एक निजी अस्पताल की नर्स से बदमाशों ने बीच सड़क मारपीट की। बदमाशों ने पहले नर्स की स्कूटी में टक्कर मार उसे रोका फिर पैरों में गिरकर माफी मांगने को कहा। पीड़िता को रेप की भी धमकी दी गई। घटना सेक्टर-16 चौकी से करीब 100 मीटर दूर हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। ›› गुड़गांव टाइम्स

हैपी मॉर्निंग

टीचर: सीनियर और जूनियर में क्या अंतर है?
गप्पू: सर, मैं बताता हूं। जो समुद्र के पास रहता हो वो सीनियर (sea-near) और जो चिड़ियाघर के पास रहता हो वो जूनियर (zoo-near)।

अर्थसार

सेंसेक्स	82,566.37 (+221.69)
निफ्टी	25,418.90 (+76.15)
रु/यूएस डॉलर	91.96 (+0.26)
रु/यूरो	110.22 (+0.24)

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम	
दिल्ली	₹1,83,000 (+12,000)
चांदी .999 टंच प्रति किलो	
दिल्ली	₹4,04,500 (+19,500)

मौसम

अधिकतम तापमान 17.9°
न्यूनतम तापमान 11°
सूर्यास्त शुक्रवार 5:59 | सूर्योदय शनिवार 7:10

आज बादल छाए रहेंगे। 31 जनवरी से 2 फरवरी तक बारिश होगी।

*12 + 4 GurgaonTimes

कीमतों में बेतहाशा उछाल, चांदी चार लाख पार, सोने का भी रेकॉर्ड



चांदी के दाम 19500 रुपये बढ़े | **सोने** के दाम 12000 रुपये बढ़े

■ पीटीआई/आईएएनएस, नई दिल्ली

दिल्ली में गुरुवार को चांदी पहली बार 4 लाख रुपये के पार पहुंच गई, सोना भी नया रेकॉर्ड बनाते हुए 1.83 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा। एक्सपर्ट का मानना है कि वैश्विक अनिश्चितता, कमजोर डॉलर और सुरक्षित निवेश की मांग से इनमें तेज उछाल आया है। ऑल इंडिया सर्राफा असोसिएशन के मुताबिक, चांदी 4,04,500 रुपये प्रति किलो और 99.9% शुद्धता वाला सोना 1,83,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया।

शादियों में गहनों का वजन और बजट घटा

शादी की शहनाई बजने से पहले ही सोना और चांदी के दामों ने ऐसा सुर छेड़ा है, जिसने दूल्हा-दुल्हन से ज्यादा घरवालों की नींद उड़ा दी है। दिल्ली कारोबारियों के मुताबिक, इस शादी के सीजन में रौनक तो है, लेकिन गहनों के वजन और बजट दोनों हल्के हो गए हैं। ›› पेज 3

हरियाणा पुलिस अपग्रेड होगी, IO को मिलेंगे टैब

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए जांच अधिकारियों (आईओ) को जल्द टैब उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे वे फील्ड से ही केस डायरी, साक्ष्य, सिजर और डिजिटल रेकॉर्ड अपडेट कर सकेंगे। एडीजीपी नवदीप सिंह विर्क ने गुरुवार को पंचकूला में दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में यह ऐलान किया।

विर्क ने कहा कि अब तकनीक का प्रयोग विकल्प नहीं, बल्कि जरूरत बन चुका है। प्रदेश के सभी थानों में कंप्यूटर और इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है। सभी आईओ को टैब देने का प्रस्ताव प्रक्रिया में है। शिविर में आए एक्सपर्ट गुरशरण ने कहा कि अनधिकृत कॉलोनियों और अवैध गतिविधियों की निगरानी के लिए ड्रोन व गूगल मैपिंग अनिवार्य होगी। इससे अवैध शराब और खनन की भी निगरानी होगी। शिविर में 600 से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने हिस्सा लिया।

फील्ड से ही डिजिटल मैपिंग और फोटो-वीडियो रिकॉर्डिंग कर सकेंगे



अडवाइजरी जारी

सूरजकुंड मेले के लिए डायवर्जन

■ NBT रिपोर्ट, फरीदाबाद: 39वें सूरजकुंड इंटरनैशनल क्राफ्ट मेले के लिए ट्रैफिक पुलिस ने अडवाइजरी जारी की है। मेले के दौरान 31 जनवरी से 15 फरवरी तक कुछ सड़कों पर सुबह 7 से रात 12 बजे तक भारी वाहनों की एंट्री बंद रहेगी। डीसीपी मकसूद अहमद ने बताया कि भारी वाहन पाली से शूटिंग रेंज की ओर, अनखीर, NHPC चौक और प्रह्लादपुर बॉर्डर से सूरजकुंड की ओर नहीं जा सकेंगे। गुड़गांव से फरीदाबाद के लिए केएमपी से जाना होगा। फल, सब्जी व दवाओं के वाहनों को एंट्री दी जाएगी। ›› गुड़गांव टाइम्स

फैसला सुरक्षित हाइवे निर्माण से जुड़े ठेकेदारों से गौशाला बनाने पर विचार करने को कहा

रोज़ 100 स्ट्रे डॉग्स की नसबंदी ऐसा, जैसे घास के ढेर में सूई खोजना: SC

Rajesh.Choudhary @timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि पंजाब सरकार का रोज 100 स्ट्रे डॉग्स की नसबंदी करना नाकाफी है, यह ऐसा है जैसे घास के ढेर में सूई को खोजना। जस्टिस विक्रम नाथ की अगुआई वाली बेंच ने डॉग्स के पुनर्वास और नसबंदी से जुड़े 7 नवंबर के आदेश में संशोधन की मांग वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया। साथ ही पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु द्वारा अदालत के निर्देशों के पालन को लेकर नाराजगी जताई।

AI Image

अदालत ने नैशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया से कहा कि वह हाइवे निर्माण से जुड़े ठेकेदारों से हर 50 किलोमीटर पर गौशालाएं बनाने पर विचार कर सकता है।

कोर्ट ने ऐप बनाने का भी दिया निर्देश

सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने नैशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से पेश वकील से यह भी कहा कि एक ऐसा मोबाइल ऐप बनाएं, जिसके जरिए लोग NH पर आवारा पशुओं की मौजूदगी की सूचना दे सकें। कोर्ट ने 7 नवंबर 2025 को स्टेट हाइवे, नैशनल हाइवे और एक्सप्रेसवे से सभी आवारा जानवरों को हटाने के निर्देश दिए थे।

10 www.nbt.in
नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली/एनसीआर।
शुक्रवार, 30 जनवरी 2026

NBT GOOD न्यूज़

मुस्कुराहट: चेहरे की बेहतरीन एक्सरसाइज। मुस्कुराने के लिए चेहरे की कई मसल्स का इस्तेमाल होता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है। यह एक तरह का नेचुरल फेसलिफ्ट है, जो आपको उम्र से छोटा और ज्यादा आकर्षक दिखने में मदद करती है।

विचार

सफलता अंत नहीं है, और हारना मौत नहीं है। सबसे ज्यादा जो मायने रखता है, वो है गिरकर फिर से उठने और आगे बढ़ने का हौसला। – *विंस्टन चर्चिल* (Winston Churchill)

ज़रा हंस लें

पति शराब पीकर रात को घर देर से पहुंचा। पत्नी हाथ में झाड़ू लेकर सामने खड़ी थी। पति: 'कितना काम करेगी तू, ला ये झाड़ू मुझे दे दे। रात के दो बजे हैं, सोना नहीं है क्या? कुछ तो अपना ख्याल कर पगली।' यह सुनकर बेचारी पत्नी की आंखों में आंसू आ गए।

कविता

थोड़ा कष्ट सहना सीखो

यदि ले जाना है खुद को ऊंचाइयों पर,
थोड़ा संघर्ष करना सीखो,
बार-बार गिरकर फिर खड़े हो जाना,
एक छोटे बच्चे से सीखो।
सुख-दुःख है इस जीवन के
दो पहलू,
थोड़ा मुस्कुराना सीखो,
तूफान में भी कैसे डटकर खड़े
रहना है,
एक पेड़ से सीखो।
छोटी चिड़िया तिनके चुन-चुन कर,
कैसे घोंसला बनाती है,
जीवन में मेहनत करना जरूरी है,
यह सबको सिखाती है।
जीवन में आने वाली कठिनाइयों में,
थोड़ा संयम रखना सीखो,
यदि कुछ कर दिखाना चाहते हो तो,
थोड़ा कष्ट सहना सीखो ।

– नीलम कुमार, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 3 फरवरी से 31 मार्च तक आम लोगों के लिए खुलेगा, फ्री होगी एंट्री

आ गया खुशबू-रंगों का शाही न्योता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

बसंत फूलों का मौसम है। इस महीने में लोगों को राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान के खुलने का इंतजार रहता है। इंतजार की घड़ियां खत्म हो गई हैं। 3 फरवरी से यह उद्यान आम लोगों के लिए खोला जा रहा है। 3 फरवरी से 31 मार्च तक यह निशुल्क एंट्री रहेगी। फूलों की रंग बिरंगी सजावट और शाही माहौल का मजा लेने के लिए विजिटर्स ऑनलाइन या ऑफलाइन बुकिंग करवा सकते हैं।

राष्ट्रपति भवन परिसर में बना अमृत उद्यान रंग बिरंगी फूलों की क्यारियों और सजावट के लिए जाना जाता है। यहां घूमना किसी फूलों की प्रदर्शनी देखने जैसा अनुभव देता । यहां का हर कोना फोटो लेने लायक लगता है। करीब 15 एकड़ में फैले अमृत उद्यान में देशी विदेशी फूल देखने को मिलते हैं। पहले यहां ईस्ट लॉन, लॉन्ग गार्डन और सर्कुलर गार्डन ही हुआ करता था। बाद में पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम और राम नाथ कोविंद के समय इसमें कुछ और गार्डन बनाए गए। इनमें हर्बल गार्डन, टेक्टाइल गार्डन, बोनसाई गार्डन और आरोग्य वनम है।

कैक्टस गार्डन, सर्कुलर गार्डन, रोज़ गार्डन बनते हैं पसंद

225 साल पुराने शीशम ट्री पर ट्री हाउस
यहां आप 225 साल से अधिक पुराने शीशम के पेड़ पर ट्री हाउस देख सकते हैं। यह पेड़ बाल वाटिका में शान से खड़ा है।

राष्ट्रपति भवन के पक्षी
बाल वाटिका के सामने ही प्रेजिडेंट्स इस्टेट में दिखने वाले दुर्लभ और सीजनल पक्षी की जानकारी आपको मिल जाएगी। यहां करीब 30 प्रजातियों के पक्षी रहते हैं।

बोनसाई गार्डन
बोनसाई गार्डन यूथ और छोटे बच्चों के फेवरेट स्पॉट में एक है। कई बोनसाई तो यहां 60 साल से पुराने हैं।

सर्कुलर गार्डन
यह गार्डन मुख्य आकर्षक है। यहां आपको तितलियां दिखेंगी। विभिन्न रंगों के सुगंधित फूल दिखेंगे। 40 से अधिक प्रजातियों के फूल आकर्षण हैं।

वर्टिकल गार्डन
अमृत उद्यान में वर्टिकल गार्डन आपको लुभाएंगे। प्रकृति की यह जीवंत टेपेस्ट्री, सावधानीपूर्वक डिजाइन की गई है।

सेंट्रल लॉन
अमृत उद्यान के बीचों बीच सेंट्रल लॉन है। यहां से राष्ट्रपति भवन की भव्यता देखी जा सकती है। सेंट्रल लॉन और इससे लगते लॉन्ग गार्डन में आपको 500 से अधिक डहेलिया की प्रजातियां दिख जाएंगी।

कब जाएं: अमृत उद्यान सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा। शाम 5:15 बजे के बाद एंट्री नहीं होगी।

कब बंद रहेगा: हर सोमवार को और 4 मार्च (होली) को यह बंद रहेगा।

टिकट कैसे बुक करें: एंट्री के लिए पहले से पास बनवाना जरूरी है। यह ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से बनवाए जा सकते हैं।

ऑनलाइन बुकिंग: अधिकारिक वेबसाइट वेबसाइट visit. rashtrapatibhavan.gov.in पर जाकर अपना स्लॉट रिजर्व कर सकते हैं।

ऑफलाइन बुकिंग: ऑफलाइन के लिए गेट नंबर-35 के बाहर लगे सेल्फ-सर्विस कियोस्क से पास निकाला जा सकता है।

NBT जन्मदिन मुबारक

दीया कुमारी

30 जनवरी 1971 को जन्मी BJP नेता दीया कुमारी जयपुर के पूर्व राजघराने से ताल्लुक रखती हैं। फिलहाल राजस्थान की डिप्टी चीफ मिनिस्टर हैं।

प्रियदर्शन

फिल्म डायरेक्टर प्रियदर्शन का जन्म 30 जनवरी 1957 को हुआ। 'हेरा फेरी' जैसी कई सुपरहिट फिल्में बनाई हैं और नैशनल अवॉर्ड से भी नवाजा जा चुका है।

सुनंदा शर्मा



30 जनवरी 1992 को जन्मी सुनंदा शर्मा फेमस पंजाबी सिंगर और एक्ट्रेस हैं। वह 'पटाके' और 'जानी तेरा ना' जैसे हिट गानों के लिए मशहूर हैं और फिल्मों में भी काम करती हैं।

प्रकाश जावड़ेकर

30 जनवरी 1951 को जन्मे प्रकाश जावड़ेकर BJP के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं। फिलहाल नैशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी के चेयरपर्सन के रूप में सेवाएं दे रहे हैं।

1200 लड़कियां बनीं इलाके का सुरक्षा कवच, बाल विवाह और अपराध के खिलाफ छेड़ी जंग

बच्चों की खुशियों की ढाल बनीं ये गर्ल सिंघम्स

Ahmed.Ali@timesofindia.com

■ मुंबई: चीता कैंप और साठे नगर की तंग गलियों में जैसे ही शाम ढलती है, एक अलग निगरानी शुरू होती है। सतर्क नजरें, मजबूत कदम और हिम्मत के साथ आगे बढ़ती लड़कियां... ये कोई पुलिसकर्मी नहीं, बल्कि प्यार से 'मुंबई की गर्ल सिंघम्स' कहलाती हैं। पिछले चार साल से 11 से 18 साल की उम्र की 1,200 से ज्यादा लड़कियां, 12 ग्रुप में बंटकर अपने ही इलाके में बदलाव ला रही हैं।

CRY (Child Rights and You) संस्था के सहयोग से ये लड़कियां शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, बाल श्रम और बाल विवाह जैसे मुद्दों पर काम कर रही हैं। 16 साल की सिमरन शेख इस समूह की नेता हैं। वे परिवारों को कम उम्र में शादी के नुकसान समझाती हैं और इलाके में नजर रखती हैं कि कहीं किसी लड़की की जबरन शादी न हो। हाल के महीनों में उनके इलाके में छह बाल विवाह रोके गए और लड़कियां फिर स्कूल लौट आईं। CRY के कुमार नीलेंदु बताते हैं कि लड़कियों ने समय रहते मामलों की पहचान की और सही कदम उठाए।

1,200+ लड़कियां 12 ग्रुप में बंटकर अपने इलाके में ला रहीं बदलाव

डार्क स्पॉट किया खत्म, शराब दुकान कराई बंद

एक दिन समूह की बैठक में बच्चों ने अपने इकलौते करबला मैदान की बात उठाई, जो अंधेरा और असुरक्षित था। बाद में मिट्टी बिछाई गई, लाइट ठीक की गई और सीसीटीवी लगाए गए। अब यह मैदान बच्चों की खेल और खुशी की जगह बन गया है। करीब 50 लड़कियों ने अवैध शराब की दुकान के खिलाफ भी कदम उठाया, शिकायत दर्ज करवाई और दुकान बंद करवाई। 15 साल की अलका अब पुलिस अधिकारी बनने का सपना देखती है। सामूहिक प्रयासों ने लड़कियों को निडर और अपने अधिकारों के प्रति मजबूत बना दिया है।

वैलेंटाइंस डे पर भक्ति की क्लबिंग

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

इस वैलेंटाइंस डे पर 'महादेव का महाप्रेम' दिल्ली वालों के बीच उतरेगा। 14 फरवरी को दिल्ली के भारत मंडपम् में 'टेक्नो-शिवरात्रि कल्चरल नाइट' में भक्तों को भजन क्लबिंग से लेकर एरोबिक्स, तो ड्रोन से लेकर AI का भक्तिमय रोमांच देखने का मौका मिलेगा। पांच घंटे के इस शो 'शिव आनंदम 3.0' के साथ आध्यात्मिक ऊर्जा को अनुभूत करने का मौका दिल्ली वालों को मिलेगा।

'शिव आनंदम 3.0' भारत मंडपम् में शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा। एंट्री टिकट बुकमाईशो से मिलेगा। आयोजकों ने बताया कि उत्सव के आरंभ में 9 फीट ऊंची एलईडी डिजिटल शिवलिंग की स्थापना की जाएगी। हाई-डेफिनिशन प्रोजेक्शन मैपिंग के जरिए शिवलिंग पर 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कराए जाएंगे। दर्शक डिजिटल ऐप के जरिए वर्चुअल पूजन भी कर सकेंगे। सत्र में अमरनाथ, कैलाश और केदारनाथ की सिनेमैटिक विडियो यात्रा भी पेश होगी। 'भजन क्लबिंग' और 'भक्तिमय अंताक्षरी' इस दिन को जोश और ऊर्जा से भरेंगे। वैलेंटाइंस डे भी है तो सत्र 'वैलेंटाइन ऑफर्स बनाम महादेव का महाप्रेम' आधुनिक प्रेम की अवधारणाओं और महादेव के शाश्वत प्रेम के बीच संवेदनशील चर्चा करेगा। PEACE प्रोग्राम की ओर से आयोजित उत्सव में शिव की ऊर्जा को टेक्नोलॉजी की मदद से जीवंत किया जाएगा। पीस प्रोग्राम की प्रिंसिपल कॉर्डिनेटर तपस्वी भारती और को-कॉर्डिनेटर निधि भारती ने बताया कि आयोजन भगवान शिव के ज्ञान और ध्यान के विज्ञान को समकालीन अभिव्यक्ति में ढालने का प्रयास है।

दिल्ली के भारत मंडपम् में भजन क्लबिंग से लेकर भस्म होली, वी-डे पर 'महादेव का महाप्रेम'

THE ECONOMIC TIMES

फटाफट खबरें

इकॉनमिक सर्वे से संभला बाज़ार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी का सिलसिला जारी रहा। इकॉनमिक सर्वे में बेहतर जीडीपी ग्रोथ अनुमान से बाजार को काफी सहारा मिला। शुरुआती कारोबार में हुए नुकसान की भरपाई करते हुए सेंसेक्स 221.69 अंक (0.27%) की बढ़त के साथ 82,566.37 पर बंद हुआ। हालांकि, सुबह के वक्त यह 636.74 अंक (0.77%) गिरकर 81,707.94 के स्तर तक चला गया था। निफ्टी 76.15 अंक बढ़कर 25,418.90 पर बंद हुआ।

डाबर का लाभ बढ़ा, स्विगी का घाटा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: एफएमसीजी कंपनी डाबर इंडिया ने गुरुवार को बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही में उसका शुद्ध मुनाफा पिछले साल के मुकाबले 7.32 प्रतिशत बढ़कर 553.61 करोड़ रुपये रहा है। वेदांता लिमिटेड का शुद्ध मुनाफा (PAT) 60 प्रतिशत बढ़कर 7,807 करोड़ रुपये रहा है। वहीं, इस दौरान स्विगी का घाटा बढ़कर 1,065 करोड़ रुपये हो गया है। टाटा मोटर्स का शुद्ध मुनाफा 48 प्रतिशत गिरकर 705 करोड़ रुपये रह गया है। ITC की तीसरी तिमाही के दौरान कुल शुद्ध मुनाफा मामूली बढ़त के साथ 5,018 करोड़ रुपये रहा है। वहीं, पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 225 करोड़ रुपये रहा है।

AI के बाद अब एडोबी एक्सप्रेस फ्री

■ NBT रिपोर्ट : भारती एयरटेल अब अपने 36 करोड़ ग्राहकों को एडोबी एक्सप्रेस की फ्री सुविधा उपलब्ध करा रही है। एडोबी एक्सप्रेस एक तेज, आसान और हर तरह की डिजाइन जरूरतों को पूरा करने वाला ऐप है। एयरटेल ने बताया कि लगभग 4,000 रुपये मूल्य वाला एडोबी एक्सप्रेस प्रीमियम अब एक साल के लिए फ्री उपलब्ध होगा।

बढ़ते रह सकते हैं सोने-चांदी के भाव

आर्थिक सर्वे : मैन्युफैक्चरिंग, निर्यात और आर्थिक सुधारों पर जोर बढ़ाने की सलाह

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 पेश किया। इसमें मैन्युफैक्चरिंग, निर्यात और आर्थिक सुधारों पर जोर बढ़ाने की सलाह दी गई। सर्वे के मुताबिक, अगले वित्त वर्ष में महंगाई चिंताजनक स्तर पर जाने का रिस्क नहीं है, लेकिन दुनिया में अनिश्चितता के बीच सोना-चांदी के भाव बढ़ते रह सकते हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अर्थव्यवस्था के बुनियादी पहलू 'पहले से कहीं ज्यादा मजबूत' हैं और देश वैश्विक चुनौतियों के बीच सफलता से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की चमक दुनिया में सबसे तेज है।

आर्थिक सर्वे में कहा गया कि अगले वित्त वर्ष में महंगाई की चिंता नहीं है, लेकिन सोने-चांदी के भाव बढ़ते रह सकते हैं क्योंकि दुनिया में बढ़ती अनिश्चितता के बीच सुरक्षित माने जाने वाले निवेश का आकर्षण बढ़ रहा है। ट्रेड वॉर खत्म होने और टिकाऊ शांति बनने तक सोने-चांदी के भाव बढ़ते रह सकते हैं। सर्वे में कहा गया कि 2025 में सोने-चांदी के भाव लाइफटाइम हाई पर पहुंच गए। इसमें जियोपॉलिटिकल रिस्क के बारे में मार्केट्स के आकलन के साथ अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और नेगेटिव रियल रेट्स बने रहने के अनुमानों का भी असर पड़ा। सर्वे के मुताबिक, सोने का भाव 2025 में 2607 डॉलर प्रति औंस से बढ़कर 4315 डॉलर प्रति औंस हो गई।

सर्वे में कॉपर, ऑयरन और एल्युमीनियम जैसे बेस मेटल्स के भाव ज्यादा न बढ़ने का अनुमान दिया गया। कहा गया कि ग्रीन टेक्नॉलजी और डेटा सेंटरों की ओर से आ रही मांग और सप्लाई में बाधा के चलते कॉपर के दाम ऊपर बने रह सकते हैं। इसमें वर्ल्ड बैंक के कमोडिटी प्राइस आउटलुक अक्टूबर 2025 के हवाले से कहा गया कि वित्त वर्ष 2027 में ग्लोबल कमोडिटी प्राइसेज करीब 7% घट सकती हैं, लेकिन जियोपॉलिटिक्स इस अनुमान पर असर डाल सकती है।

रुपये में नहीं दिख रही सही तस्वीर

सर्वे में कहा गया कि रुपये की हालत से भारत की दमदार अर्थव्यवस्था की सही तस्वीर सामने नहीं आ रही है और रुपया अपने असल दमखम से नीचे है। इसमें कहा गया कि 2025 में डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोर रही। वस्तुओं के निर्यात में भारत का व्यापार घाटा रहता है और सर्विसेज और विदेश से आने वाली रकम के मामले में जो ट्रेड सरप्लस है, उससे इसकी भरपाई नहीं हो पाती। इसका असर रुपये पर पड़ता है। इसमें यह भी कहा गया कि अभी जो हालात हैं, उनमें रुपये में कमजोरी से अर्थव्यवस्था को नुकसान नहीं है क्योंकि भारतीय निर्यात पर ऊंचे अमेरिकी टैरिफ का असर कुछ हद तक इससे कम हो रहा है और ऊंचे दाम पर ऑयल इंपोर्ट से अभी महंगाई बढ़ने का खतरा नहीं है। हालांकि यह भी कहा गया कि रुपये में कमजोरी से निवेशकों के मिजाज पर असर पड़ रहा है।

जंक फूड पर बंदिश

सर्वे में मोटापे की बढ़ती समस्या पर चिंता जताते हुए कहा गया कि बहुत ज्यादा फैट, नमक और चीनी वाले बर्गर, नूडल्स, पिज्जा, सॉफ्ट ड्रिंक जैसे अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स के विज्ञापन सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक न आ सकें, ऐसे उपाय पर विचार करना चाहिए। नवजात बच्चों को दिए जाने वाले मिल्क और मिल्क फूड पर बंदिशों की सलाह भी दी गई। इसमें कहा गया कि ज्यादा चीनी, फैट और नमक वाले खाद्य पदार्थों के पैक पर साफ शब्दों में बताया जाना चाहिए कि उनमें कितने पोषक पदार्थ हैं और ऐसी चीजों की मार्केटिंग बच्चों के बीच न हो, इसके कदम उठाए जाएं।

आर्टिफिशल इंटेलिजेंस

सर्वे में कहा गया कि देश में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस को तेजी से अपनाने के लिए 'AI इकनॉमिक काउंसिल' बनाई जानी चाहिए। यह काउंसिल यह रास्ता निकाल सकती है कि रोजगार और काम की गरिमा पर आंच आए बिना AI के जरिए उत्पादकता किस तरह बढ़ाई जा सकती है। इसे प्राइवेट कंपनियों के साथ मिलकर आने वाले दशक में AI के उपयोग का रोडमैप बनाना चाहिए और यह अहम जानकारी भी देनी चाहिए कि किस तरह की जॉब्स पर आंच आ सकती है, किन इलाकों में सबसे ज्यादा डिसप्लेसमेंट हो सकता है और AI के चलते कितनी जॉब्स ऑटोमेटेड हो सकती हैं। सर्वे में कहा गया कि कुछ AI एप्लिकेशंस से अवांछित नतीजे मिलने और नैतिक मसले खड़े होने का रिस्क है।

इसमें कहा गया कि भारत को AI से फायदा हो रहा है, लेकिन जिन देशों ने पहले AI को अपनाया, वे इससे जुड़ी चुनौतियों से भी जूझ रहे हैं, लिहाजा भारत को ऐसे AI सिस्टम्स डिजाइन करने चाहिए, जो संसाधनों का अच्छा उपयोग करें। आने वाले वर्षों में हम जो राह चुनेंगे, उससे तय होगा कि AI से मौजूदा कामकाज खाइयां बढ़ेंगी या यह उत्पादकता और काम की गरिमा बढ़ाने में सहायक होगा।

आम लोगों की जिंदगी
- सब्सिडी, पेंशन और DBT से गरीब तबका अभावों से बाहर निकल रहा है।
- देश के सबसे गरीब 5-10% लोगों के मासिक खर्च में सबसे ज्यादा इजाफा।
- अमीर और गरीब के बीच खर्च करने के अंतर में गिरावट।
- गांवों में तरक्की के लिए स्थानीय रोजगार, हुनर पर जोर।
- लगातार फीडबैक लेने, तकनीक के इस्तेमाल का सुझाव।

भारत बना रहेगा ताकत
- **स्वदेशी रणनीति:** विदेशी पाबंदियों से बचने को 'स्वदेशी' को हथियार बनाने पर जोर।
- **सोशल रिफॉर्म:** बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर उम्र की पाबंदी और जंक फूड विज्ञापनों पर बैन की सिफारिश।
- **इनकम टैक्स:** 1 अप्रैल से नया कानून लागू होगा, टैक्सपेयर्स के लिए आसानी बढ़ेगी।
- **एआई (AI) का खतरा:** एआई सेक्टर में जरूरत से ज्यादा उम्मीदें वित्तीय संकट ला सकती हैं।
- **खेती का निर्यात:** अगले 4 साल में कृषि निर्यात $100 अरब तक ले जाने का लक्ष्य।

सोने-चांदी की चमक और बढ़ेगी
- **सुरक्षित निवेश:** अनिश्चितता के दौर में लोग और सेंट्रल बैंक सोने को सबसे भरोसेमंद मान रहे हैं।
- **भारत पर असर:** भारत के कुल आयात बिल का एक-तिहाई हिस्सा तेल और सोने पर खर्च हो रहा है।
- **विदेशी मुद्रा भंडार:** भारत के खजाने में सोने की वैल्यू 78.2 अरब डॉलर से बढ़कर 117.5 अरब डॉलर हुई।
- **अन्य धातुएं:** तांबा और एल्युमिनियम में मामूली बढ़त, जबकि कच्चे तेल में गिरावट के आसार।
- **सोना आयात में बढ़त:** 27.4% (सालाना आधार पर)।

आर्थिक सर्वे 2025-26 की मुख्य बातें

जीडीपी ग्रोथ (FY27)	6.8% से 7.2% (अनुमानित)
जीडीपी ग्रोथ (FY26)	7.4% (अनुमानित)
राजकोषीय घाटा लक्ष्य	FY26 के लिए 4.4%
मीडियम टर्म ग्रोथ पोटेंशियल	7%
महंगाई का लक्ष्य	4%

महंगाई नरम रहने के आसार

सर्वे में कहा गया कि चीजों की सप्लाई की अनुकूल स्थितियों, GST रेट में कमी, अच्छी उपज, कमोडिटीज की वैश्विक कीमतों में स्थिरता और नीतियों के स्तर पर सतर्कता के चलते महंगाई नरम रहने के आसार हैं। हालांकि करंसी में उतार-चढ़ाव के चलते बेस मेटल्स के भाव बढ़ रहे हैं और वैश्विक अनिश्चितता भी बनी हुई है, लिहाजा वक्त के मुताबिक नीतिगत कदम उठाने होंगे। इस वित्त वर्ष के मुकाबले अगले वित्त वर्ष में महंगाई कुछ ज्यादा हो सकती है, लेकिन यह 4% के टारगेट रेंज में रहेगी।

'भारत-EU के FTA से सहयोग का नया दौर शुरू'

■ NBT रिपोर्ट, नईदिल्ली : भारत और यूरोपियन यूनियन के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) को आर्थिक और भू-राजनैतिक रूप से ऐतिहासिक बताते हुए वैश्विक कंपनियों, विशेषज्ञों और नेताओं ने इसकी प्रशंसा की है और इसे सही वक्त पर की गई सही डील बताया है।

जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिख मर्ज ने FTA पर बातचीत पूरी होने को 'बहुत सकारात्मक संकेत' बताते हुए कहा कि इसे जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए, जिससे आर्थिक वृद्धि और समृद्धि बढ़ेगी। वहीं, फिनलैंड के प्रेसिडेंट एलेक्जेंडर स्टब ने कहा कि इससे आर्थिक और राजनैतिक संबंध मजबूत होंगे। स्वीडन के पीएम उल्फ क्रिस्टरसन ने कहा कि इससे सहयोग का नया युग शुरू हुआ है। इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स के डीजी जान नोएटर और भारत में फेडरेशन ऑफ यूरोपियन बिजनेस के प्रेसिडेंट जॉन वेस्टरमियर ने कहा कि इससे दोनों पक्षों के बिजनेस के लिए अवसर बढ़ेंगे।

वैश्विक नेताओं और विशेषज्ञों ने ट्रेड डील को ऐतिहासिक बताया

बर्लिन चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रेसिडेंट सेबेस्टियन स्टीजेल ने कहा कि दुनिया में तनाव बढ़ने के बीच यह एक अहम कदम है और जर्मनी को भारत में अवसरों का लाभ लेना चाहिए। वहीं, क्रोएशिन एंप्लॉयर्स असोसिएशन और बिजनेसयूरोप ने भी इस FTA की प्रशंसा की है। चैंबर्स आयरलैंड ने इसे ऐतिहासिक समझौता करार देते हुए कहा कि इससे आयरिश एक्सपोर्टर्स को बड़ा बाजार मिलेगा।

सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनैशनल स्टडीज के सीनियर एडवाइजर रिचर्ड रोसोव ने कहा कि इस करार ने दुनिया की एक चौथाई आबादी को एकजुट कर दिया है, वहीं अटलांटिक काउंसिल के सीनियर फेलो माइकल कुगलमैन ने कहा कि यह सही वक्त पर की गई सही डील है।

डॉलर के मुकाबले 92 पर पहुंचा रुपया, 91.99 पर बंद

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: विदेशी फंडों की बिकवाली के दबाव और वैश्विक बाजारों में जोखिम के डर से रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.99 के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। फॉरेक्स ट्रेडर्स के मुताबिक, दुनिया भर में जारी तनाव और विदेशी निवेशकों द्वारा पैसा निकालने की वजह से रुपये ने दिन के दौरान 92 का निचला स्तर छू लिया। इसके अलावा, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने भी रुपये पर बोझ बढ़ाया। आरबीआई रेफरेंस रेट के मुताबिक रुपया का भाव 91.96 रहा।

इंटरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 91.95 पर खुला और शुरुआत में 91.82 के ऊंचे स्तर तक गया। लेकिन बाद में अपनी बढ़त गंवा दी और डॉलर के मुकाबले 92 के निचले स्तर पर पहुंच गया। अंत में यह रुपया 91.99 के स्तर पर स्थिर हुआ। बुधवार को भी रुपया 31 पैसे गिरकर 91.99 पर बंद हुआ था, जो तब का सबसे निचला स्तर था। इससे पहले 23 जनवरी को भी रुपया दिन के कारोबार में 92 के स्तर तक गिर गया था।

सोने की मांग में गिरावट: WGC

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : कीमतों के रेकॉर्ड स्तर पर पहुंचने और उपभोक्ताओं के खरीद व्यवहार में बदलाव के कारण वर्ष 2025 में भारत की सोने की मांग में 11% की गिरावट दर्ज की गई। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (WGC) की गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सोने की कुल मांग 2025 में गिरकर 710.9 टन रह गई, जो 2024 में 802.8 टन थी।

मेरे परिवार ने मेरा संघर्ष देखा है और मेरी सफलता भी। उनकी ख्वाहिश थी कि मुझे सम्मान मिलते भी देखे। पद्मश्री के लिए चुने जाने पर अब मेरा पूरा सफर फ्लैशबैक में घूम रहा है। -सविता पूनिया, गोलकीपर, भारतीय विमिंस हॉकी टीम

362.5

स्ट्राइक रेट था युवराज सिंह का इंग्लैंड के खिलाफ साल 2007 में डरबन में खेले गए टी20 इंटरनैशनल मैच में। यह ICC के पूर्ण सदस्य देशों के टी20I मैच में इनिंग्स में 50+ रन बनाने वाले बैटर्स में बेस्ट स्ट्राइक रेट का रेकॉर्ड है

कयास खत्म...पाकिस्तान टीम कोलंबो की उड़ान भरने की तैयारी में!

■ **एजेंसियां, लाहौर:** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने अपनी टी20 वर्ल्ड कप टीम के 2 फरवरी की सुबह कोलंबो रवाना होने का कार्यक्रम तय कर दिया है। इससे इस टूर्नामेंट या 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले अहम मुकाबले के बॉयकॉट की किसी भी संभावना पर लगभग विराम लग गया है। बोर्ड से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी।

टी20 वर्ल्ड कप 2026

सूत्र ने कहा, 'पीसीबी ने वर्ल्ड कप टीम के 2 फरवरी की सुबह कोलंबो रवाना होने के लिए पहले ही यात्रा की सभी तैयारियां कर ली हैं।' सूत्र ने बताया कि पीसीबी ने भारत में खेलने को लेकर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की सुरक्षा चिंताओं पर पूरा समर्थन जताया है, लेकिन इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) में अपनी स्थिति को नुकसान पहुंचाए बिना वह इससे आगे कुछ नहीं कर सकता। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI), PCB और ICC के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता भी है, जिसके तहत 2027 तक ICC टूर्नामेंटों में भारत-पाकिस्तान के सभी मुकाबले न्यूट्रल वेन्यू पर खेले जाएंगे।

कोई आधार नहीं बनता: सूत्र ने कहा, 'इसमें ध्यान रखने वाली बात यह है कि पाकिस्तान का पूरा वर्ल्ड कप कार्यक्रम श्रीलंका में है, यहां तक कि अगर टीम फाइनल में पहुंचती है तो फाइनल भी वहीं खेला जाएगा। ऐसे में वे टूर्नामेंट या भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार किस आधार पर करेंगे?' उम्मीद है कि PCB शुक्रवार को अपनी भागीदारी की औपचारिक पुष्टि कर देगा। मीडिया के कुछ हिस्सों में अटकलें लगाई जा रही थीं कि पाकिस्तान टूर्नामेंट से हट सकता है या भारत के खिलाफ खेलने से इनकार कर सकता है। एक अंदरूनी सूत्र ने हालांकि इन खबरों को महज अफवाह बताया। सूत्र ने कहा, 'जब पाकिस्तान बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पीएम शहबाज शरीफ से मुलाकात की, तो उन्होंने साफ किया कि सभी फैसले पाकिस्तान क्रिकेट के मजबूत भविष्य को ध्यान में रखकर लिए जाएंगे और ICC व अन्य सदस्य बोर्डों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखे जाएंगे।'

उन्होंने कहा कि इन अटकलों में कोई तर्क नहीं है और यह भी नहीं बताया गया कि PCB किस आधार पर वर्ल्ड कप छोड़ सकता है या भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार कर सकता है। सूत्र ने कहा, 'भारत सरकार ने अपनी टीम को पाकिस्तान में खेलने की अनुमति नहीं दी है, लेकिन एशिया कप स्तर के टूर्नामेंटों या ICC आयोजनों में तटस्थ स्थल पर भारत-पाकिस्तान मैच खेलने पर कोई रोक नहीं है। जब पाकिस्तान सरकार खुद कहती रही है कि खेल को राजनीति से अलग रखना चाहिए, तो फिर भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार कैसे जायज ठहराया जाएगा?'

AI Image

SSC भी हुआ तैयार

कोलंबो: टी20 वर्ल्ड कप से पहले सिंहली स्पोर्ट्स क्लब (SSC) का बड़े पैमाने पर नवीनीकरण किया गया है और इस स्टेडियम में फ्लडलाइट्स लगाई गई हैं। यह स्टेडियम श्रीलंका का पांचवा ऐसा इंटरनैशनल क्रिकेट स्टेडियम बन गया है जिसमें अब डे/नाइट मैच आयोजित किए जा सकते हैं। इस मैदान पर 7 फरवरी को पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच टी20 वर्ल्ड कप का पहला मैच खेला जाएगा। SSC इस तरह से कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम, कैंडी के पल्लेकेले स्टेडियम, दाम्बुला के रंगिरि स्टेडियम और हंबनटोटा के महिंदा राजपक्षे स्टेडियम की लिस्ट में शामिल हो गया है जहां अब इंटरनैशनल डे/नाइट मैचों का आयोजन किया जा सकता है।

बॉयकॉट की राह है बेहद मुश्किल

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

पाकिस्तान के लिए बांग्लादेश के सपोर्ट में वर्ल्ड कप का बहिष्कार करना कतई आसान नहीं है। अगर वह वाकई ऐसा करता है तो ग्लोबल लेवल पर पाक क्रिकेट का कद काफी कम हो सकता है। पाक पर ICC द्वारा बैन लगाने और निलंबन का खतरा है। पाकिस्तान बोर्ड की कमाई पर काफी असर पड़ेगा और पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) से विदेशी खिलाड़ी हट भी सकते हैं। वर्ल्ड कप का बहिष्कार करने से पाकिस्तान बोर्ड को करीब 317 करोड़ भारतीय रुपये का झटका लग सकता है।

MEGA स्पोर्ट्स QUIZ

आज के सवालों पर पांच लकी विजेताओं की छपेंगी तस्वीरें

1. यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना की उम्र कितनी है?
A) 30 B) 25 C) 31 D) 33

2. ऑस्ट्रेलिया विमिंस क्रिकेट टीम की ऑल फॉर्मेट कप्तान किसे बनाया गया है?
A) एश्ले गार्डनर B) सोफी मोलिनो C) किम गार्थ D) एलिस पेरी

3. जेसन गिलेस्पी पाकिस्तान सुपर लीग में किस टीम के हेड कोच होंगे?
A) किंग्समेन हैदराबाद B) इस्लामाबाद यूनाइटेड C) कराची किंग्स D) लाहौर कलंदर्स

कल के जवाब
1. A) 7 2. A) इटली

लकी विनर्स

1. देव, गुरुग्राम, हरियाणा
2. कुणाल, आर्य पुरा, दिल्ली
3. गुलाल काला, गाजियाबाद, यूपी

आप अपने जवाब हमें
9319282367
पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। इस Mega स्पोर्ट्स Quiz के 'पांच लकी विनर्स' के नाम, पता और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे।

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

फटाफट खबरें

PSL से जुड़ेंगे गिलेस्पी

■ **कराची:** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी पाकिस्तान की राष्ट्रीय पुरुष टीम के हेड कोच का पद छोड़ने के एक साल से भी अधिक समय के बाद पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) की नई फ्रेंचाइजी 'किंग्समेन हैदराबाद' के हेड कोच के रूप में पाकिस्तान क्रिकेट में वापसी करेंगे।

दिव्या करेंगी डेब्यू

■ **स्टावेंजर:** भारतीय ग्रैंडमास्टर और विमिंस वर्ल्ड कप विजेता दिव्या देशमुख इस साल नॉर्वे चेस विमिंस टूर्नामेंट में अपना पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। इससे दिव्या 2024 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट में महिलाओं की प्रतियोगिता में चुनौती पेश करने वाली वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी होंगी। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन 25 मई से 5 जून तक ओस्लो में होगा।

सेंथिल का उम्दा आगाज

■ **नई दिल्ली:** मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन वेलवन सेंथिलकुमार और वीर चोटरानी ने वॉशिंगटन में चल रही स्क्वॉश ऑन फायर ओपन की पीएसए कांस्य स्तर की प्रतियोगिता में शानदार शुरुआत करते हुए अगले दौर में प्रवेश किया।

अब 'स्मार्ट' क्रिकेटर बन गया हूं मैं: दुबे

भारत Vs न्यूजीलैंड
टी20 इंटरनैशनल सीरीज

■ **एजेंसियां, विशाखापत्तनम:** भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने विशाखापत्तनम की सुहावनी रात में न्यूजीलैंड के खिलाफ 23 गेंदों में 65 रन की तूफानी पारी खेलकर तेज गेंदबाजों के खिलाफ अधिक सहज होकर खेलने का शानदार नमूना पेश किया। इसका श्रेय अपनी बेहतर 'मानसिकता' को दिया, जिसने उन्हें 'अधिक समझदार' क्रिकेटर बनाया। इसमें कोई संदेह नहीं कि लेग-स्पिनर ईश सोढ़ी के एक ओवर में बनाए गए 29 रन के कारण दुबे को अधिक सुर्खियां मिलेंगी, लेकिन पेसर्स जैकब डफी और मैट हेनरी के खिलाफ लगाए गए उनके तीन सिक्स भी उतने ही महत्वपूर्ण थे। यह एक स्पष्ट संकेत था कि अब वह केवल स्पिनर्स को ही निशाना नहीं बनाते हैं बल्कि तेज गेंदबाजों पर भी बड़े शॉट्स खेल सकते हैं। उन्होंने कहा कि टॉप लेवल पर लगातार खेलने से उन्हें इसमें मदद मिली। दुबे ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के चौथे टी20 मैच के बाद कहा, 'यह सब मेरी कड़ी मेहनत का नतीजा है। लगातार मैच खेलने और ऐसी परिस्थितियों में बैटिंग करने से मेरी मानसिकता बेहतर हो रही है। इसलिए मैं यहां समझने लग गया हूं कि आगे क्या होगा और बोलर क्या सोच कर मेरे लिए बोलिंग करेगा।'

नियमित मौका मिलने का फायदा: दुबे ने इस सीरीज में नियमित तौर पर बोलिंग भी की है, लेकिन चौथे टी20I में उन्हें गेंद नहीं सौंपी गई क्योंकि भारत पांच प्रमुख बोलर्स के साथ उतरा था और यहां तक कि ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को भी बोलिंग का मौका नहीं मिला। दुबे ने कहा, 'यही मेरे बैटिंग और बोलिंग दोनों के लिए अहम बात है। मैं गौती भाई (गौतम गंभीर) और सूर्या भाई (सूर्यकुमार यादव) की बदौलत बोलिंग कर पा रहा हूं। उन्होंने मुझे बोलिंग का मौका दिया है। इसलिए, जब आप बोलिंग करते हैं, तो आप थोड़े स्मार्ट (समझदार) हो जाते हैं। मैं इस पर भी काम कर रहा हूं और कुछ और कौशल विकसित करने की कोशिश कर रहा हूं।'

दुबे ने स्वीकार किया कि नियमित रूप से खेलने का मौका मिलने से पिछले कुछ महीनों में वह एक क्रिकेटर के रूप में काफी समझदार हो गए हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे पता है कि स्पिनर्स को अच्छी तरह से खेलना मेरा मजबूत पक्ष है और उस समय मैं विपक्षी टीम पर दबाव डाल सकता हूं। इसलिए तब मेरी मानसिकता बिल्कुल स्पष्ट होती है।'

व्हाइट बॉल सीजन

149.20 बैटिंग स्ट्राइक रेट है शिवम दुबे का 54 टी20 इंटरनैशनल मैचों के करियर में

244.44 स्ट्राइक रेट से 110 रन बनाए हैं शिवम दुबे ने मौजूदा सीरीज की तीन इनिंग्स में

मैंने वास्तव में कड़ी मेहनत की है। मुझे बोलिंग, बैटिंग और सब कुछ करने का मौका मिला है। इसलिए, अनुभव नाम की भी कोई चीज होती है और वह मुझे मिल गया है।
-शिवम दुबे

हम खुद को चुनौती देना चाहते थे: सूर्यकुमार

न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे मैच में 50 रन से हार का सामना करने के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि टीम छह बैटर्स के साथ खुद को चुनौती देना चाहती थी। सूर्या ने बताया, 'हमने जानबूझकर छह बैटर्स के साथ उतरने का फैसला किया। हमारा लक्ष्य पांच बोलर्स को रखते हुए खुद को चुनौती देना था।' उन्होंने कहा कि टीम टी20 वर्ल्ड कप के मद्देनजर अधिक खिलाड़ियों को मौका देना चाहती है। सूर्या के मुताबिक, 'हम उन प्लेयर्स को मौका देना चाहते थे जो वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा हैं। हम पहले बैटिंग करते हुए अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन हम यह देखना चाहते थे कि 180-200 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दो-तीन विकेट गिरने के बाद हमारी बैटिंग कैसी रहती है।'

हीली के बाद कमान होगी मोलिनी के पास

■ **एजेंसियां, सिडनी:** स्पिन बोलिंग ऑलराउंडर सोफी मोलिनी को गुरुवार को अगले महीने भारत के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की विमिंस टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। वह इस घरेलू सीरीज के बाद वह एलिसा हीली की जगह सभी फॉर्मेट्स में कप्तानी संभालेंगी। हीली इंटरनैशनल क्रिकेट से संन्यास लेंगी। भारत के खिलाफ वह तीन वनडे और एक टेस्ट में ऑस्ट्रेलियन टीम की कप्तानी करेंगी। भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की सभी फॉर्मेट्स के लिए टीमों की घोषणा गुरुवार को की गई।

सोफी मोलिनी

दिल्ली के लिए अकेले लड़े सांगवान

■ **एजेंसियां, मुंबई:** सनत सांगवान के शानदार शतक के बावजूद दिल्ली की टीम मुंबई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप-डी मुकाबले के पहले दिन गुरुवार को यहां अपनी पहली पारी में 221 रन पर सिमट गई। मुंबई के लिए मोहित अवस्थी ने 62 रन पर पांच विकेट चटकाकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। मुंबई ने दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 13 रन बना लिए थे।

रणजी का रण

सांगवान ने 118 रन की पारी के साथ एक छोर संभाले रखा, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से किसी बैटर का अच्छा साथ नहीं मिला। उन्होंने मौजूदा सीजन की अपनी तीसरी शतकीय पारी के दौरान 218 गेंद में 11 फोर और दो सिक्स जड़े। इस 25 साल के बैटर ने वैभव कांडपाल (32) के साथ दूसरे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की जिससे दिन की शुरुआत में दिल्ली की टीम मजबूत स्थिति में थी, लेकिन उसने आखिरी नौ विकेट 110 रन पर गंवा दिए।

दिल्ली के सनत सांगवान

शतक से चूके जुरेल: नागपुर में भारतीय क्रिकेटर ध्रुव जुरेल शतक से चार रन से चूक गए और उनकी टीम यूपी विदर्भ के खिलाफ ग्रुप-ए के आखिरी लीग मैच में 237 रन पर आउट हो गई। विदर्भ के लिए बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे ने छह विकेट चटकाए। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर विदर्भ ने बिना किसी नुकसान के 33 रन बना लिए थे। पहले बल्लेबाजी चुनने वाली यूपी के छह विकेट एक समय 109 रन पर गिर गए थे। इसके बाद जुरेल और शिवम मावी (47) ने सातवें विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी की। जुरेल ने अपनी पारी में 11 चौके लगाए।

गुजरात के पास प्लेऑफ में पहुंचने का होगा मौका

■ **एजेंसियां, वडोदरा:** विमिंस प्रीमियर लीग में शुक्रवार को गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाला मुकाबला प्लेऑफ की तस्वीर साफ करने वाला साबित हो सकता है। मौजूदा चैंपियन मुंबई और दूसरी बार अंतिम चार में जगह पक्की करने की कोशिश में जुटी गुजरात के लिए जीत बेहद अहम है। गुजरात आठ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि मुंबई इंडियंस के छह अंक हैं। एश्ले गार्डनर की अगुआई वाली गुजरात जीत दर्ज कर सीधे प्लेऑफ में पहुंच सकती है। हालांकि, हार की स्थिति में उसे अन्य मैचों के परिणामों पर निर्भर रहना पड़ेगा। दूसरी ओर हरमनप्रीत कौर की मुंबई इंडियंस अपने सकारात्मक नेट रन रेट और हालिया जीत की लय के दम पर बढ़त बनाना चाहेगी। गुजरात ने पिछले मैच में दिल्ली को हराया था, जबकि मुंबई ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को शिकस्त दी। नैट सिवर-ब्रंट और हेली मैथ्यूज एक बार फिर टीम की उम्मीदों का केंद्र होंगी।

गुजरात जायंट्स Vs मुंबई इंडियंस
विमिंस प्रीमियर लीग 2026



ऑरेंज कैप के साथ नैट सिवर-ब्रंट

टेलिकास्ट: मैच शाम 7:30 बजे से जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स पर

319 रन के साथ नैट सिवर-ब्रंट मौजूदा WPL सीजन में सर्वाधिक रन बनाने वाली प्लेयर हैं

खिताब के लिए भिड़ेंगी सबालेंका-रिबाकिना

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** वर्ल्ड नंबर-1 आरिना सबालेंका ने लगातार चौथी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में जगह बना ली है। सबालेंका ने सेमीफाइनल में एलिना स्वितोलिना को 6-2, 6-3 से शिकस्त दी। अब वह चार वर्षों में अपने तीसरे ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब से महज एक जीत दूर हैं। खिताबी मुकाबले में उनका सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना से होगा, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जेसिका पेगुला को 6-3, 7-6 से हराकर साल 2023 के फाइनल की यादें ताजा कर दी हैं।

पेगुला ने दी कड़ी चुनौती: साल 2022 की विंबलडन चैंपियन रिबाकिना को कड़ी चुनौती मिली। मैच पॉइंट पर पहुंचने के बाद वह लड़खड़ाईं और पेगुला की सर्विस पर तीन मैच पॉइंट्स गंवा दिए। पेगुला ने शानदार वापसी करते हुए टाईब्रेकर में दो सेट पॉइंट्स हासिल किए, लेकिन रिबाकिना ने धैर्य बनाए रखा और आखिरकार जीत दर्ज की। उधर, सबालेंका से हार के बावजूद स्वितोलिना के लिए यह टूर्नामेंट यादगार रहा। साल 2022 में मैटरनिटी ब्रेक लेने के बाद वह पहली बार टॉप-10 रैंकिंग में वापसी करेंगी।

4 लगातार ऑस्ट्रेलियन ओपन विमिंस सिंगल्स फाइनल में पहुंचने वाली सबालेंका ओपन एरा में इवोन गूलागोंग और मार्टिना हिंगिस के बाद तीसरी खिलाड़ी बन गई हैं।



आरिना सबालेंका

'हिंड्रेंस' पर पॉइंट गंवाया!

सबालेंका ने मैच में 29 विनर्स लगाए और स्वितोलिना को टिकने का कोई मौका नहीं दिया। मैच के दौरान एक अजीब वाकया तब हुआ जब अंपायर लुईसा एजेमार एंजेल ने सबालेंका पर 'हिंड्रेंस' (बाधा पहुंचाने) का आरोप लगाते हुए पॉइंट काट लिया। अंपायर का मानना था कि शॉट मारने के बाद सबालेंका की आवाज (ग्रंट) सामान्य से अधिक लंबी थी, जिससे विपक्षी खिलाड़ी का ध्यान भटका। सबालेंका ने कहा, 'मेरे साथ ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। मैं अंपायर के फैसले से खुश नहीं थी, लेकिन इसने मुझे और आक्रामक होने के लिए प्रेरित किया। अगर अंपायर आगे भी ऐसा करना चाहती हैं, तो शौक से करें, इससे मुझे मैच जीतने में मदद ही मिलेगी।'

कैंप में मनप्रीत शामिल नहीं

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** दिग्गज मनप्रीत सिंह का नाम आगामी एफआईएच प्रो-लीग सीजन से पहले सीनियर नैशनल मेंस हॉकी कैंप के लिए चुने गए 33 संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल नहीं है। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को संभावित खिलाड़ियों की सूची घोषित की। प्रो-लीग का सीजन अगले महीने राउरकेला में शुरू होगा। ओलिंपिक्स में दो ब्रॉन्ज मेडल विजेता टीमों के सदस्य और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान 33 वर्षीय मनप्रीत 15 वर्षों में पहली बार कैंप के लिए संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट में जगह नहीं बना पाए हैं। राउरकेला में 10 से 15 फरवरी तक होने वाले एफआईएच प्रो-लीग मैचों से पहले 1 से 7 फरवरी तक यह कैंप आयोजित किया जाएगा। गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक भी संभावितों में शामिल नहीं हैं। प्रिंसदीप सिंह की पिछले जूनियर एशिया कप में उम्दा प्रदर्शन के कारण सीनियर टीम में एंट्री हुई है।

सीनियर नैशनल मेंस हॉकी कैंप

पूर्व हॉकी कप्तान मनप्रीत सिंह

गुकेश जीत की राह पर लौटे, एरिगैसी ने फिर गंवाई बाजी

■ **एजेंसियां, विक आन जी (नीदरलैंड्स):** टाटा स्टील मास्टर्स चेस टूर्नामेंट में भारत के टॉप रैंकिंग वाले खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी को जर्मनी के विन्सेंट कीमर के खिलाफ एक और शिकस्त झेलनी पड़ी। अहम मौकों पर चूके एरिगैसी की यह लगातार दूसरी निराशाजनक हार रही और वह अंक तालिका में नीचे खिसक गए। इसके विपरीत वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश ने युवा तुर्क खिलाड़ी यागिज कान एर्डोगमस को काले मोहरों से हराकर जोरदार वापसी की। इस जीत के साथ गुकेश के 10 में से पांच अंक हो गए और उन्होंने मध्य तालिका में खुद को मजबूती दी।

टाटा स्टील मास्टर्स चेस टूर्नामेंट

ग्रैंडमास्टर डी गुकेश

एम्बापे के दो गोल के बावजूद टीम हारकर नौवें पर फिसली

■ **एपी, लंदन:** स्टार स्ट्राइकर किलियन एम्बापे के दो गोल के बावजूद रियाल मैड्रिड को चैंपियंस लीग फुटबॉल में बेनफिका से 4-2 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच से पहले रियाल मैड्रिड 36 टीमों की तालिका में तीसरे स्थान पर था, लेकिन अब वह नौवें स्थान पर खिसक गया। बेनफिका की तरफ से अनातोली ट्रूबिन ने इंजरी टाइम के आठवें मिनट में गोल किया। इससे बेनफिका 24वें स्थान पर पहुंच गया और उसने प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित कर ली। अनातोली ने जब गोल किया तब रियाल मैड्रिड नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रहा था।

चैंपियंस लीग फुटबॉल

किलियन एम्बापे

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र में विरोधी परेशानी उत्पन्न कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में निरंतर परिश्रम की आवश्यकता है। शाम के समय अतिथियों के आगमन से खर्च बढ़ेगा। आज आपके जन्म स्थान से तृतीय चंद्रमा और द्वादश शनि मंगल का योग बना हुआ है। इसलिए प्रयास करके सभी आवश्यक काम निपटा लें।

TAURUS 20 Apr - 19 May
आज राशि का स्वामी शुक्र-बुध के साथ नौवें भाव में कोई नई परेशानी उत्पन्न करेगा। कार्य की अधिकता के कारण स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए खान-पान पर विशेष नियंत्रण रखें। कला व साहित्य में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में किसी बड़े बुजुर्ग के सहयोग से व्यवसाय में प्रगति होगी।

GEMINI 21 May - 21 Jun
नौवें भाव में कुंभ राशि का राहु और द्वितीय कोण लग्न केंद्र भाव में बृहस्पति होने के कारण आज आपका शुभ सुबह से ही अच्छा रहेगा। सभी क्षेत्रों में बुद्धि और कौशल का प्रयोग करेंगे तो सफलता मिलेगी। राजनीतिक क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से जो असमंजस की स्थिति बनी हुई थी आज समाप्त हो जाएगी।

CANCER 22 Jun - 22 July
आज नौकरी, व्यवसाय व राजनीतिक क्षेत्र में प्रगति की स्थिति रहेगी। बड़े बुजुर्ग कार्यक्षेत्र में हरेक प्रकार की मदद करेंगे। खर्चों में कटौती करें नहीं तो कष्ट उठाना पड़ सकता है। कला-खेल और साहित्य के क्षेत्र में आ रही बाधा दूर होने की संभावना है। इससे जीवन में बदलाव के नए रास्ते खुलेंगे। शाम से रात तक पुत्र व पुत्री के लिए विवाह के रिश्ते आएंगे।

LEO 23 July - 22 Aug
दिन के पूर्वार्द्ध में पारिवारिक जीवन में कुछ खटपट रहेगी। साहस और धैर्य से काम लेना होगा, किसी भी काम में जल्दबाजी न करें। कार्यक्षेत्र में प्रगति की बहुत संभावनाएं हैं। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव रहेगा। लेनदारियां वापस आने का समय है। शाम के समय में दूर या पास की यात्रा का योग है।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
आज आपकी राशि का स्वामी बुध पांचवें भाव में संचार कर रहा है। राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में तनाव की स्थिति रहेगी। विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम की आवश्यकता है। परिवार में संपत्ति को लेकर भी कुछ तनाव उत्पन्न हो सकता है। शाम में व्यापार में लाभ के अवसर प्राप्त होने की संभावना है।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
मिथुन राशि का चंद्रमा नौवें भाग्य भाव केंद्र में आज पराक्रम व धन की वृद्धि करेगा। न्यायालयीय मामलों में विजय होगी। कार्यक्षेत्र में सफलता के नए शिखर पर पहुंचेंगे। अचल संपत्ति के व्यापार से लाभ होगा। संतान की सफलता के समाचार से आप आनंदित होंगे। शाम के समय किसी नए कार्य का आरंभ होगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
राशि का स्वामी मंगल अपनी उच्च राशि पर और चंद्रमा मिथुन राशि के आठवें भाव में संचार कर रहा है। एकादश पद में बुधादित्य-मंगलादित्य त्रिग्रहीय प्रभाव के अनुसार आज आपके प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी। व्यवसाय में अच्छे अवसर मिलेंगे। राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र में परिश्रम, साहस की आवश्यकता है।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
आज आपको संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार मिलेगा। नए-नए खर्च निकल कर सामने आएंगे। कोई झूठा आरोप भी आप पर लग सकता है। शाम के समय से लेकर रात तक यात्रा का योग है, उसमें सुरक्षा कर चौकन्ने रहें। भूलने पर नियंत्रण रखें। व्यवसाय में लाभ होने की संभावना है।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आपकी राशि का स्वामी शनि तीसरे भाव में और राशि से छठवें भाव मिथुन राशि का ही गुरु आज आपकी अच्छी व्यवस्था का कोई काम सौंपेगा। शिक्षा क्षेत्र में विशेष प्रगति होकर समाज में सम्मान मिलेगा। सिंह राशि वाला कोई व्यक्ति आपके सामने कोई प्रस्ताव रखे तो उसे अस्वीकार कर दें।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
चंद्रमा पांचवें भाव में मिथुन राशि पर संचार कर रहा है। लेन-देन के मामलों में सावधानी बरतें। व्यय की अधिकता के कारण आज आपको किसी से कर्ज भी लेना पड़ सकता है। पारिवारिक कार्यों में दौड़ धूप रहेगी। आप अपनी कार्यकुशलता से औरों को प्रभावित करेंगे।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
राशि का स्वामी कर्क में व प्रथम लग्न प्रमुख केंद्र भाव में राहु राज्य विजय कारक है। आज आप अपने प्रतिद्वंद्वियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। परिवार में भी आपके प्रति प्रेम व आदर की भावना बढ़ेगी। देव, गुरु, ब्राह्मणों के प्रति भक्ति भावना में इष्टित कार्यों की सफलता में चल रहा व्यवधान समाप्त हो जाएगा। पत्नी के पक्ष से लाभ मिलेगा।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष का स्वामी बुध है। वर्ष का स्वर्ण के पाद से प्रवेश हो रहा है, इसलिए जनवरी की शुरुआत से फरवरी के समाप्त होने तक पुराने विवाद निपटाने में सफलता मिलेगी। मार्च और अप्रैल के महीने में अच्छे इंसानों के मिलने से मन में प्रसन्नता रहेगी। मई और जून के महीने में उच्चाधिकारियों की कृपा से नौकरी में उन्नति मिलेगी। जुलाई में संपत्ति संबंधी विवादों का समाधान निकल जाएगा। अगस्त में राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों का विरोध उग्ररूप धारण कर सकता है। अपने मन की गुप्त बात व प्रगति का रहस्य किसी को न बताएं। इससे बनते हुए कामों में रुकावट आ सकती है। सितंबर से अक्टूबर के महीने तक किसी मंगल कार्य की योजना बनेगी। नवंबर में सार्थक यात्रा और पर्यटन के योग हैं। प्रयास करें कि धार्मिक स्थलों का भ्रमण करें। इससे आपको सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी और नवीन कार्यों को करने की प्रेरणा भी मिलेगी। महिलाओं के लिए यह वर्ष उत्तम सुख का कारक सिद्ध होगा। विद्यार्थियों के लिए साधारण परिश्रम से ही उत्तम सफलता कारक है। पर निश्चिंत रहना ठीक नहीं है, अभ्यास निरंतर करते रहें। विशेष अच्छे परिणामों के लिए सितंबर में श्री आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ किसी विद्वान ब्राह्मण से कराएं और साधु को गुड़ मिश्री खिलाएं।
-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(शनिवार, 31 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 11, शक संवत 1947, माघ शुक्ल, त्रयोदशी, शनिवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 18, शाबान 11, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 31 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहु काल सुबह 9 बजे से 10 बजकर 30 मिनट तक। त्रयोदशी तिथि सुबह 8 बजकर 26 मिनट तक के बाद चतुर्दशी तिथि का आरंभ। पुनर्वसु नक्षत्र अर्धरात्रोत्तर 1 बजकर 34 मिनट तक के बाद पुष्य नक्षत्र का आरंभ। विष्कुंभ योग अपराह्न 1 बजकर 34 मिनट तक के बाद प्रीति योग का आरंभ। तैतिल करण सुबह 8 बजकर 26 मिनट तक के बाद विष्टि करण का आरंभ। चंद्रमा रात 8 बजकर 1 मिनट तक मिथुन के बाद कर्क राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार प्रदोष व्रत, तिल द्वादशी है।

सुडोकू

4			5		9			1
			7	4		2		
				2		3	5	
	2	4					3	5
5	3					8	2	
	4	9		6				
		8		7	2			
6			3		1			2

TELEVISION



big magic

09:00 अकबर बीरबल
10:00 चंद्रगुप्त मौर्य
11:00 राष्ट्र के रक्षक
11:30 अलादीन
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
13:30 भ से भाई
14:30 हम पांच
15:00 अजब देश की गजब कहानी
16:30 प्यार मोहब्बत हैरी लकी
18:30 राष्ट्र के रक्षक
21:00 चौरा

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRBP User: cci Time: 01-29-2026 22:27 Color:

NBT AI टाइम मशीन

जब महात्मा गांधी के विचार अमर हो गए

आज ही के दिन 1948 को गांधीजी की हत्या के बाद पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई थी। प्रधानमंत्री नेहरू ने रेडियो पर इसे 'जीवन से प्रकाश का जाना' बताया। इसके बाद नाथूराम गोडसे और उसके साथियों पर मुकदमा चला। 1949 में गोडसे को फांसी दी गई। बापू की याद में राजघाट स्मारक बना और उनकी पुण्यतिथि को 'शहीद दिवस' घोषित किया गया। आज भी गांधी अहिंसा और शांति की सशक्त आवाज हैं।

सत्य, अहिंसा से रास्ते होंगे मजबूत

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में गांधी किसी मूर्ति या किताब तक सीमित नहीं होंगे। वे सही-गलत को समझने की कसौटी बनेंगे। तकनीक और AI के दौर में सत्य, अहिंसा और ईमानदार तरीके की जरूरत और बढ़ेगी। गांधी के पुराने प्रतीक बदल जाएंगे, लेकिन विचार जीवित रहेंगे- डिजिटल सत्याग्रह, टिकाऊ जीवन और नैतिक असहमति के रूप में। जब भी ताकत इंसानियत से ऊपर जाएगी, गांधी फिर याद किए जाएंगे। मानवता को शांति की राह दिखाएंगे।



AI Images

'अजित दादा अमर रहें' के नारों से गूंजा परिसर, पत्नी ने गंगाजल चढ़ाया, दोनों बेटों ने मुखाग्नि दी

बारामती का 'बेटा' चला गया, उमड़ा जनसैलाब

NBT रिपोर्ट, बारामती

'अजित दादा अमर रहें' के नारों और आंसुओं के सैलाब के बीच गुरुवार को महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार को अंतिम विदाई दी गई। महाराष्ट्र में पुणे जिले के बारामती में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार हुआ। हजारों लोगों से खचाखच भरे बारामती के विद्या प्रतिष्ठान में दोनों बेटों पार्थ और जय पवार ने मुखाग्नि दी। पत्नी सुनेत्रा पवार ने पति के पार्थिव शरीर पर गंगाजल चढ़ाकर अंतिम विदाई दी। बारामती पवार परिवार का गृहनगर है। अजित पवार के अंतिम दर्शनों के लिए देर रात से ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। सुबह कई इलाकों में जाम भी लगा। मुखाग्नि के समय NCP (SP) प्रमुख शरद पवार मौन दिखे। सुनेत्रा जब दिवंगत पति को श्रद्धांजलि दे रही थीं तो सुप्रिया सुले उन्हें सांत्वना देती दिखीं।

बारामती में दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट दर्ज की गई

Swapnil Shinde

1. बारामती में 'दादा' अजित पवार को अंतिम विदाई देने जनसैलाब उमड़ा। 2. अजित के दोनों बेटों पार्थ और जय ने हाथ जोड़कर आभार जताया। 3. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अजित के चाचा शरद पवार को सांत्वना दी।

हादसे की जांच में आई तेज़ी, टीम ने लिए सैंपल

मंत्री नायडू ने कहा- पारदर्शी और समयबद्ध होगी जांच

Maneesh.Aggarwal@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** बारामती में बुधवार सुबह हुए महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के विमान हादसे की जांच के लिए डीजीसीए और एयरक्राफ्ट एक्सिडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB) ने टीमें बनाई हैं। दोनों टीमों ने बुधवार को ही क्रैश साइट का दौरा कर काफी सबूत (एविडेंस) जुटाए हैं। फरेंसिक टीम ने भी फ्यूल समेत लिए हैं। नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू ने कहा कि घटना की जांच पारदर्शी और समयबद्ध होगी। हालांकि, इसी VRS वेंचर्स कंपनी के मुंबई में 2023 में हुए एक अन्य क्रैश की जांच रिपोर्ट AAIB ने आज तक जारी नहीं की है। बारामती के हादसे में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार, उनके PSO विदिप जाधव, फ्लाइट अटेंडेंट पिंकी माली, पायलट-इन-कमांड सुमित कपूर और को-पायलट शांभवी पाठक की जान गई थी।

रनवे की मेंटिनेंस कब हुई?

इस मामले ने बारामती एयरपोर्ट के रनवे नंबर-11 की ऐसी तस्वीर पेश की है, जिसमें वह काफी खराब हालत में दिख रहा है। उस पर सफेद पट्टी (थ्रेश होल्ड मार्किंग) हल्की पड़ चुकी है। जगह-जगह बजरी निकली है। एविएशन एक्सपर्ट अमित सिंह का कहना है कि यह पता लगाना जरूरी है कि इस रनवे की अंतिम बार मेंटिनेंस कब की गई थी।

मनोदशा की जानकारी

विमान उड़ाने वाले दोनों पायलटों और मुंबई में उड़ान से पहले विमान को NOC देने वाले इंजिनियर का रेकॉर्ड भी खंगाला जाएगा। देखा जाएगा कि क्या VSR वेंचर्स अपने पायलटों को प्रॉपर रेस्ट और छुट्टियां दे रही थी या नहीं। वह किसी मानसिक तनाव में तो नहीं थे?

PTI

DGCA और AAIB की तीन-तीन अफसरों की दो टीमों ने प्लेन क्रैश की जगह से एविडेंस जुटाए हैं।

फ्यूल कार्ड, फ्लाइट प्लान, लॉग बुक देंगे जवाब

क्रैश प्लेन की कुंडली खंगाली जाए

Maneesh.Aggarwal@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** बारामती हादसे से पहले के ऐसे विडियो आए हैं, जिनमें विमान एक तरफ झुकता दिख रहा है। जानकारों का कहना है कि DGCA और मामले की जांच कर रहे AAIB को VSR वेंचर्स कंपनी के इस लियरजेट-45 विमान की कुंडली भी खंगालनी चाहिए, जिसमें यह हादसा हुआ। इस प्लेन के करंट फ्यूल कार्ड, एटीसी फ्लाइट प्लान और लॉगबुक से काफी चीजें पता चल सकती हैं। VSR वेंचर्स के मालिक वी.के. सिंह ने अपने इस विमान की अच्छी मेंटिनेंस का दावा किया था। जानकारों का कहना है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि यह विमान तय घंटों से बहुत अधिक उड़ान भर चुका हो। उड़ान के घंटों में हेरफेर करते हुए कहीं इस प्लेन की सर्विस ही ना कराई गई हो। जो इस हादसे का अहम कारण बना हो। विमान के हवा में पलटने पर जानकारों का कहना है कि लगता है कि विमान में लैंडिंग से पहले कोई तकनीकी खराबी आ गई या उसका इंजन फेल हुआ या फिर कुछ और ही मसला था।

मार्च में बजनी थी शहनाई, सभी को रोता छोड़कर चली गईं शांभवी

■ मेघना धूलिया/देवांशी मेहता

नई दिल्ली: घर में शादी की बातें चल रही थीं। मार्च में शहनाई की जगह तय हो रही थी, लेकिन बारामती के क्रैश ने खुशहाल भविष्य के सपनों को पलभर में खाक कर दिया। हादसे में एनसीपी नेता अजित पवार के साथ जान गंवाने वालों में 25 साल की को-पायलट शांभवी पाठक भी थीं। जिसे माता-पिता हंसी-खुशी विदा करने की तैयारी कर रहे थे, उसी बेटी की गुरुवार को अर्थी उठानी पड़ी।

दिल्ली के सफदरजंग एनक्लेव में ए-1 ब्लॉक स्थित हाउस नंबर 313 में गृह प्रवेश होना था। नए घर में सामान पूरी तरह खुला भी नहीं था। अब वहां हर दीवार पर मातम पसरा है।

शांभवी के पिता वायुसेना में पायलट थे। छोटा भाई नेवी में है। मां एयरफोर्स बाल भारती स्कूल में टीचर हैं। इसी स्कूल से शांभवी ने भी 5वीं पास की थी। स्कूल में आज भी शांभवी को ऐसी शख्सियत के रूप में याद किया जाता है, जो आत्मविश्वास और गर्मजोशी से भरी, लीडरशिप से भरपूर शांभवी के रूप में याद करते हैं।

शांभवी की लीडरशिप क्वॉलिटी याद करती हैं टीचर

PTI

दिल्ली में सफदरजंग एनक्लेव की शांभवी का गुरुवार को अंतिम संस्कार हुआ। मां (बीच में) समेत परिजनों ने कहा- हमारी दुनिया उजड़ गई।

पिंकी और सुदिप को भी अंतिम विदाई

फ्लाइट अटेंडेंट पिंकी माली को मुंबई के शिवाजी पार्क श्मशान में अंतिम विदाई दी गई। पिंकी (29) की तीन साल पहले शादी हुई थी और वह चार महीनों से पति के साथ इसी इलाके में रह रही थीं। हादसे में जान गंवाने वाले PSO विदिप जाधव के पार्थिव शरीर को उनके तरणगांव में गुरुवार तड़के मासूम बेटे ने मुखाग्नि दी। जाधव पिछले चार साल से पवार के साथ काम कर रहे थे।

दोस्त बोले, हमेशा मदद को तैयार थे सुमित

■ **नवीन निश्चल, नई दिल्ली:** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के विमान की कमान संभालने वाले कैप्टन सुमित कपूर को बड़ी तादाद में लोगों ने अंतिम विदाई दी। वह वेस्ट दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके के एम ब्लॉक के रहने वाले थे। सुमित के पड़ोसी अरविंद कुमार ने बताया कि सुमित बहुत अच्छे पायलट तो थे ही, बहुत अच्छे इंसान भी थे। जब भी RWA की मीटिंग होती थी, तो जरूर आते थे। जरूरी सुझाव देने में आगे रहते थे। सुमित के मित्र नरेश ने बताया कि वह जिंदादिल थे और हमेशा मदद को तैयार रहते थे।

राजौरी गार्डन के इसी घर में रहती है फैमिली। गुरुवार को हुआ अंतिम संस्कार।

SPEED News

चुनाव निष्पक्ष नहीं तो अस्थिरता: हसीना

बांग्लादेश की अपदस्थ पीएम ने अपनी अवामी लीग को चुनाव से बाहर करने पर यह बात कही। BNP-जमात में झड़प में 1 मौत, 65 घायल हुए।

Agency



ब्रिटिश नागरिकों को चीन में वीज़ा फ्री एंट्री

30 दिन तक बिना वीजा के चीन यात्रा कर सकेंगे। ब्रिटिश PM स्टार्मर की चीन के राष्ट्रपति से मुलाकात के बीच यह ऐलान हुआ है।

'ईरान पर हमला तो इस्राइल होगा निशाना'

ईरान के सुप्रीम लीडर के शीर्ष सलाहकार ने धमकी दी कि अगर हम पर हमला हुआ तो हम इस्राइल को निशाना बनाएंगे।

वेनेज़ुएला के लोगों को अमेरिकी कोर्ट से राहत

फेडरल कोर्ट ने कहा कि US में वेनेजुएला के लोगों के रहने-काम करने के कानूनी उपाय खत्म करना अवैध था।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. बारामती में क्रैश विमान को कौन कंपनी ऑपरेट कर रही थी?
A. पवनहंस B. वीआरएस वेंचर्स C. डेक्कन एयर
2. इकनॉमिक सर्वे में वित्त वर्ष 2026-26 में भारत की ग्रोथ कितनी रहने का अनुमान है?
A. 7.4% B. 6.8% C. 6.5%
3. साल 2025 में भारत में सोने की मांग घटी है या बढ़ी है?
A. बढ़ी B. घटी C. कह नहीं सकते
4. बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी दिल्ली में कहां पर होती है?
A. मधुबन चौक B. इंडिया चौक C. विजय चौक
5. अमेरिका के वित्त मंत्री कौन हैं, जिन्होंने भारत-EU एफटीए का विरोध किया है??
A. मार्को रुबियो B. स्कॉट बेसेंट C. केविन लेविट

कल के जवाब

A1 A. मसूद पेजेशकियन A2 B. स्वीडन A3 B. टिम कुक A4 C. कैंब्रिज यूनिवर्सिटी A5 A. अमेरिका

लकी विनर्स



1. हरी लाल, नई दिल्ली
2. करणबीर चौधरी, नई दिल्ली
3. अर्जुन सिंह, नजफगढ़, दिल्ली

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

भारत से डील पर US ने कहा- यूरोप ने निराश किया

अमेरिकी दूत गोर और विदेश मंत्री जयशंकर की मुलाकात।

■ **पीटीआई, न्यू यॉर्क:** अमेरिका ने भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (FTA) को 'बेहद निराशाजनक' बताया है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि इस व्यापार समझौते के कारण यूरोपीय देश रूसी तेल की खरीद के लिए भारत पर टैरिफ लगाने में अमेरिका का साथ नहीं देना चाहते हैं।

बेसेंट ने कहा, 'वैसे तो उन्हें वही करना चाहिए जो उनके लिए बेस्ट है, लेकिन मैं यूरोप के इस रवैये से बेहद निराश हूं। यूक्रेन-रूस वॉर की वजह से ये लोग ही फ्रंटलाइन पर हैं।

अमेरिकी मंत्री बेसेंट ने कहा, यूरोप को ट्रेड की परवाह

QR CODE
स्कैन करें
या 1800 1205474
पर कॉल करें

नवभारत टाइम्स में पढ़ें प्रगति की कहानियाँ.
रामवीर तंवर - इन्होंने कीचड़ को 50+ तालाबों में बदला और हर साल करोड़ों लीटर पानी बचाया.

PRAGATI KA PARTNER

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP2 User: cci Time: 01-29-2026 22:00 Color:

ट्रीटेड पानी की बर्बादी रुकेगी, हर बूंद की होगी लाइव चौकसी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

पार्कों में लगे एसटीपी से ट्रीट हो रहे पानी के सही इस्तेमाल की मॉनिटरिंग के लिए अब डीडीए इसकी ऑनलाइन रियल टाइम मॉनिटरिंग करेगा। इसके लिए प्लान तैयार कर लिया गया है। करीब 100 पार्कों में यह मॉनिटरिंग की जाएगी। इस सिस्टम से यह सुनिश्चित हो सकेगा कि ट्रीटेड पानी का इस्तेमाल प्रभावी तरीके से सिंचाई, बागवानी और पौधरोपण के लिए ही किया जाए।

डीडीए ने इसके लिए फर्मों से एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट मंगाए हैं। यही फर्म्स डीडीए के पार्कों में रियल टाइम मॉनिटरिंग के लिए ऑटोमेशन सिस्टम इंस्टॉल करेंगी। यह सिस्टम पानी की क्वॉलिटी, पानी की मात्रा आदि की निगरानी करेगा। डीडीए के अनुसार, यह सिस्टम ऐसा होगा कि एक दिन में 100 किलोलीटर क्षमता तक की निगरानी कर सके। डीडीए अधिकारी के अनुसार, इस पहल से डीडीए के पार्क कॉम्प्लेक्स में बनी झीलों के पुनरुद्धार में भी मदद मिलेगी। इन झीलों को भी डीडीए के इन्हीं एसटीपी के पानी से भरा जाता है।

यह ऑटोमेशन सिस्टम पानी की रियल टाइम मॉनिटरिंग करते हुए सभी पैरामीटर पर जांच करेगा।

AI Image

■ अपने 100 पार्कों में DDA लगाएगा ऑनलाइन रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम

■ पानी की क्वॉलिटी, की मात्रा आदि की निगरानी होगी

एजेंसी की हो रही तलाश

अधिकारी के अनुसार, डीडीए ऐसी एजेंसी नियुक्त करेगा जो इन टेक्नॉलजी में एक्सपर्ट हो। प्रति केएलडी आने वाले खर्च, जमीन की जरूरत, ऑपरेशन और मेंटिनेंस कॉस्ट, बिजली की खपत, ट्रीटेड पानी की क्वॉलिटी, पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव आदि को लेकर भी रिपोर्ट तैयार कराई जाएगी।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात — इस पहल से क्या फायदा?

डीडीए इस समय दिल्ली में 16000 एकड़ क्षेत्र में ग्रीन स्पेस मैनेज कर रहा है। इसमें से 10400 एकड़ में बने 729 पार्क शामिल हैं। 21000 एकड़ में बायोडायवर्सिटी पार्क बने हुए हैं। करीब 2500 एकड़ यमुना फ्लड प्लेन के पास ग्रीन स्पेस डिवेलप किया गया है। अब 100 बड़े पार्कों में 10 से 1000 केएलडी क्षमता वाले एसटीपी की पहचान की गई है, जो 2020 से 2024 के बीच लगाए गए थे। इनमें नेबरहुड पार्क, डिस्ट्रिक्ट पार्क, चिल्ड्रन पार्क और बड़े रिक्रिएशनल कॉम्प्लेक्स में बने एसटीपी शामिल हैं। अभी इन एसटीपी की कोई रियल टाइम मॉनिटरिंग नहीं हो रही है। ऐसे में किसी समस्या का पता काफी देर से चलता है और तब तक रिवाइव की गई झीलों को नुकसान हो चुका होता है। ऑनलाइन रियल टाइम मॉनिटरिंग से पानी की क्वॉलिटी में जरा सी भी खराबी आते ही तुरंत जानकारी मिल सकेगी और समय रहते समस्या का समाधान किया जा सकेगा।

कम टाइम में हेल्दी और टेस्टी स्नैक्स बनाना सीखें

एनबीटी रंगमंच क्लब आपके लिए लेकर आया है ट्रडिशनल किचन रेसिपीज वर्कशॉप जिसमें फूड बिजनेस चलाने वाली शेफ शिवानी बहुगुणा आपको सिखाएंगी कि कैसे आप घर पर कम समय में हेल्दी इंडियन स्नैक्स और टेस्टी फूड तैयार कर सकते हैं। इसके साथ ही वह आपको चॉकलेट बनाने और केक बेकिंग के टिप्स भी देंगी। इसमें हिस्सा लेने के लिए आपको करवाना है बस रजिस्ट्रेशन।

शिवानी बहुगुणा (शेफ)

तारीखः 3 फरवरी 2026
दिनः मंगलवार
समय 2 से 3 बजे तक
फीसः निशुल्क

रजिस्ट्रेशन के लिए 7003890071 पर कॉल या वट्सऐप करें।

25 साल पुराने मानहानि के मामले में LG बरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image

दिल्ली की साकेत कोर्ट ने गुरुवार को एक्टिविस्ट मेधा पाटकर द्वारा दायर 25 साल पुराने मानहानि मामले में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता उनके खिलाफ अपने आरोपों को साबित करने में नाकाम रहीं। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास राघव शर्मा ने अपने फैसले में कहा कि मेधा पाटकर द्वारा पेश किए गए सभी गवाहों की जांच करने के बाद यह साफ है कि उनकी शिकायत में विरोधाभास है। यह विरोधाभास मामले की गहराई तक जाता है और शिकायतकर्ता के बयान की सच्चाई पर गंभीर सवाल उठाता है। गवाह द्वारा अपने सबूतों में बार-बार यह इनकार करना कि उसने शिकायतकर्ता से संपर्क नहीं किया, इसमें कोई शक नहीं छोड़ता कि शिकायतकर्ता का उससे संपर्क किए जाने का दावा झूठा है। यह विरोधाभास दिखाता है कि शिकायतकर्ता ने सिर्फ अपनी मानहानि के दावे को मजबूत करने के लिए व्यक्तिगत तौर पर संपर्क और टकराव का झूठा मामला बनाया था।

मार्च 2025 में कोर्ट ने पाटकर के मामले में अतिरिक्त गवाहों की जांच करने की अर्जी को अदालत ने खारिज कर दिया था। अदालत का कहना था कि यह मुकदमे में देरी करने की जानबूझकर की गई कोशिश है, न कि कोई वास्तविक जरूरत। पाटकर और सक्सेना 2000 से कानूनी लड़ाई में उलझे हुए थे, जब पाटकर ने उनके और 'नर्मदा बचाओ आंदोलन' के खिलाफ विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए उनके खिलाफ मुकदमा दायर किया था। सक्सेना उस समय अहमदाबाद स्थित एक NGO 'काउंसिल फॉर सिविल लिबर्टीज' के प्रमुख थे। उन्होंने भी 2001 में पाटकर के खिलाफ एक टीवी चैनल पर उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने और मानहानिकारक प्रेस बयान जारी करने के लिए दो केस दायर किए थे।

> एक्टिविस्ट मेधा पाटकर ने साल 2000 में दर्ज कराया था मुकदमा

728 करोड़ से यमुनापार में कई प्रोजेक्ट्स को मिलेगी रफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

■ सीएम रेखा गुप्ता ने यमुनापार क्षेत्र विकास बोर्ड की बैठक में कई योजनाओं को किया पारित

■ सड़क, सीवेज, ड्रेनेज सिस्टम समेत अलग-अलग योजनाओं के लिए बजट को मिली मंजूरी

दिल्ली की एक तिहाई आबादी वाले यमुनापार में अब विकास योजनाएं रफ्तार पकड़ेंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को यमुना पार क्षेत्र विकास बोर्ड की बैठक में 728 करोड़ रुपये के विकास कार्यों से जुड़ी योजनाएं पारित की गईं। बैठक में सड़क, सीवेज, ड्रेनेज सिस्टम समेत अलग-अलग योजनाओं के लिए बजट की मंजूरी दी गई है। रेखा गुप्ता ने कहा कि यमुनापार के विकास के लिए बजट में कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने बोर्ड के सदस्यों को आवश्यकता के आधार पर योजनाओं को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है। बैठक में बोर्ड के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली और मंत्री कपिल मिश्रा भी मौजूद रहे।

सीएम ने कहा कि ट्रांस-यमुना (यमुना पार) क्षेत्र का विकास दिल्ली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सरकार का लक्ष्य यमुनापार को इतना विकसित करना है कि लोग यहां आना और रहना स्वयं पसंद करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में संतुलन बेहद जरूरी है। केवल सौंदर्यीकरण ही नहीं बल्कि नागरिकों की बुनियादी आवश्यकताओं जैसे सड़कें, जल निकासी, जलभराव की समस्या और सुरक्षित आवागमन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बोर्ड बैठक में ऐसी ही योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर चिंता जताई कि पिछली सरकार के कार्यकाल में बोर्ड को पूरी तरह से निष्क्रिय कर दिया गया था, जिसकी वजह से यमुनापार का विकास पूरी तरह ठप हो गया था। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने जितने भी कामों की संस्तुति की है, वे सभी कार्य करवाए जाएंगे और इसके लिए बजट की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन सड़कों से प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं, उनकी स्थिति में तत्काल सुधार किए जाएं, ताकि आम जनता को असुविधा और दुर्घटनाओं से बचाया जा सके।

बोर्ड के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने सीएम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यमुनापार क्षेत्र के विकास के लिए सभी विधायकों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव महत्वपूर्ण हैं।

विकास के लिए अलग से मिलेगा फंड

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

कांग्रेस सरकार के दौरान यमुनापार क्षेत्र विकास बोर्ड सक्रिय रूप से काम करता था। लेकिन, पिछली सरकार में इसे पूरी तरह निष्क्रिय कर दिया गया। इसका असर यह हुआ कि इलाके के विधायकों को छोटे-बड़े कामों के लिए अपने निधि के भरोसे ही रहना पड़ता था। 16 विधानसभा वाली यमुनापार में अब फिर से यमुनापार विकास बोर्ड को सक्रिय करने से विधायकों को अपने-अपने इलाके में तेजी से काम होने की उम्मीद है। अब उनके पास विकास कार्यों को कराने के लिए विधायक निधि के अलावा अलग फंड मिलेगा।

अपनी पहली एनिवर्सरी पर सरकार देगी कई तोहफे

File Photo

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली की BJP सरकार के आगामी 20 फरवरी को पूरे हो रहे एक साल पर दिल्लीवालों को कई तोहफे मिलेंगे। सरकार ने इसे लेकर तैयारी भी शुरू कर दी है। सूत्रों की मानें तो सीएम ने सभी विभागों से उनके बीते एक साल में पूरे हुए काम और आने वाले दिनों में पूरे होने वाले कामों की सूची मांगी है। सूत्रों की मानें तो एक साल के जश्न को लेकर सीएम ने बुधवार को बैठक की, जिसमें सरकार के कामकाज को जनता तक पहुंचाने को लेकर चर्चा हुई है।

अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली सरकार केंद्रीय बजट पेश होने के कुछ दिनों बाद ही अपने कामकाज का प्रचार अभियान शुरू करेगी। साथ ही सरकार की लगभग पूरी हो चुकी योजनाओं की शुरुआत भी की जाएगी। इसके लिए सरकार ने अलग-अलग विभागों की कुछ योजनाओं को चिन्हित भी किया है जिनका काम अंतिम चरण में है। वह जल्द ही जनता के लिए शुरू किया जा सकता है। इसमें वेलफेयर की योजनाओं समेत कनेक्टिविटी, यमुना पर क्रूज जैसी अन्य सेवाएं शामिल हैं।

बीजेपी सरकार पहली एनिवर्सरी पर फरवरी में जिन योजनाओं की शुरुआत कर सकती है, उसमें सबसे पहले 300 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत है। यह बसें आ चुकी हैं, जिसे 26 जनवरी से पहले सड़कों पर उतारी जानी थी। लेकिन तारीख अब बढ़ा दी। इसी तरह DTC में महिलाओं की मुफ्त यात्रा के लिए पिंक स्मार्ट कार्ड और सामान्य यात्रियों के लिए स्मार्ट कार्ड जारी किया जाएगा।

कुछ अहम तोहफे

- 300 से अधिक नई इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर उतरेंगी
- DTC में महिलाओं की मुफ्त यात्रा के लिए पिंक स्मार्ट कार्ड जारी हो सकती है
- पर्यटन विभाग यमुना में क्रूज का परिचालन शुरू कर सकती है
- राशन कार्ड बनाने के लिए फिर से विंडो खुल सकती है

महिलाओं के आत्मनिर्भर होने से ही राष्ट्र का निर्माणः CM

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता गुरुवार को भारत मंडपम में राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) द्वारा आयोजित 'शक्ति संवाद' के दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग एंड ट्रेनिंग कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने देशभर से आईं महिला आयोगों की अध्यक्ष और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण, सुरक्षा, आर्थिक आत्मनिर्भरता ही राष्ट्र निर्माण की कुंजी है। कार्यक्रम में NCW की चेयरपर्सन विजया रहाटकर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

सीएम ने महिलाओं के लिए कानूनी जागरूकता, शिकायत निवारण, नीति-निर्माण और क्षमता निर्माण जैसे प्रोग्राम की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास देश की करोड़ों बेटियों में साहस और आत्मविश्वास भरेंगे। सीएम ने महिलाओं की सुरक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण, निर्णय और नेतृत्व में उनकी सहभागिता को बढ़ाने के लिए सामूहिक रूप से काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार इस दिशा में काम कर रही है। अब महिलाओं को तय सुरक्षा मानकों के बीच रात में भी काम करने का अधिकार हमारी सरकार ने दिया है।

महिला सुरक्षा, आर्थिक आजादी को लेकर दिल्ली में उठाए गए कदमों की जानकारी देते हुए रेखा गुप्ता ने बताया कि महिलाओं को नाइट शिफ्ट में काम करने की अनुमति दी गई है। कामकाजी महिलाओं, विशेषकर श्रमिक महिलाओं के बच्चों के लिए 500 'पालना केंद्र' स्थापित किए गए हैं।

> राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित शक्ति संवाद कार्यक्रम में बोलीं सीएम

राशन दफ्तर दूर शिफ्ट! 'आप' का विरोध, आदेश वापस लेने की मांग

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : कई राशन दफ्तर को दूर शिफ्ट करने के आदेश को आम आदमी पार्टी ने वापस लेने की मांग की है। आप विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि बीजेपी सरकार ने कई विधानसभाओं में 61 राशन दफ्तर कई किलोमीटर शिफ्ट कर दिए हैं। 70 जगहों से दफ्तर हटाकर 8-10 जगहों पर खड़े कर दिए गए हैं, जहां गरीब इंसान पहुंच ही नहीं पाएगा। राशन डीलरों का सरकार के तुगलकी फरमान का स्वागत करना इनकी और बीजेपी के बीच सांठगांठ का सबूत है। आप मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर कुलदीप कुमार और विधायक विशेष रवि ने कहा कि अगर सीएम इस आदेश को तुरंत वापस नहीं लेंगी, तो पार्टी जनता के साथ बड़ा आंदोलन करेगी।

'माला नहीं, पेन-कॉपी से करें स्वागत'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने अपने विधानसभा क्षेत्र मालवीय नगर में कार्यक्रमों के दौरान उनके स्वागत के लिए फूलों की माला के बजाए कॉपी पेन भेंट करने की अपील की है। उपाध्याय ने कहा कि जब हम राजनीतिक लोग किसी भी संस्था के कार्यक्रम में जाते हैं तो अक्सर उन संस्थाओं के पदाधिकारी हमें बुके, हार, शॉल, तोहफे देकर हमारा स्वागत करते हैं, जो अधिक सम्मान होता है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर हमारे स्वागत पर सैकड़ों हजारों रुपये खर्च कर दिए जाते हैं, वहीं हमारे सामने रोजाना गरीब छात्र जो पढ़ना चाहते हैं उनकी जरूरतें पूरी नहीं हो रहीं। इसलिए मैंने बहुत सोच-समझकर यह फैसला लिया है कि अब अपने विधानसभा क्षेत्र के किसी भी संस्था कार्यक्रम में माला या तोहफा नहीं लूंगा, बल्कि निमंत्रण देने आने पर ही उन्हें स्वागत में अपनी क्षमता अनुसार कॉपी, पेन या किताबें देने की अपील करूंगा। उसे गरीब बच्चों में बांटकर उनकी सहायता करूंगा।

उ०प्र० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड
पारीछा तापीय विद्युत परियोजना पारीछा झाँसी
सूचना (Expression of Interest)

पारीछा तापीय परियोजना, पारीछा (झाँसी) अपने राख बाँधों में एकत्रित राख का उपयोग करने हेतु In house ash brick manufacturing unit लगाने वाले इच्छुक निर्माताओं से Expression of Interest निम्नलिखित शर्तों पर आमंत्रित करता है।

1. राख मिश्रित ईंट संयंत्र की स्थापना, संचालन, अनुरक्षण एवं पहुंच मार्ग का रख–रखाव उपयोगकर्ताओं के कार्य क्षेत्र में होगा।
2. पर्यावरण एवं वन मन्त्रालय, भारत सरकार के वर्तमान नियम एवं दिशा–निर्देशों के अनुरूप पारीछा ताप विद्युत गृह, के राख बाँधों से राख उपलब्ध करायी जायेगी।
3. इच्छुक फर्मों को परियोजना पर प्रचलित लीज दरों पर भूमि उपलब्ध करायी जायेगी।
4. निर्माताओं/उपयोगकर्ताओं के द्वारा दी गयी नियम एवं शर्तों पर भी विचार किया जायेगा।
5. सूचना (Expression of interest) प्रेषित करने की अन्तिम तिथि 10.02.2026 समय 17:00 बजे तक है।
6. इच्छुक निर्माता/उपयोगकर्ता, निम्न पते अथवा ई0–मेल पर अपना आवेदन पत्र प्रेषित कर सकते हैः–

अ. कार्यालय, अधीक्षण अभियन्ता, जानपद अनुरक्षण मण्डल–प्रथम, पीटीपीपी, पारीछा (झाँसी) (मो0 नं0 9412753271) E-mail ID: se.cmc_1.parichha@uprvunl.org.
ब. कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, जानपद अनुरक्षण खण्ड–द्वितीय, पीटीपीपी, पारीछा (झाँसी) (मो0 नं0 8005489566) E-mail ID: ee.cmd_2.parichha@uprvunl.org
स. सहायक अभियन्ता, जानपद अनुरक्षण खण्ड–द्वितीय, पारीछा तापीय परियोजना, पारीछा (झाँसी) (मो0 नं0 8601300112)

सं0. 22/टीएसडी0–90/पीटीपीपी/ दिनांक : 29/01/2026
"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI
प्रधान कार्यालय, सूचना प्रौद्योगिकी (सुशासन एवं शेखला) विभाग,
स्टार हाउस -3, पीएसबी-बीओआई टावर, सी-29, जी ब्लॉक, 10वां तल, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400051. ई-मेल: Headoffice.ITProc@bankofindia.bank.in

प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)
संदर्भ सं.:बीओआई:एकाःसूचना प्रौद्योगिकी (सुशासन एवं शेखला): एमएसएसक्यूएल(एस):0731, दिनांक 23.01.2026,
GeM निविदा सं. GeM/2026/बी/7146717, दिनांक 23.01.2026
के माध्यम से 3 वर्ष की अवधि के लिए सॉफ्टवेयर एश्योरेंस सहित एमएस एसक्यूएल स्टैंडर्ड एडिशन लाइसेंस की खरीद के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)
उपर्युक्त आरएफपी "निविदा" अनुभाग एवं GeM पोर्टल के अंतर्गत बैंक की कॉर्पोरेट वेबसाइट www.bankofindia.co.in पर उपलब्ध है।
इसके बाद यदि कोई परिवर्तन होगा, तो उसे बैंक की वेबसाइट एवं GeM पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाएगा। बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि: 13.02.2026

बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI
प्रधान कार्यालय, सूचना प्रौद्योगिकी(सुशासन एवं शेखला) विभाग,
स्टार हाउस -3, पीएसबी-बीओआई टावर, सी-29, जी ब्लॉक, 10वां तल, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400051. ई-मेल: Headoffice.ITProc@bankofindia.bank.in

प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)
लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (LMS), ट्रेनिंग मैनेजमेंट सिस्टम (TMS) और मोबाइल एप्लिकेशन(पब्लिक क्लाउड पर SaaS (सॉफ्टवेयर ऐज़ ए सर्विस)मॉडल) को शामिल करते हुए डिजिटल लाइब्रेरी (DL) मॉड्यूल्स के एंड टू एंड सॉल्यूशन की खरीद के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)
संदर्भ संख्या: BOI:HO:IT(G&E):LMS:0761, दिनांक: 23.01.2026
जीईएम (GeM) बोली सं. GEM/2026/B/7146690, दिनांक 23.01.2026
उपर्युक्त आरएफपी "निविदा" अनुभाग एवं GeM पोर्टल के अंतर्गत बैंक की कॉर्पोरेट वेबसाइट www.bankofindia.bank.in पर उपलब्ध है। इसके बाद यदि कोई परिवर्तन होता है, तो उसे बैंक की वेबसाइट एवं GeM पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।
बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि: 13.02.2026

डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर
सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार

डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर (DAIC), सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, भारत सरकार, 15, जनपथ, नई दिल्ली में संविदा के आधार पर निम्नलिखित पद पर कार्य/भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

क्र. सं.	पद	पदों की संख्या	समेकित परामर्श शुल्क
1.	यंग प्रोफेशनल	02	35,000/- रुपये प्रति माह

पात्रता मानदंड, आवेदन पत्र आदि जैसे विवरणों के लिए, कृपया आधिकारिक वेबसाइट https://daic.gov.in/ और https://socialjustice.gov.in/ पर जाएं। सभी पात्र उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे साक्षात्कार के दिन दस्तावेजों की दो फोटो प्रतियां अर्थात् आवेदन पत्र, पहचान प्रमाण, अद्यतन सीवी और योग्यता और कार्य अनुभव से संबंधित सभी दस्तावेज साथ लाएं।

वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि: 16/02/2026 (रिपोर्टिंग समय: डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, 15, जनपथ, नई दिल्ली-110001 में सुबह 09:30-11:30 बजे तक)।

निदेशक, डीएआईसी
CBC 38121/12/0009/2526 फोन: 011-23477499/479

गुमशुदा व्यक्ति की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में दिखाया गया) जिसका नाम प्रकाश थापा S/o राम बहादुर R/o मकान नं. 42, पॉकेट-07, जाट चौक, सेक्टर-22, रोहिणी, दिल्ली उम्र 35 साल जो कि 20.01.2026 को रात 8 बजे थाना अमन विहार के इलाके से लापता है। इस बावत DD No.1A & 3A दिनांक 20.01.2026 थाना अमन विहार, दिल्ली में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है:-

प्रकाश थापा

रंग: सांवला, कद: 5'2", चेहरा: गोल, शरीर: पतला, बाल: छोटे, जिसने नीले रंग की जैकेट और काले रंग की पैंट पहनी है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोलिखित को सूचित करने की कृपा करें:-

ई-मेल: cic@cbi.gov.in
वेबसाइट: http://cbi.nic.in
फैक्स: 24368639
दूरभाष: 24368638/24368641
थानाध्यक्ष: अमन विहार, दिल्ली
दूरभाष सं.: 011-27581812, 27581223, 8750870321
DP/1048/RD/2026

न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) आर.एम. लोढा समिति (पी.ए.सी.एल. लि. के मामले में)

सार्वजनिक सूचना

हरियाणा - कुरुक्षेत्र, ओडिशा - नयागढ़, दिल्ली - दक्षिण पूर्व में स्थित पी.ए.सी.एल. लि. की संपत्तियों की ई-नीलामी

[illegible]

- आरक्षणों के प्रकाशन की तारीख - 30 जनवरी, 2026
- बोलियाँ इस तारीख से प्रस्तुत की जा सकती हैं - 30 जनवरी, 2026
- [illegible] - 13 फरवरी, 2026
- बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख और समय - 09 मार्च, 2026 (17:00 बजे)
- इस तारीख से ई-नीलामी शुरू होगी - 23 मार्च, 2026 (11:00 बजे)

[illegible]

CBC 15204/12/0226/2526

ncrtc राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लि.
(भारत सरकार एवं प्रतिभागी राज्य सरकारों का एक संयुक्त उपक्रम)

ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं– ई–निविदा सूचना

[illegible]

www.ncrtc.in

राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान
(द्वितीय तल, विकास खण्ड, सचिवालय, जयपुर)
email- secraj@rajasthan.gov.in, FAX 0141-2227280, 2227072
क्रमांकः F3 (53) / पंचा. / स्टोर / सचिव / 2025/1122 दिनांकः 28.01.2026

अल्पकालीन बोली संशोधन सूचना

[illegible] http://secrajasthan.gov.in, SPPP Portal [illegible]

NIB CODE-(930)2026_SECRJ_531721_1
UBN-SEC2526GLRC00015

सचिव
राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान, जयपुर

उत्तर रेलवे

उत्तर रेलवे के लिए सोशल मीडिया प्रबंधन और मीडिया विश्लेषण संबंधी सेवाओं के लिए एजेंसी के चयन हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित आवेदन पत्र पर इच्छुक पार्टियों/एजेंसियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:–

आवेदन आमंत्रण सूचना (एनआईए) सं.	5PR/Social Media/2026
कार्य का पूरा नाम	उत्तर रेलवे के लिए सोशल मीडिया प्रबंधन और मीडिया विश्लेषण संबंधी सेवाओं हेतु एजेंसी का चयन
सर्विस/कार्य की कुल अनुमानित लागत (जीएसटी को छोड़कर)	₹ 2,59,51,300/- (दो करोड़ उनसठ लाख इक्यावन हज़ार तीन सौ रुपये मात्र) (जीएसटी को छोड़कर) प्रति वर्ष, अथवा ₹ 5,19,02,600/- (पांच करोड़ उन्नीस लाख दो हज़ार छह सौ रुपये मात्र) (जीएसटी को छोड़कर) दो वर्ष हेतु।
सर्विस/कार्य की कुल अनुमानित लागत (जीएसटी सहित)	₹ 6,12,45,068/- (छह करोड़ बारह लाख पैंतालीस हज़ार अड़सठ रुपये मात्र) (जीएसटी सहित) दो वर्ष हेतु।
धरोहर जमा राशि	₹ 4,56,225/- (चार लाख छप्पन हज़ार दो सौ पच्चीस रुपये मात्र)
आवेदन पत्र की कीमत	रेलवे काउंटर पर ₹ 10,000/– + 18 प्रतिशत जीएसटी = ₹ 11,800/– (अप्रतिदेय) नकद रूप में अथवा यदि वेबसाइट से डाउनलोड किया जाता है तो PFA, Northern Railway, नई दिल्ली के पक्ष में जारी डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर आदि के साथ। (यदि आवेदन पत्र डाक द्वारा मंगवाया जाता है तो 500/– रुपये अतिरिक्त शुल्क लिया जायेगा।)
आवेदन पत्र जनसंपर्क कार्यालय से खरीदने अथवा उत्तर रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in से डाउनलोड करने की अंतिम तिथि	24.02.2026 को 12.00 बजे तक
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि/समय	24.02.2026 को 12.30 बजे तक
आवेदन को खोलने की तिथि एवं समय	24.02.2026 को 13.00 बजे
आवेदन जमा करने एवं खोलने का स्थान	सीपीआरओ ऑफिस, एनसीआईबी बिल्डिंग, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055

सं. 5PR/Social Media/2026 दिनांक : 30.01.2026 323/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.: DCE-BL-06-2026

उप मुख्य इंजीनियर/पुल लाइन/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं :–

क्र. सं. : 1, ई-निविदा सं. : DCE-BL-06-2026, कार्य का विवरण : [illegible] 172DN (5x18.3m), 8, 57, 59DN (3x12.20m), 9(3x12.20m), 1UP (3x12.2), 3UP (3x12.20m), 17SUP, 82DN, 59UP(3x12.20), 120UP, 125DN, 172UP(5x12.20m), 68UP, 9DN, 17DN, 2, 1DN, 3DN, 39UP, 59UP, 66UP [illegible], अनुमानित लागत : ₹ 4,80,22,118.21, [illegible]

[illegible]

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP3 User: cci Time: 01-29-2026 21:55 Color:

सोना-चांदी आसमान पर, शादियों में हल्के हो गए जेवर

Abhishek.Gautam1@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** शादी की शहनाई बजने से पहले ही सोना और चांदी के दामों ने ऐसा सुर छेड़ दिया है, जिसने सबकी नींद उड़ा दी है। सर्राफा बाजार में सोना और चांदी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुके हैं। सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम 2 लाख रुपये के आसपास पहुंच गई है, जबकि चांदी 4 लाख रुपये से ज्यादा का आंकड़ा छू चुकी है। बाजार में खलबली मची हुई है। कारोबारियों के मुताबिक, शादी के इस सीजन में रौनक तो है, लेकिन जेवरों का वजन और बजट दोनों हल्के हो गए हैं।

सोना पहुंचा 2 लाख के करीब, चांदी 4 लाख पार

चांदनी चौक, लाजपत नगर मार्केट, कृष्ण नगर मार्केट, द्वारका, साउथ एक्स समेत अलग-अलग जूलरी मार्केट में गुरुवार को हलचल देखने को मिली। कहीं जूलरी की दुकानों पर सन्नाटा रहा तो कहीं भीड़ दिखी। एक तरफ शादी का सीजन नजदीक है, तो दूसरी तरफ सोने और चांदी की बढ़ती कीमतों के चलते लोग इन्वेस्टमेंट के लिए भी खरीदारी कर रहे हैं।

लाजपत नगर मार्केट के जूलरी कारोबारी प्रेम प्रकाश चौधरी बताते हैं कि गुरुवार को सोना और चांदी की कीमत ऑल टाइम हाई पर रही। सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम 1 लाख 80 हजार से 1 लाख 90 हजार रुपये के बीच रही, जबकि चांदी 4 लाख रुपये का आंकड़ा पार कर गई। एक महीने पहले चांदी प्रति किलो 2 लाख रुपये के आसपास थी और अब प्रति किलो 4 लाख 7 हजार रुपये पहुंच चुकी है। उनका कहना है कि आशंका है सोना प्रति 10 ग्राम ढाई लाख रुपये तक पहुंच सकता है, जबकि चांदी 6 लाख रुपये का आंकड़ा छू सकती है।

लाइट वेट जूलरी की डिमांड

पहले शादियों में भारी हार, कंगन और चूड़ियों का चलन ज्यादा था, लेकिन अब लोग डिजाइन वही रखकर वजन कम करने की रणनीति अपना रहे हैं। जूलर्स के मुताबिक, ग्राहक पहले जितना सोना खरीदते थे, अब उसकी आधी मात्रा में ही संतोष कर रहे हैं। वजह साफ है कि पहले के मुकाबले रेट काफी ज्यादा हो चुके हैं।

ऑल टाइम हाई रहीं कीमतें

इंडिया बुलियन एंड जूलर्स असोसिएशन के प्रेजिडेंट योगेश सिंघल ने बताया कि गुरुवार को सोना और चांदी दोनों की कीमत ऑल टाइम हाई रही। इसी वजह से कुछ महाजनों में रौनक फीकी रही। शादी के लिए खरीदारी करने वाले ग्राहक हल्के वजन की जूलरी की मांग कर रहे हैं। वहीं, द्वारका की जूलरी कारोबारी सुमित मलिक बताते हैं कि एमसीटीसी में चांदी की कीमत प्रति किलो 4 लाख 90 हजार रुपये के आसपास है।

रिट्रीट की धुन थमी, फुहारों संग सजेगा वीकेंड

AP

आज छाएंगे बादल, कल बूंदों का येलो अलर्ट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** राजधानी में आज बादल छाए रहेंगे। वीकेंड पर दोनों दिन शनिवार और रविवार को बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। बारिश का यह दौर 2 फरवरी तक जारी रहेगा। इसके बाद 3 फरवरी से मौसम साफ हो जाएगी। बारिश हल्की रहेगी। इस दौरान तेज हवाएं चलेंगी।

तीन दिन बाद गुरुवार को राजधानी में दोपहर एक बजे के आसपास धूप निकली। इससे पहले बादल छाए रहे और ठंड काफी अधिक रही। धूप के आने के बाद लोगों को थोड़ी राहत मिली। अधिकतम तापमान 17.9 डिग्री रहा। यह सामान्य से 4.2 डिग्री कम है। वहीं, न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2.6 डिग्री अधिक रहा। हवा में नमी का स्तर 83 से 100 प्रतिशत रहा। पालम में अधिकतम तापमान महज 15.3 डिग्री, आया नगर में 16.2 डिग्री रहा। पूर्वानुमान के अनुसार शुक्रवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। सुबह के समय हल्के से मध्यम कोहरा रहेगा। अधिकतम तापमान 19 और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री तक रह सकता है। 31 जनवरी और एक फरवरी को आंशिक रूप से बादल दिखेंगे। दोपहर के समय यह घने हो जाएंगे। सुबह के समय कुछ जगहों पर घना कोहरा रह सकता है। रात के समय तेज हवाओं के साथ बारिश होगी। हवाओं की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है। अधिकतम तापमान 17 से 21 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6 से 13 डिग्री तक रह सकता है। दो फरवरी को बारिश कम हो जाएगी। बादल छाए रहेंगे। एक दो घंटों में हल्की बारिश हो सकती है। तेज हवाएं चलेंगी।

वहीं, गुरुवार को फ्यूशन खराब स्तर पर रहा। एयर बुलेटिन के मुताबिक, दिल्ली का AQI 226 दर्ज किया गया। मुख्य प्रदूषक पीएम 2.5 रहा।

File

क्या है दिल्ली पुलिस के साल दर साल गोल्डन मार्च पास्ट का राज़

■ **कृष्णा कृपाल सिंह, नई दिल्ली**

गणतंत्र दिवस परेड में दिल्ली पुलिस की मार्चिंग टुकड़ी एक बार फिर 'नंबर वन' आंकी गई है। सुरक्षा संभालने वाले जवानों ने इसके साथ ही स्ट्रिप्ड हैट-ट्रिक लगाई है। इस तरह 1987 से अब तक कुल 19वीं बार बेस्ट मार्चिंग कंटिंजेंट की ट्रॉफी दिल्ली पुलिस को मिलने जा रही है। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ आज दिल्ली कैंट स्थित राष्ट्रीय रंगशाला कैंप में होने वाले समारोह में 'जनेस चौहम कैटिंगरी' में बेस्ट रहने की यह ट्रॉफी प्रदान करेंगे।

डाल सिंह, डीसीपी फोर्थ बटालियन

सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेस की इस कैटिंगरी में पोंडुलर चौहम का अवॉर्ड सीआरपीएफ को मिला है।

सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्ता बनने का यह सफर आसान नहीं रहा। इसके पीछे आला अधिकारियों की तरफ से हर सुविधा का इंतजाम, ड्रिल मास्टर्स का अनुभवी मार्गदर्शन और जवानों की कड़ी मेहनत रही। डीसीपी (फोर्थ बटालियन) डाल सिंह ने बताया कि करीब 86 दिन तक कड़ी ट्रेनिंग कराई गई। रोज 10 से 12 घंटे तक जवानों ने अभ्यास किया और कई चुनौतियों से गुजरने के बाद यह सफलता मिली।

मार्चिंग दस्ते में शामिल सभी जवानों को नवंबर से किंग्सवे कैंप स्थित न्यू पुलिस लाइन में उतारा गया। रोज तड़के 2:30 से 3:00 बजे उन्हें जगा दिया जाता था। सुबह 4:00 बजे सभी ग्राउंड पर पहुंचते और 11:00 बजे तक परेड की ट्रेनिंग होती। इसके बाद ब्रेक दिया जाता। शाम 4:00 से 6:00 बजे तक दोबारा प्रैक्टिस कराई जाती। यह सिलसिला 25 जनवरी तक लगातार चलता रहा। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, जवानों की शारीरिक और मानसिक फिटनेस पर भी पूरा ध्यान रखा गया। उनके रहने और खाने की खास व्यवस्था की गई।

86 दिन पसीना, इसलिए परेड में सोना

कड़ी मेहनत के कारण ग्राउंड में ड्राई फ्रूट्स, अंडा, मछली, ब्रेड-बटर और घना जैसे पौष्टिक भोजन शामिल किए गए। ग्राउंड में होने वाली परेड ट्रेनिंग का हर शनिवार विडियो बनाया जाता था। ड्रिल मास्टर्स इन का बारीकी से विश्लेषण करते और परेड के दौरान ही रही कमियों की पहचान की जाती। खासतौर पर यह देखा जाता था कि जवानों के हाथ और पैर एक साथ और बराबर उठ रहे हैं या नहीं। इन कमियों को ग्राउंड पर दुरुस्त कराया जाता। डीसीपी डाल सिंह ने कहा कि सभी की मेहनत से सफलता मिली है। पुलिस के दस्ते की अगुआई अनंत धनराज सिंह ने की। वहीं, पाइप एंड ड्रम बैंड की 75 महिला जवानों की टुकड़ी का नेतृत्व कॉन्स्टेबल रुचानुभी केनेरो ने किया।

खिताबी हैट-ट्रिक लगाई: गणतंत्र दिवस परेड में दिल्ली पुलिस की मार्चिंग टुकड़ी एक बार फिर 'नंबर वन' आंकी गई है

18वीं बार बेस्ट मार्चिंग कंटिंजेंट

- 700 के करीब जवान आते हैं सिलेक्शन ट्रायल के लिए
- 144 को कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच किया जाता है सिलेक्ट
- 30 से कम उम्र के होते हैं मार्चिंग कंटिंजेंट के सभी मेंबर
- 6 फीट की सटीक लंबाई के जवान ही टुकड़ी में शामिल
- 75 से 78 किग्रा के बीच के वजन वाले होते हैं सभी जवान
- 86 दिन तक इसकी ट्रेनिंग कराते हैं अनुभवी ड्रिल मास्टर्स
- 10 से 12 घंटे तक रोज कराई जाती है कि सबको प्रैक्टिस

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP4 User: kshitish.misra@timesofindia.co Time: 01-29-2026 22:31 Color:

हाइड्रोजन ट्रेन के ट्रायल में सुरक्षा मानकों की जांच

जींद से भंभेवा स्टेशन तक गुरुवार को हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल किया

■ NBT न्यूज, जींद

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के इंजन का ट्रायल गुरुवार को जींद से भंभेवा स्टेशन तक किया गया। यहां सोनीपत रेलवे ट्रैक पर ट्रायल की जाएगी। ट्रायल में ब्रेक लगाने के सिस्टम और सुरक्षा मानकों की जांच हुई। इंजन को एक दूसरे डीजल इंजन से जोड़कर सुरक्षित तरीके से भम्भेवा पहुंचाया गया। यह पूरी प्रक्रिया तय मानकों के तहत की गई ताकि किसी प्रकार की तकनीकी या सुरक्षा संबंधी परेशानी न हो। ट्रायल के दौरान आसपास के रेलवे ट्रैक, सिग्नल व्यवस्था और स्टेशन परिसर की भी जांच की गई।

दूसरे इंजन से जोड़कर जींद से ले जाया गया हाइड्रोजन इंजन

रेलवे ने आम लोगों से भी अपील की है कि ट्रायल के समय रेलवे ट्रैक के आसपास न जाएं और नियमों का पालन करें। भंभेवा स्टेशन के आसपास अगले तीन से चार दिनों तक हाइड्रोजन ट्रेन इंजन का ट्रायल किया जाएगा। इस दौरान इंजन की गति, ब्रेकिंग सिस्टम, तकनीकी क्षमता और सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की जाएगी।

चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में खिला कमल, BJP के सौरभ जोशी जीते

त्रिकोणीय मुकाबले में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस को हराया

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

मेयर चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार सौरभ जोशी ने गुरुवार को 18 वोट हासिल कर जीत दर्ज की, जबकि AAP को 11 वोट और कांग्रेस को सात वोट मिले। पहली बार मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव हाथ खड़ा कर किया गया। नगर निगम में बीजेपी पहले ही संख्या बल में आगे थी और AAP-कांग्रेस के अलग-अलग लड़ने से बीजेपी की जीत तय मानी जा रही थी। जोशी के चुनाव जीतने के बाद उनके साथियों ने उन्हें मेयर की कुर्सी पर बैठाया। इस बीच संबोधन के दौरान सौरभ भावुक हो गए। उनकी आंखों में आंसू थे और हाथ में पिता की फोटो।

चंडीगढ़ में मेयर चुनाव में बीजेपी के सौरभ जोशी को 18 वोट मिले और उन्होंने बड़ी जीत हासिल की। आम आदमी पार्टी के योगेश ढींगरा को 11 वोट मिले जबकि कांग्रेस के गुरप्रीत गाबी को केवल 7 वोट मिले। इस बार मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पदों के लिए त्रिकोणीय मुकाबला था।

कांग्रेस के उम्मीदवार गुरप्रीत गाबी को सिर्फ सात वोटों में कांग्रेस के छह पार्षद और चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी का वोट शामिल था। इस बार मेयर चुनाव में मुकाबला त्रिकोणीय था। AAP, BJP और कांग्रेस तीनों मैदान में थीं। पहली बार मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर तीनों पदों का चुनाव हाथ खड़ा करके किया गया। तीनों पदों के लिए तीनों पार्टियों ने उम्मीदवार उतारे थे।

मेयर चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार सौरभ जोशी (बाएं से पहले) जीत दर्ज की। सीनियर डिप्टी मेयर जसमनप्रीत सिंह बने। डिप्टी मेयर सुमन बनीं।

पिता की तस्वीर लाए थे सौरभ

सौरभ जोशी सदन में अपने पिता जयराम जोशी की तस्वीर अपने पिता जयराम जोशी वाले याद करते हुए उनकी आंखों ने आंसू निकल आए। जोशी ने कहा कि ये मेरी उड़ान नहीं, पिता की तपस्या का फल है। यह जीत नहीं जिम्मेदारी है। सौरभ जोशी को पार्टी के सहयोगी पार्षदों ने जब मेयर की सीट पर बैठाया तो वे काफी इमोशनल दिखे। मेयर बनने के बाद जोशी को आप के प्रत्याशी योगेश ढींगरा ने गले लगा कर बधाई दी। उन्होंने कहा, सदन में मुझे सिर्फ अपने पिता की परछाई दिखती है। एक पिता की तपस्या एक बेटे का संकल्प है

चंडीगढ़ रूट पर एक साल में 4.84 लाख का चालान

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़



राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर हरियाणा पुलिस के सीसीटीवी लगाए जाने के बाद एक साल में चार लाख से अधिक वाहनों के चालान किए गए हैं। हरियाणा पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने गुरुवार को बताया कि 2025 के दौरान एनएच-44 पर एएनपीआर कैमरों के माध्यम से कुल चार लाख 84 हजार 617 ऑनलाइन चालान जारी किए गए। 2025 में ओवर-स्पीडिंग के कुल छह लाख 64 हजार 54 चालान किए गए। तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के उपयोग पर 12 हजार 126 चालान किए गए। वर्ष-2024 में यह संख्या 6733 थी। इन सख्त कार्रवाई से यातायात नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है और लोगों में नियमों के पालन की प्रवृत्ति बढ़ी है।

पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने बताया कि परियोजना के प्रारंभिक चरण में फरवरी और मार्च 2025 में लगभग 50,000 ऑनलाइन चालान हर महीने किए गए, जबकि निरंतर सख्त प्रवर्तन, तकनीक आधारित निगरानी और व्यापक जन-जागरूकता अभियानों के चलते अब यह संख्या घटकर औसतन 30,000 चालान हर महीने रह गई है। हर महीने लगभग 20,000 चालानों की यह कमी इस बात का स्पष्ट संकेत है कि आमजन अब यातायात नियमों को गंभीरता से ले रहा है। चोरी, डकैती और झपटमारी के 38 मामलों का सफलतापूर्वक खुलासा किया गया है।

■ फरवरी और मार्च 2025 में लगभग 50,000 ऑनलाइन चालान हर महीने किए गए
■ यह संख्या घटकर औसतन 30,000 चालान हर महीने रह गई है।

AI से बजट के लिए नौ हज़ार सुझाव

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : हरियाणा सरकार के बजट में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एआई व मोबाइल ऐप से अब तक नौ हजार सुझाव मिल चुके हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बजट से पहले 12 बैठकों ने राज्य का बजट बनाने के विषय में मंथन किया



सीएमओ ऑफिस से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री ने वित्त मंत्री होने के नाते 2025-26 का 2 लाख 5 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया था, जो इस साल बढ़कर करीब सवा दो लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। 2026-27 का बजट तैयार करने में आईटी और एआइ की अहम भूमिका रहेगी।

मुख्यमंत्री ने 6 जनवरी से एआई आधारित ऐप शुरू की थी, जिस पर बजट पूर्व परामर्श से नौ हजार से अधिक सुझाव प्राप्त हो चुके हैं। इस ऐप पर 31 जनवरी तक आने वाले अच्छे सुझावों को बजट में शामिल किया जाएगा। बजट पूर्व परामर्श बैठकों में 1597 लोगों से विचार विमर्श हुआ, जिसमें कुल 1513 सुझाव प्राप्त हुए। पिछले वर्ष बजट पूर्व परामर्श बैठकों के दौरान 1592 सुझाव आए थे, जिनमें से 706 सुझावों को बजट में शामिल किया गया था।

कुरुक्षेत्र मे फूड एंड सप्लाई अफसर सस्पेंड

■ NBT न्यूज,कुरुक्षेत्र :जिले में ग्रीवेंस कमिटी की बैठक में गुरुवार को खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों के मंत्री राजेश नागर ने फूड एंड सप्लाई इंस्पेक्टर को सस्पेंड करने का आदेश दिया। बैठक लघु सचिवालय के सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने की।


विभाग के मंत्री ने निलंबित किया

मंत्री राजेश नागर ने ग्रीवेंस कमिटी की बैठक में लाडवा के खाद्य और आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। रविंद्र कुमार के पास बारदाने का चार्ज है। सोनू नारंग ने मामले की शिकायत की थी, जिस पर एक्शन लिया गया।

महेंद्रगढ़ में कार हादसा, तीन लोगों की हुई मौत

■ NBT न्यूज, भिवानी

AI Image

महेंद्रगढ़ में नैशनल हाइवे नंबर-152डी पर गांव बुचावास के पास बुधवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

पुलिस ने गुरुवार को बताया कि मारे गए लोगों में राजस्थान जाट महासभा के प्रदेश महासचिव खेम सिंह चौधरी, रमेशचंद मीणा और भागचंद मीणा शामिल हैं। तीनों कार से राजस्थान लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार गांव बुचावास के पास पहुंची, किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। टक्कर के बाद आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे और कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। खेम सिंह चौधरी और रमेशचंद मीणा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि भागचंद मीणा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल भागचंद मीणा को ऐंबुलेंस की सहायता से कनीना के उपनागरिक अस्पताल लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर रोहतक स्थित पीजीआई रेफर किया गया। पीजीआई में इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। कनीना अस्पताल पहुंचे परिजनों ने पुलिस को बताया कि तीनों बुधवार को संत रामपाल के आश्रम गए थे और देर रात कार से राजस्थान लौट रहे थे। इसी दौरान यह दर्दनाक हादसा हुआ

ट्रक ड्राइवर की हादसे में मौत


AI Image

■ NBT न्यूज,यमुनानगर : जिले मे बुधवार की रात एक सड़क हादसे मे ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। हादसा खिजराबाद क्षेत्र के पास हुआ, जहां ट्रक चला रहे 27 वर्षीय युवक के सिर मे गंभीर चोट लगने से मौके पर ही हालत नाजुक हो गई। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के रहने वाले मोहम्मद आदिल के रूप में हुई। हादसा लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली के कारण हुआ। संभवतः सड़क पर चल रही ट्राली से बाहर निकली हुई लंबी लकड़ी ट्रक की ड्राइवर साइड से केबिन में घुस गई।

फटाफट खबरें

कुष्ठ जागरूकता अभियान आज से

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने गुरुवार को प्रदेश के लोगों से आह्वान किया कि कुष्ठ रोगियों के साथ भेदभाव खत्म करें तथा उनकी गरिमा सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि कुष्ठ जागरूकता अभियान 30 जनवरी से शुरू होकर 13 फरवरी तक चलेगा। हरियाणा में 338 कुष्ठ रोगी इलाज करवा रहे हैं

31 को पहला AI शिखर सम्मेलन

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : सरकार के अधिकारियों व कर्मचारियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से कार्यप्रणाली में सुधार लाने के उद्देश्य से टी.आई.ई सरकार के साथ मिलकर 31 जनवरी को पहला AI शिखर सम्मेलन आयोजित करेगा। शिखर सम्मेलन का थीम ग्लोकल एआई - रियल इम्पैक्ट रखा गया है।

कुरुक्षेत्र में UGC का फूंका पुतला

■ NBT न्यूज, कुरुक्षेत्र : जिले में विभिन्न संगठन के पदाधिकारियों ने रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार को यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन का पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से यूजीसी ऐक्ट को वापस लेने की मांग की। इससे पहले भगवान परशुराम चौक से यूजीसी की शव यात्रा निकाली गई।

सोनीपत में बिल्डर के घर ED का छापा

■ NBT न्यूज, सोनीपत : सोनीपत में गुरुवार को एन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट की टीम ने बिल्डर जॉनी त्यागी के घर छापा मारा। सीआरपीएफ जवानों के कड़े पहरे में बिल्डर जॉनी त्यागी के घर और दूसरे ठिकानों पर छानबीन हुई।

TIMES interact

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I, Aditya S/o Sh. Parveen Kumar R/o 146/18, Friends Colony, Civil lines, Gurugram, Haryana 122001 inform to change my name from Aditya to Aditya Kumar for all purposes.

मैं ललित कुमार पुत्र श्री हरिओम निवासी वार्ड नं०- 12, चोंधी वाड़ा, तहसील सोहना, जिला गुरुग्राम सूचित करता हूं कि मैंने अपनी पुत्री पलक सिंगला का नाम बदल कर अंशिका सिंगला रख लिया है।भविष्य में पलक सिंगला को अंशिका सिंगला के नाम से जाना जाये

मैं, सौरभ पुत्र श्री अरविन्द कुमार निवासी गांव व पोस्ट नैचाना, तहसील बावल, जिला रेवाड़ी (हरियाणा) सूचित करता हूं कि मैंने अपने जन्म प्रमाण पत्र, शिक्षा रिकार्ड व भविष्य में सभी उद्देश्यों हेतु अपना नाम सौरभ से बदलकर सौरभ जांगिड़ कर लिया है।

मैं, बेचोमोनी मेक पत्नी नं. 17018320W CPN राजेश मेक निवासी 108 गांव कुसियाचिल, जिला दिमापुर, राज्य नागालैंड - 797116, मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम बेचोमोनी सोनोवाल गलत दर्ज है , मेरा सही नाम बेचोमोनी मेक है भविष्य में जाना जाए। एफिडेविट नंबर 24069 दिनांक 22/1/2026 गुरुग्राम हरियाणा।

IT is for general information that I Kuldeep Dagar S/o Chuni Lal R/o Plot No 1P, Sector 15 Part 1, Gurugram Haryana 122001 declare that name of my minor daughter has been wrongly written as Pari Dagar in my minor daughter namely Garvita Dagar aged 06 years in her school record. The actual name of my minor daughter is Garvita Dagar, which may be amended accordingly.

मैं, प्रतिभा पत्नी श्री प्रवेश निवासी मकान नम्बर 385, सेक्टर -36, मोहम्मदपुर झाड़सा, गुरुग्राम । मैंने भविष्य के सभी कार्यों के लिए, अपना नाम प्रतिभा भाटी से बदलकर प्रतिभा रख लिया है।

खोया एवं पाया

मैं, शारदा देवी पत्नी संचनाथ, निवासी मकान नंबर G109, गली नंबर 4, फेज-3, गुरुग्राम, ने प्लॉट नंबर 47, गली नंबर 18, H-ब्लॉक अशोक विहार फेज-3, गुरुग्राम का अपना ओरिजिनल जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी एवं वसियतनामा खो दिया है। जिसे भी मिले, वह ऊपर दिए गए पते पर संपर्क करें या 9811935649 पर कॉल करें।

I, Ankur Manglik S/o Sushil Kumar Manglik, R/o H.No : 34/301, Heritage City, Gurugram. I have lost my original BBA, Allotment letter, Possession letter & payment receipts Unit Bearing No. 02, built up area of 1895.271 Sq. Ground Floor Tower-20/002 ,Vipul Greens, Sec-48, Sohna Road Gurgaon. If anybody found, return the above address.

30 लाख से महंगा खरीदा बेचा मकान तो पैन ज़रूरी

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : हरियाणा राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग ने गुरुवार सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए हैं कि राज्य भर में 30 लाख रुपए से अधिक मूल्य वाली संपत्ति रजिस्ट्री में पेंडिंग परमानेंट अकाउंट नंबर (पैन) विवरण तुरंत जमा कराए जाएं। FC राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने गुरुवार पत्र जारी किया गया।

40 किलो चांदी की लूट के ड्रामे का भंडाफोड़, आठ किलो चांदी ज़ब्त

सेल्समैनों ने चांदी के बढ़ते भाव देकर बनाया था प्लान

■ NBT न्यूज, जींद

सफीदों के बुढ़ाखेड़ा के पास तीन दिन पहले हुई 40 लाख रुपये कीमत चांदी की लूट की घटना ड्रामा निकली है। दोनों सेल्समैन ने चांदी के भाव उछाल को देखते हुए उसे हड़पने के लिए लूट का ड्रामा रचा था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर गुरुवार को सात किलो 906 ग्राम चांदी को बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों सेल्समैन के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी टूट गया और सच उगल दिया

एसपी कुलदीप सिंह ने गुरुवार को बताया कि श्याम नगर कॉलोनी निवासी सन्नी ने 27 जनवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह अपने साथी संदीप के साथ दिल्ली की केसरी इंटरप्राइजेज से चांदी के लॉकेट और अंगूठी लेकर जींद और आसपास के शहरों में सप्लाई करते हैं। 26 जनवरी देर रात को वे चांदी के जेवरात असंध तथा सफीदों में मार्केटिंग कर घर लौट रहे थे। दोनों युवकों के हावभाव तथा बातों में भिन्नता पर पुलिस को संदेह हुआ। जिसके बाद पुलिस ने दोनों युवकों से सख्ती से पूछताछ की। जिस पर दोनों ने लूट के ड्रामे का रहस्य बता दिया।

अस्पताल में केमिस्टों का हंगामा, गेट पर जड़ा ताला

■ NBT न्यूज,करनाल

AI Image

शहर के एक प्राइवेट अस्पताल में लंबे समय से बकाया भुगतान को लेकर दवाई सप्लाई करने वाले केमिस्टों ने गुरुवार को जमकर हंगामा मचाया। अस्पताल के गेट पर ताला जड़ दिया। केमिस्टों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन पर दवा की सप्लाई करने वाले अलग-अलग केमिस्टों का करीब सवा करोड़ रुपये का पेमेंट पेंडिंग है, जो लगभग डेढ़ साल से अटका हुआ है।

केमिस्टों का आरोप, 1.25 करोड़ का पेमेंट पेंडिंग

करनाल डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट असोसिएशन के बैनर तले प्रदर्शन कर रहे केमिस्ट्स ने अमृतधारा सिग्नस अस्पताल के मैनेजमेंट पर वादाखिलाफी के आरोप लगाए। भुगतान न मिलने से परेशान केमिस्टों ने ओपीडी बंद कर दी, जबकि आपातकालीन सेवाओं को चालू रखने की बात कही गई।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इससे पहले भी इसी मुद्दे को लेकर अस्पताल के बाहर धरना दिया गया था। उस दौरान अस्पताल प्रबंधन ने 4 लाख रुपये की पेमेंट की थी। इसके बाद समझौता किया गया कि हर महीने 15 से 22 तारीख के बीच कुल बकाया राशि का 25 प्रतिशत भुगतान किया जाएगा, लेकिन कुछ नहीं मिला।

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

PRAYER MEETING
In the loving memory of

SMT. SHAKUNTALA KUMARI
W/O LATE SH. DINA NATH ARORA
Chairperson, Mount Abu Group of Institutions
1938–2026
left for heavenly abode on January 27, 2026.
Friday, 30th January, 2026
Time : 3:00 - 4:00 PM
Venue : Mount Abu Public School, Sector 5, Rohini, New Delhi
IN GRIEF
Management & Staff of Mount Abu Group of Institutions
Arora Family
Bharat Arora - Jyoti Arora
Manish Arora - Archana Arora
Sanchit, Kartik, Samridhi, Sparsh

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

Publications	Rates per sq. cms
TOID Capital + NBT (Delhi+NCR)	1295
TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR)	1360
THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR)	780
THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run##	900
NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR)	595
THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR)	715
SANDHYA TIMES (Delhi)	100

Rates effective 5th June 2019
► *Placement on specified obit pages only. ► This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ► ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ► TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".
The silent joy of remembering a loved one. The moments you shared together. Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

Publications	Total Outlay
The Times of India Delhi/NCR	5,600
TOI+NBT (Delhi/NCR)	8,800
TOI+ET (Delhi/NCR)	6,600

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TO BOOK AN OBITUARY AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088 & PANKAJ : 81306 04727

'Death is the golden key that opens the palace of eternity.' - Milton

रेलवे TTE की हत्या में पांच को उम्रकैद

■ NBT न्यूज,पानीपत : पानीपत की जिला एवं सत्र अदालत ने करीब तीन साल पहले सनौली रोड पर हुए चर्चित रेलवे TTE मनप्रीत मलिक हत्याकांड में दोषी करार दिए गए पांचों दोषियों को गुरुवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने मुख्य आरोपी नीतीश सहित सभी पांचों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

दोषियों में नितिश, जयकरण,कार्तिक, सचिन और कपिल शामिल है। मौके की CCTV फुटेज और प्रत्यक्षदर्शी चाचा की गवाही से न्याय मिला है। वारदात में एक युवक की मौत हो गई थी दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ था।

लड़के के चाचा हिम्मत सिंह ने पुलिस को बताया था कि 5 अक्टूबर 2022 जब वह बाजार में गोयल मार्बल के पास पहुंचे, तो 6-7 लड़के उनके भतीजे मनप्रीत और गांव के ही एक अन्य युवक मनीष पर हमला कर रहे थे। हमलावरों ने मनप्रीत के हाथ, कमर और छाती के पीछे के हिस्से में चाकुओं से कई वार किए थे। मनप्रीत और मनीष को अस्पताल ले जाया गया, जहां से मनप्रीत की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP5 User: cci Time: 01-29-2026 22:23 Color:

लापता दिल्ली

पार्ट-4

भीड़-भाड़ भरी दिल्ली से रोज लापता हो रहे हैं लोग। नवजात से लेकर बुजुर्ग तक शुमार है इस फेहरिस्त में। कुछ घरों की खुशी लौट आती है। कुछ के हिस्से में ताउम्र रहता है गम। इसी पर फोकस है एनबीटी की यह सीरीज।

72% लड़कियां लापता होने वाले टीनएजर्स में

AI Image

जवानी की तरफ बढ़ते कदम, शारीरिक कैमिकल लोचे से अपोजिट जेंडर की ओर आकर्षण, मुट्ठी में मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के हर पल के दखल का असर टीनएजर्स पर गहरा पड़ रहा है। वर्चुअल दुनिया बस चुकी है, जहां ऑनलाइन दोस्ती, भावनात्मक ब्लैकमेलिंग, झूठी शानो-शौकत और ताउम्र साथ निभाने का वादा कर शादी तक के ख्वाब दिखाए जा रहे हैं। नतीजतन 12 से 18 साल तक की अल्हड़ उम्र में कदम बहक रहे हैं। इसी पर है अश्वनी शर्मा की यह स्पेशल रिपोर्ट:

11 साल में 12-18 साल तक के 28% लड़के हुए गुमशुदा



इतनों का पता लगाया

साल	लड़के	लड़की	कुल
2015	2368	3332	5700
2016	1739	3054	4793
2017	1549	3217	4766
2018	1428	3217	4645
2019	1382	3442	4824
2020	699	2616	3315
2021	983	3526	4509
2022	1168	3413	4581
2023	1118	3296	4414
2024	919	2936	3855
2025	829	2807	3636

इनका आज तक पता नहीं

साल	लड़के	लड़की	कुल
2015	125	18	508
2016	217	457	674
2017	116	319	435
2018	183	436	619
2019	141	181	322
2020	38	231	269
2021	72	254	326
2022	117	500	617
2023	170	675	845
2024	236	953	189
2025	235	1042	1277

नोट: साल 2025 के सभी आंकड़े 25 दिसंबर तक के हैं।

लड़कियां ज्यादा हो रही हैं लापता

बीते 11 साल का दिल्ली पुलिस का रिकॉर्ड 12 से 18 साल की उम्र की लड़कियों को लेकर काफी चिंताजनक है। इसके मुताबिक, 2015 से 2025 तक कुल 56,119 टीनएजर्स घर से लापता हुए। इनमें लड़कों की तादाद जहां 15,832 रही, वहीं लड़कियों की संख्या 40,287 तक पहुंच गई। यानी लापता होने वालों में लगभग 72 फीसदी लड़कियां रहीं। राहत की बात ये है कि कुल 50,168 को ट्रेस कर लिया गया, जिनमें 14,462 लड़के और 35,706 लड़कियां हैं। यह जरूर है कि 5,951 लड़के-लड़कियों का आज तक कोई सुराग नहीं मिला।

सोशल मीडिया का कनेक्शन

पुलिस अफसर बताते हैं कि खोजने पर इस उम्र के लड़के-लड़कियों से बातचीत में सामने आया कि ऑनलाइन दोस्ती, भावनात्मक ब्लैकमेल और झूठी शानो-शौकत और शादी वादे में वो बहक गए थे। अनालिसिस किया तो भावनात्मक/लव अफेयर से जुड़े 35%, सोशल मीडिया/ऑनलाइन संपर्क से जुड़े 30% और घरेलू तनाव-पाबंदियों से जुड़े 25% मामले देखने को मिले। यानी फोन और सोशल मीडिया का गहरा असर इसके पीछे था। महज 10% मानसिक रूप से कमजोर लड़के-लड़कियां थे, जो परिवार की लापरवाही के कारण भटक गए।

मिडल क्लास के हो रहे शिकार

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, पहले बात, फिर सहानुभूति और आखिर में वादा। लड़की को लगता है कि यही सच्चा दोस्त है, जो उसे समझता है। शादी का झांसा, बेहतर जिंदगी का सपना और घर की सख्ती से छुटकारा... ये तीन बातें 85% लड़कियों की गायब होने के केसों में में सामने आईं। जब तक धोखे का पता चलता है, तब तक काफी देर हो चुकी होती है। मिडल क्लास की लड़कियां ज्यादा शिकार हो रही हैं। माता-पिता जॉब में तो बच्चा फोन और सोशल मीडिया से खेलता है। ऑनलाइन क्लास भी एक बड़ी वजह है।

बदलाव की आहट समझें:

PSRI हॉस्पिटल के सायकायट्रिस्ट डॉ. परमजीत सिंह कहते हैं, यह शारीरिक-मानसिक बदलाव का फेज है। बॉडी का साइज चेंज होता है, सेक्सुअल पार्ट्स में बदलाव होता है। नई-नई चीजें अनुभव करते हैं, उत्तेजना ज्यादा होने लगती है और गुस्सा भी। डिवेलपमेंट इस फेज में वो ना तो अडल्ट होते हैं और ना ही बच्चे। सोच और व्यवहार परिवार और समाज से मेल नहीं खाता तो लगता है कि उन्हें कोई समझता नहीं है। फोन के युग में इनकार तो उन्हें पसंद ही नहीं। नशे और बहकावे में आने का खतरा रहता है। यहां पैरेंट्स का रोल अहम हो जाता है।

कल पढ़ें...

पुलिस ने कैसा मिकैनिज्म बनाया है लापता बच्चों को तलाशने के लिए, पीड़ित परिवारों से भी होगी बात



55 साल बाद शहीद के नाम पर रखा गया सरकारी स्कूल का नाम

■ NBT न्यूज, झज्जर

भारत-पाक की जंग में 55 साल पहले शहीद हुए भलेराम के नाम से गांव अच्छेज के सरकारी विद्यालय का नाम रखा गया है। गांव अच्छेज के सरकारी स्कूल का नाम शहीद भले राम रखने पर ग्रामीणों ने सरकार का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि शहीद भलेराम का पैतृक गांव अच्छेज था और सरकार की तरफ से स्कूल का नाम शहीद के नाम पर रखने से गांव को सम्मान दिया गया है।

1971 में भारत-पाक के बीच हुए युद्ध में शहीद हुए थे भलेराम

गांव अच्छेज के सरपंच राजेंद्र सिंह ने बताया कि शहीदों के नाम पर सार्वजनिक संस्थानों का नामकरण करना केवल सम्मान नहीं, बल्कि एक संदेश है कि देश अपने वीर सपूतों को कभी नहीं भुलाया जा सकता। परिजनों व ग्रामीणों ने मिठाई भी बांटी। इस मौके अनिल, पंच पवन, रोहताश आदि मौजूद रहे।

2023 में पास हुआ था प्रस्ताव

गांव अच्छेज के सरपंच राजेंद्र सिंह सरकार की तरफ से गांव में स्कूल, पार्क, स्टेडियम पर शहीद का नाम लिखने के लिए प्रस्ताव मांगा गया था। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में गांव में ग्राम सभा की बैठक हुई थी और बैठक में गांव अच्छेज के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पर शहीद भले राम का नाम लिखने का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया था। सरकार ने प्रस्ताव पास कर स्कूल का नाम शहीद भलेराम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रखा है।

5 दिन बाद मौत से जंग लड़कर हारी दिल्ली पुलिस की बेटी, 22 जनवरी को किया था हमला

दिल्ली पुलिस की SWAT कमांडो काजल की हत्या, पति गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, मोहन गार्डन

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के SWAT यूनिट में तैनात महिला कमांडो काजल की हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। हत्या का आरोप काजल के पति अंकुर पर ही लगा है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी पति मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस में क्लर्क है। वहीं, काजल के पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला है कि वह चार महीने की गर्भवती थी।

बुधवार को हुआ पोस्टमॉर्टम 4 महीने की गर्भवती भी थी काजल

डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि 22 जनवरी की रात करीब 10 बजे पुलिस को इस मामले की सूचना मिली थी। सूचना के बाद मोहन गार्डन थाने की पुलिस द्वारका मोड़ स्थित तारक हॉस्पिटल पहुंची। वहां पता चला कि काजल को हेड इंजरी हुई थी। पूछताछ में पता चला कि काजल के पति अंकुर ने ही मोहन गार्डन स्थित घर में उन पर हमला किया था। इसके बाद पुलिस ने अंकुर को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, काजल की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें गाजियाबाद के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें 'ब्रेन डेड' घोषित किया था। काजल पांच दिनों तक मौत से लड़ती रहीं, पर 5 दिनों तक वेंटिलेटर पर रहने के बाद 27 जनवरी को काजल की मौत हो गई। बुधवार को पोस्टमॉर्टम के बाद काजल की बॉडी उनके परिजनों को सौंप दी गई।

■ पति पर ही है हत्या का आरोप, पुलिस ने मौत के बाद मर्डर की धाराएं जोड़ दी हैं

■ मोहन गार्डन में हुई 22 जनवरी को हुई थी वारदात, 27 को गाजियाबाद में हुई मौत

■ आरोपी पति डिफेंस मिनिस्ट्री में क्लर्क के पोस्ट पर है तैनात, 2023 में हुई थी शादी

काजल 2022 में दिल्ली पुलिस में हुई थी भर्ती

कॉलेज का प्यार और खूनी अंत

जांच में आया है कि अंकुर हरियाणा के गोहाना का रहने वाला है। काजल भी गोहाना की रहने वाली थी। कॉलेज के दिनों से दोनों एक-दूसरे को जानते थे। साल 2023 में दोनों की शादी हुई थी। काजल 2022 में दिल्ली पुलिस में कॉन्स्टेबल पद पर भर्ती हुई थी। अपनी काबिलियत के दम पर SWAT यूनिट में जगह बनाई। अंकुर अभी दिल्ली कैंट में तैनात है।

अंकुर अक्सर करता था मारपीट

काजल की मां ने बताया कि बेटी की शादी में 20 लाख रुपये खर्च किए थे। फिर भी वह उससे हमेशा झगड़ता था। काजल बताती थी कि सारी सैलरी लोन में चली जाती है। जब झगड़ा होता था तो अंकुर माफी मांग लेता था और बच्चे की कसम खा लेता था। लेकिन कुछ दिन बाद फिर झगड़ा करता था। परिवार ने बताया कि 22 जनवरी को अंकुर ने फोन पर कहा कि मैं इसको मार दूंगा।

भाई की फीस भरने को लेकर हुआ विवाद

पूछताछ में पता चला है कि 22 जनवरी को अंकुर और काजल के बीच इसलिए झगड़ा शुरू हुआ क्योंकि अंकुर ने भाई की फीस जमा कर दी थी। झगड़ा इतना बढ़ा कि गुस्से में अंकुर ने पहले काजल का सिर चौखट में मारा, फिर दीवार पर मारा। उसके बाद डबल से सिर पर हमला करके उसे बेहोश कर दिया। दोनों का डेढ़ साल का एक बेटा भी है।

पुलिस की अब तक की कार्रवाई | 22 जनवरी को सूचना मिलते ही मोहन गार्डन थाना पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद अंकुर पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया था। काजल की मौत के बाद अब FIR में हत्या की धारा जोड़ दी गई है।

दो छात्राओं से मोबाइल स्नैचिंग

■NBT रिपोर्ट, मौरिस नगर : मौरिस नगर इलाके में दिल्ली यूनिवर्सिटी के आर्ट फैकल्टी के पास यूपीएससी और ग्रेजुएशन कर रही दो छात्राओं से लूटपाट का मामला सामने आया है। दोनों छात्राओं से अलग-अलग समय पर लूट हुई। पुलिस जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक मूलरूप से बिहार निवासी प्रिया रानी दिल्ली के मलकागंज इलाके में किराए में रहती हैं और UPSC की तैयारी कर रही हैं। वह कनॉट प्लेस गई थीं। लौटते समय विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन से उतरकर ई-रिक्शा से अपने PG जा रही थीं। रात करीब 10:45 के आसपास आर्ट फैकल्टी गेट नंबर 4 के पास एक स्पोर्ट्स बाइक पर आए दो लड़कों ने उनके हाथ से मोबाइल छीन लिया। फिर दोनों क्रांति चौक की तरफ फरार हो गए।

मर्डर में पुलिस ने पकड़े 5 नाबालिग

■NBT न्यूज, शास्त्री नगर: शास्त्री नगर मेट्रो स्टेशन के बाहर एक युवक की हत्या के मामले में 5 नाबालिगों को पकड़ा गया है। इनकी उम्र 16-17 साल के बीच बताई गई है। पता चला कि मृतक युवक ने पकड़े गए आरोपियों में से एक की बहन का फोटो ऑनलाइन पोस्ट कर दिया था। इसके चलते वह नाराज था और उसी का बदला लेने के लिए हत्या की वारदात को 26 जनवरी के दिन मेट्रो स्टेशन के बाहर अंजाम दिया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लड़कों ने चाकू मारकर एक युवक को बुरी तरह घायल कर दिया है। घायल को पहले दीपचंद बंधु हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था जहां से RML में रेफर कर दिया था।

विदेशी दूल्हा बनकर ठगने वाले नाइजीरियाई गैंग का भंडाफोड़

पुलिस ने डिलिवरी बॉय बनकर एक नाइजीरियन समेत 3 को पकड़ा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

राजधानी की नॉर्थ साइबर पुलिस ने मैट्रिमोनियल ऐप्स और सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म के जरिए लोगों को अपना शिकार बनाने वाले एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह का मास्टरमाइंड एक नाइजीरियाई नागरिक है, जो अपने भारतीय सहयोगियों के साथ मिलकर 'विदेशी दोस्त' बनकर ठगी करता था। पुलिस ने मुख्य आरोपी कुलीबेली अमारा के साथ उसके भारतीय मददगारों-अंश ओबेरॉय, कुणाल और एक 16 वर्षीय नाबालिग को पकड़ा है।

ठगी का यह मामला तब सामने आया जब बुराड़ी निवासी 40 वर्षीय एक महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। महिला ने बताया कि वॉट्सऐप पर दोस्ती करने के बाद एक व्यक्ति ने उन्हें 50,000 पाउंड नकद और महंगे विदेशी गिफ्ट भेजने का झांसा दिया। इसके बाद एयरपोर्ट क्लियरेंस, कस्टम ड्यूटी और अन्य शुल्कों के नाम पर पीड़िता से 4.20 लाख रुपये ठग लिए गए।

बुराड़ी में रहने वाली एक महिला से की थी लाखों रुपये की ठगी

आरोपियों ने फर्जी पुलिस अफसर बनकर महिला को धमकाया कि उसका विदेशी दोस्त पकड़ा गया है और उसे छुड़ाने के लिए और पैसों की जरूरत है।

कैसे हत्थे चढ़ा मास्टरमाइंड : एसीपी विदुषी कौशिक और एसएचओ रोहित गहलोत की टीम ने 200 से अधिक मोबाइल नंबरों और बैंक लेनदेन की जांच की। पुलिस ने सबसे पहले नाबालिग को पकड़ा, जिसकी निशानदेही पर अंश और कुणाल दबोचे गए। ये दोनों नाइजीरियाई ठग को फर्जी बैंक खाते और सिम कार्ड मुहैया कराते थे। मुख्य आरोपी अमारा तक पहुंचने के लिए पुलिस ने 'डिलिवरी बॉय' बनकर जाल बिछाया और उसे बुराड़ी से गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि अमारा पिछले 7 साल से भारत में अवैध रूप से रह रहा था और पकड़े जाने से बचने के लिए घर और किराये के कमरों में ठिकाने बदलता रहता था।

कोर्ट का ऑर्डर कड़कड़डूमा कोर्ट ने हर्ष विहार थाने के एक मामले में सुनाया फैसला, कहा- ऑर्गनाइज्ड क्राइम के लिए दो केसों में संज्ञान लेना जरूरी

पुलिस को झटका, वसूली के 'दोस्ताना' गैंग से हटी धारा 111

Shanker.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: कड़कड़डूमा कोर्ट ने हर्ष विहार थाने के डेटिंग ऐप के जरिए दोस्ताना कर जबरन वसूली करने वाले एक बहुचर्चितकेस में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 111(2) हटा दी है। अदालत का कहना है कि सभी छह आरोपियों के खिलाफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम के लिए लगातार गैरकानूनी गतिविधि की जरूरी शर्तें पूरी नहीं हो रही हैं। अपने आदेश में कोर्ट ने साफ किया कि संगठित अपराध साबित करने के लिए पिछले 10 साल में कम से कम दो ऐसे केसों में आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल होना और उन पर कोर्ट का संज्ञान लिया जाना अनिवार्य है, जो इस केस में मौजूद नहीं है।

■ शिकायतकर्ता का आरोप था कि टिंडर ऐप से दोस्ती कर उन्हें 3 जनवरी 2025 को मंडोली में मकान में बुलाया

■ वहां कॉम्प्रोमाइजिंग पोजिशन में आने के बाद मारपीट की, न्यूड विडियो बनाया

शिकायतकर्ता का आरोप था कि टिंडर ऐप के जरिए दोस्ती कर उन्हें 3 जनवरी 2025 को मंडोली स्थित एक सुनसान मकान में बुलाया गया, जहां कॉम्प्रोमाइजिंग पोजिशन में आने के बाद गैंग के कुछ मेंबर भीतर घुस आए। सभी ने मारपीट की, न्यूड विडियो बनाया। इसके बाद ऑनलाइन से 1.25 लाख रुपये जबरन ट्रांसफर कर लिए गए। हर्ष विहार पुलिस ने 8 जनवरी को गैंग के मेंबर 17 साल के नाबालिग के अलावा गाजियाबाद के लोनी निवासी अर्जुन उर्फ छोटू (24), नितिन उर्फ मच्छर (23), मंडोली के सबोली निवासी आकाश सिंह (24) और फैजान उर्फ बिट्टू (19) को पकड़ा। इनसे फोन भी रिकवर किया।

भरत उर्फ अंकित और अर्जुन सैनी को भी पकड़ा गया। पुलिस ने एक्सटॉर्शन समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया। बाद में संगठित अपराध के तहत बीएनएस की धारा 111(2) भी जोड़ दी। पुलिस ने अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी, लेकिन संगठित अपराध की धारा होने से आरोपियों को बेल नहीं मिल पा रही थी। लिहाजा आरोपियों ने इसका विरोध किया। अदालत का कहा कि पुलिस की तरफ से जिन पुराने केसों का हवाला देकर ऑर्गनाइज्ड क्राइम की धारा लगाई है, वो सिर्फ एक आरोपी से जुड़े हैं या ऐसे अपराध हैं, जिनकी सजा तीन साल से कम है या वो आर्थिक-संगठित जुर्म की कैटिगरी में नहीं आते हैं।

गोकुलपुरी में CS बना था इनका शिकार

पुलिस का दावा है कि इसी गैंग ने गुड़गांव के 48 साल के कंपनी सेक्रेटरी को फिजिकल रिलेशन का झांसा देकर 26 अप्रैल 2024 को साढ़े 3 घंटे तक बंधक बनाकर लूटा था। बैंक खातों से 2.25 लाख ट्रांसफर किए। गोकुलपुरी पुलिस ने 8 जून 2024 को 6 आरोपियों को पकड़ा था। इन्हें सितंबर 2024 में जमानत मिली थी, लेकिन चार आरोपी 3 जनवरी 2025 वाले केस में फिर पकड़े गए। कोर्ट ने 25 जुलाई 2025 को चारों की जमानत गोकुलपुरी वाले केस में भी कैंसल कर दी थी।



पहाड़गंज के होटल में आग, तीन झुलसे

बहादुरी...

- पुलिस और फायरकर्मियों ने आग में फंसे आठ लोगों को बचाया
- बगल वाले होटल की छत से पहुंचे, पीछे के रास्ते निकाला
- दरवाजा तोड़कर कमरा किया सर्च, एक सोया हुआ मिला

■ नवीन निश्चल, पहाड़गंज

पहाड़गंज के एक होटल में गुरुवार तड़के आग लग गई। देखते ही देखते ग्राउंड फ्लोर पर बना रिसेप्शन का पूरा एरिया और फर्स्ट फ्लोर आग की चपेट में आ गया। फायर ब्रिगेड को तड़के 3:05 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर अलग-अलग फायर स्टेशन से आग बुझाने वाली 10 गाड़ियां भेजी गईं। मौके पर पुलिस की टीम और कैट एंबुलेंस भी पहुंची। पुलिस और फायर कर्मियों ने बहादुरी दिखाते हुए होटल की बिल्डिंग से 8 लोगों को बाहर निकाला। आग से झुलसे 3 लोगों में से 2 को राम मनोहर लोहिया और 1 को लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में भर्ती कराया गया। 2 की हालत खतरे से बाहर है, जबकि तीसरे की हालत गंभीर है। यह शख्स 60 फीसदी जल गया है।

अधिकारियों के अनुसार, डिविजनल ऑफिसर मनीष, ADO राजेश शुक्ला, सुरेंद्र, STO रविंद्र, लीडिंग फायरमैन जगदीश आदि सहित 50 से ज्यादा फायरकर्मियों की टीम लगभग डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया। होटल की बिल्डिंग का बाहरी हिस्सा भी आग की चपेट में आया। घायलों की पहचान हितेश, वसंत और विनोद के रूप में हुई है।

होटल में बने हैं 18 कमरे



शुरुआती जांच में आग लगने का कारण रिसेप्शन एरिया में लगे बोर्ड में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। मौके पर मौजूद होटल के मैनेजर ने बताया कि 4 मंजिल की इस बिल्डिंग में 3 फ्लोर पर 18 कमरे बने हुए हैं। गुरुवार तड़के करीब 3 बजे अचानक स्पार्क हुआ और आग लग गई।

आज नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में 'सुरक्षा कवच'

■ NBT रिपोर्ट, नरेला इंडस्ट्रियल एरिया

आउटर नॉर्थ जिले के महत्वपूर्ण थानों में से एक नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में आज (शुक्रवार) 12:30 बजे दिल्ली पुलिस के साथ 'NBT सुरक्षा कवच' सभा का आयोजन है। पिछले एक हफ्ते से चल रहे NBT के सुरक्षा कवच अभियान को क्षेत्र के निवासियों से काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला। जिले के डीसीपी हरेश्वर वी. स्वामी ने नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थाना समेत इस जिले के अन्य थाना एरिया में अपराध के खिलाफ चल रहे अभियान और सुरक्षा से जुड़े पहलुओं को हमारे साथ साझा किया। इसी अभियान के एक अहम पड़ाव के तहत आज सुरक्षा सभा का आयोजन है। स्थानीय नागरिक इस सभा में आकर जिले के अफसरों से रूबरू हो सकेंगे।

सभा में आउटर नॉर्थ जिला डीसीपी हरेश्वर वी. स्वामी, अडिशनल डीसीपी चंद्र प्रकाश मीणा, अडिशनल डीसीपी नीरव पटेल, एसीपी राकेश कुमार, एसएचओ मनोज कुमार, जिला साइबर थाने के एसएचओ गोविंद सिंह, नरेला ट्रैफिक सर्कल इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार, NIA इंस्पेक्टर सुधीर राठी व अन्य मौजूद रहेंगे। स्थानीय लोग बिना किसी औपचारिक आमंत्रण के इस सभा में शामिल हो सकते हैं और इलाके की सुरक्षा से जुड़े किसी भी विषय पर पुलिस अधिकारियों के सामने अपने सवाल रख सकते हैं और समाधान पा सकते हैं। निवासी अपने सुझाव भी दे सकते हैं। इस दौरान लोगों को साइबर अपराध की चुनौतियों को लेकर भी जागरूक किया जाएगा।

आपके सवालों के मौके पर अफसर देंगे जवाब

इंडस्ट्रियल एरिया में ही सुरक्षा ऑडिट के दौरान जो भी समस्याएं आई हैं, उन्हें साझा किया जा सकता है, उन पर रोक लगाई जा सकती है। पुलिस अधिकारी भी लोगों को बताएंगे कि वे किस तरह के सुरक्षा उपाय कर सकते हैं। जिले के पुलिस अधिकारी भी लोगों को बताएंगे कि इलाके को सुरक्षित रखने के लिए वे अपने स्तर पर और क्या-क्या प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में एनबीटी के इस अभियान से जुड़कर स्थानीय लोग समस्याओं के निवारण में भागीदारी निभा सकते हैं।

शेड्यूल
- दिन : शुक्रवार (आज)
- तारीख : 30 जनवरी 2026
- समय : दोपहर 12:30 बजे से
- स्थान: नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थाना परिसर

स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सूचना मिलते ही पुलिस, बम और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंचे

स्कूलों में बम की धमकी मिलने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को एक बार फिर दिल्ली के कई नामी स्कूलों में बम की धमकी मिली। सूचना के बाद सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस, बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे। स्कूलों की जांच की गई, लेकिन जांच में कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली। जिसके बाद बम की कॉल को फर्जी करार दिया गया। पुलिस झूठी सूचना देकर पैनिक फैलाने वाले का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

पुलिस के अनुसार एयर फोर्स बाल भारती स्कूल, एमिटी, बिरला विद्या निकेतन, लॉरेटो कॉन्वेंट, डॉन बॉस्को स्कूल, आनंद निकेतन कार्मेल, सरदार पटेल विद्यालय और द्वारका कार्मेल स्कूल को अलग-अलग समय पर धमकी मिली थी। कैंट के लॉरेटो कॉन्वेंट स्कूल को सुबह 8:22 पर बम का फोन आया था। इसके बाद सीआर पार्क के डॉन बॉस्को स्कूल को 9:18 पर फोन आया। आनंद निकेतन स्थित कार्मेल स्कूल को 9:22 पर धमकी का मेल मिला। सेक्टर 23 द्वारका स्थित कार्मेल स्कूल को 9 : 25 पर ऐसा ही मेल आया। स्कूल प्रशासन की ओर से पुलिस को तुरंत मामले की सूचना दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंचीं। लोधी रोड के स्कूल की सुबह 10 बजे छुट्टी कर दी गई, जबकि सेंट्रल दिल्ली के स्कूल में सर्च ऑपरेशन के बाद फिर से क्लास शुरू कर दी गईं। सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस को कहीं भी कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। डॉन बॉस्को स्कूल में सभी छात्रों को ग्राउंड में एकत्र कर सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

तलाशी में कुछ नहीं मिलने पर कॉल फर्जी करार

जूलर्स से लूट में आरोपी गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, नूंह: पिनंगवा कस्बे में बीते साल 27 नवंबर को हुई करोड़ों रुपये की सोने-चांदी के आभूषणों की लूट में पुलिस ने तीसरे आरोपी आर्य सिंह उर्फ बाबा को तमिलनाडु से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार के बाद उसे कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए 7 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

27 नवंबर को नूंह जिले के पिनंगवा कस्बे में एक ज्वैलर्स की दुकान में घुसे बदमाशों ने हथियारों के बल पर करोड़ों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए थे। शिकायत मिलने पर पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर छह अलग-अलग टीमें गठित की थीं। पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनसे पूछताछ में तीसरे आरोपी का नाम और ठिकाना पता चला। जांच में पता चला कि आरोपी चोरी के बाद तमिलनाडु में छिप गया था। पुलिस की एक विशेष टीम तमिलनाडु पहुंची और वहां से आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी मूलरूप से उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के धनपुरा, थाना कादर चौक का निवासी है। पुलिस का दावा है कि जल्द गिरोह का भंडाफोड़ हो जाएगा।

मुर्गा मंडी में अवैध कटाई 'भयानक': HC

HC ने अवमानना याचिका पर MCD से दो हफ्तों में मांगा जवाब

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने गाजीपुर मुर्गा मंडी में मुर्गियों और दूसरे पक्षियों की लगातार हो रही अवैध कटाई को भयानक बताया है। चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस कारिया की डिवीजन बेंच ने गुरुवार को इलाके की तस्वीरों को देखा और पूछा कि क्या कोर्ट के 24 सितंबर, 2018 के गाजीपुर मंडी में ऐसे कत्ल पर रोक लगाने वाले आदेश का उल्लंघन किया जा रहा है। कोर्ट ने कहा, यह भयानक है।

बेंच पशु कल्याण कार्यकर्ता गौरी मौलेखी की ओर से दायर एक अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कोर्ट के 2018 के आदेश का पालन न करने का आरोप लगाया गया था। कोर्ट ने एमसीडी और अन्य सिविक एजेंसियों को अपने पिछले आदेशों का पालन न करने के आरोप वाली कोर्ट की अवमानना याचिका पर दो हफ्तों में जवाब देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने चेतावनी दी कि अगर जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया, तो अधिकारियों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाएगी। गुरुवार को सुनवाई के दौरान, मौलेखी ने कुछ तस्वीरें पेश कीं, जिससे कि यह दिखाया जा सके कि कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन किया जा रहा है। कोर्ट ने इलाके में पक्षियों की कटाई पर रोक लगा दी थी। अधिकारियों से सभी पर्यावरण और प्रदूषण की रोकथाम से जुड़े नियमों का पालन करते हुए एक प्रॉपर मार्केट स्थापित करने की योजना बनाने को कहा था।

पशु कल्याण कार्यकर्ता की याचिका पर हो रही थी सुनवाई

बेनतीजा रही थी मुर्गामंडी की पिछली जांच

2023 में भी इसी तरह की एक अवमानना याचिका हाई कोर्ट में गौरी मौलेखी ने दायर की थी। उन्होंने तब भी गाजीपुर मुर्गा मंडी में पर्यावरण नियमों के खिलाफ पक्षियों की कटाई का दावा करते हुए हाई कोर्ट के 2018 के आदेश की अवमानना का आरोप लगाया था। लेकिन, कोर्ट के निर्देश पर जांच पर निकले अधिकारियों को तब वहां न तो कोई अवैधता नजर आई और न ही किसी कानून का उल्लंघन होता मिला। नतीजतन, कोर्ट ने रिपोर्ट पर यकीन कर लिया और याचिका को निपटा दिया। अब तीन साल बाद फिर उसी तरह के आरोपों के साथ नई याचिका कोर्ट के सामने है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

चोरों का पीछा कर रहे पंच पर गोली चलाने में दो गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, रेवाड़ी

गांव औलांत के तीन घरों में चोरी करने और पीछा करने पर पंच पर गोली चलाने की वारदात में शामिल 3 साल से फरार चल रहे दो आरोपियों को सीआईए रेवाड़ी ने गिरफ्तार कर लिया है। उनकी पहचान पलवल के रवि कुमार व फरीदाबाद के नरेश उर्फ टीटू के रूप में हुई है। इस वारदात में शामिल हो दो आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। रवि को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में लिया गया, वहीं नरेश उर्फ टीटू को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

पुलिस ने कहा कि यह मामला 29 अक्टूबर 2022 का है। गांव औलांत के ओमप्रकाश ने थाना खोल में शिकायत दी थी कि जब वह सोए हुए थे तभी सुबह 3 बजे दूसरे कमरों से आवाजें सुनाई दीं। उन्होंने देखा कि दो चोर कमरे में घुसे हुए हैं। उन्होंने शोर मचाया तो तीनों भाग निकले। उनके दो साथी घर के बाहर खड़े थे। वे घर में रखी नकदी व जेवरात का संदूक लेकर जा रहे थे। उन्होंने व ग्रामीणों ने जब उनका पीछा किया तो चोरों ने पंच विजय पर गोली चला दी। इसके बाद उन्होंने संदूक फेंक दिया लेकिन उसमें रखे 40 हजार रुपये व जेवरात ले गए थे।

एक आरोपी को पुलिस रिमांड पर भेजा गया

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

tender & notices

ENCALM

Tender Notice 2026- 2027

Encalm Hospitality Pvt. Ltd. invites quotations for the supply of various categories of food, perishables, and non-food products for the fiscal year 2026-2027.

Important: A Performance Bank Guarantee (PBG) equivalent to 10% of the total contract value to be submitted at the time of signing the contract

FOOD / PERISHABLES

1. Chicken (Fresh)
2. Mutton (Fresh)
3. Fish & Seafood (Frozen)
4. Cold Cuts
5. Eggs
6. Frozen Vegetables & Other Frozen Products
7. Milk & Milk Products
8. Fresh Fruits & Vegetables (Indian)
9. Imported Fruits
10. Exotic & Thai Vegetables
11. Indian & Imported Cheeses
12. Bread, Pav and Kulcha
13. Dry Fruits
14. Pulses
15. Indian Groceries, Whole Spices & Grounded Spices
16. Atta/Maida, Sugar
17. Imported Grocery & Tinned Products
18. Chocolates & Bakery Food Products
19. Ice Cubes
20. Fresh Tawa Roti
21. Rice
22. Ice cream

NON-FOOD PRODUCTS

23. Garbage Bag & Hygiene Disposable items
24. Housekeeping Items (Cleaning & General Items)
25. Guest Supplies & Paper Supplies
26. Packaging & Takeaway Disposable Items
27. Office Stationery
28. Printing of Items
29. Cling & Stretch Film

Quotation forms, along with detailed specifications, Terms & Conditions, may be obtained from the Corporate Purchase Office (address mentioned below) against a non-refundable fee of INR 3,500/ payable in cash. Forms will be available from **January 30, 2026 till February 12, 2026.**

Complete forms must be submitted by **February 16, 2026, upto 5:00 PM**. The management reserves the right to accept or reject any tenders in full or in part without assigning any reasons whatsoever.

Corporate Purchase Office Address:

Encalm Hospitality Pvt. Ltd. ,TAG Tower, 3rd Floor, Plot No. 17-18, Phase IV, Udyog Vihar, Sector 18, Gurugram, Haryana 122015

For further details, please contact-
Manoj Kumar 9718763934 / manoj.kumar@encalm.com
Rahul Mishra 9560694431 / rahul.mishra@encalm.com

real estate

GOLDEN OPPORTUNITY
FOR INVESTMENT IN JAIPUR
EDUCATION/MEDICAL/COMMERCIAL SECTOR

Expression of Interest are invited from a reputed Group for outright Purchase of Running Educational Institute (B.Tech/ M.Tech/ MBA program) having excellent credibility, land/ built-up area 5.25 Acre/ 3 lacs +Sq.ft and may be utilised for Medical Institute/ Hospital/ School/ Any Commercial Purpose in Jaipur Prime Location.

Approved by GOI and all Statutory Bodies

Send proposal at: umeshdhingaraa@gmail.com
Contact: 9610312222, 9829861177

टेंडर और नोटिस

न्यायालय सूचना

In the High Court of Delhi at New Delhi
(Ordinary Original Civil Jurisdiction)
ARB.P 1806/2024
M/s **Prem Lata Prabhakar** ...Petitioner
Versus
Navgrow Constructions Pvt. Ltd ...Respondents
To, **RESPONDENTS**
1. **Navgrow Constructions Pvt. Ltd** 1-67, 2nd Floor, Soami Nagar, New Delhi-110017 E-mail: navgrowconstructionpvt@gmail.com
2. **Sandeep Singh Dhunna** Director **Navgrow Constructions Pvt. Ltd** 1-67, 2nd Floor, Soami Nagar, New Delhi-110017 E-mail: sandeep@navgrow.com
3. **Navdeep Singh Dhunna** Director M/s Navgrow Constructions Pvt. Ltd. C-67, 2nd Floor, Soami Nagar, New Delhi-110017 E-mail: deep0491@hotmail.com

Whereas the above named Petitioner has filed a petition under Section 11(6) of the Arbitration & Conciliation Act, 1996 praying for the appointment of an Arbitrator and has issued notice to you, the above named Respondents.
And whereas it has been shown to the satisfaction of the Court that it is not possible to serve you in the ordinary way; therefore, this notice is given by publication directing you to make appearance before Ld Joint Registrar(Judicial) of this Hon'ble Court on 24.02.2026 at 11:00 Am to defend the above mentioned petition.
Take notice that in default of your appearance on the day mentioned above, the Petition will be heard and determined in your absence.
Given under my hand and the seal of the Court, in terms of orders dated 12th day of December 2025

SEAL Assistant Registrar (O) For Registrar General

BOOK YOUR EDUCATION ADS
PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Adstimesofindia.com

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
पर्सनल बैंकिंग शाखा
नई दिल्ली-110001

सार्वजनिक सूचना

यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित लॉकर खातों से संबंधित **पर्सनल बैंकिंग शाखा नई दिल्ली (4041)** के लॉकर धारक हमारे द्वारा उन्हें दी गई विभिन्न सूचनाओं और मांगों के बावजूद लंबे समय से निर्धारित लॉकर किराए का भुगतान करने में विफल रहे हैं और उपेक्षा की है। लॉकर धारकों द्वारा सहमत नियमों और शर्तों के अनुसार, किराए का भुगतान न करने की स्थिति में बैंक उक्त लॉकरों को तोड़ने के लिए स्वतंत्र होगा। औपचारिकताओं को पूरा करके **02.03.2026** को उक्त लॉकरों को तोड़ने का प्रस्ताव है।
संबंधित लॉकर किरायेदार या कोई अन्य हितबद्ध व्यक्ति जिसकी लॉकर की सामग्री में रुचि है, को सलाह दी जाती है कि वे नियत तारीख से पहले शाखा से संपर्क करें और कार्रवाई से बचने के लिए बकाया राशि का भुगतान करें।
तोड़ने का शुल्क किरायेदारों द्वारा वहन किया जाएगा और बैंक किराए के बकाया/अन्य शुल्क आदि के साथ-साथ इसकी वसूली के लिए कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

लॉकर सं.	ग्राहक का नाम	से लंबित
1063	[illegible]	01.04.2022
1698	[illegible]	01.04.2018
1953	[illegible]	01.04.2022
2567	[illegible]	01.04.2019
2572	[illegible]	01.04.2020
2573	[illegible]	01.04.2022
3379	[illegible]	01.04.2017

सहायक महाप्रबंधक
पीबीबी नई दिल्ली शाखा
दिनांक : 29.01.2026
स्थान : नई दिल्ली

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I, Chander Bhan S/o Jogendra Singh, R/o B-116, MU-1, Greater Noida, Uttar Pradesh- 201310, have changed my name from Chander Bhan to Chander Bhan Singh. Henceforth I would be known by the name of Chander Bhan Singh for all future purposes.

I Anu Kapoor W/o Inder Pal Kapoor r/o WZ-251/Q FF Virender Nagar ND-58 declare Anu Kapoor & Parveen kapoor both are one & same person

I, Sushma Samar Das, daughter of Samar Biswanath Das and resident of B1502, Maxblis Grand Wellington, Sector 75, NOIDA 201301, have changed my name from Sushma Samar Kumar Das / Sushma Samar Kumar Aarti Das / Sushma Samarkumar Aarti Das / Sushma Samar Kumar Arti Das to Sushma Samar Das vide Affidavit UIN SUBIN-UPUP[illegible] 2Y, dated 28.01.2026 before Notary Public/UP.

IT is for general information that I, Anoushka Thirumoorthy D/o R. Thirumoorthy R/o House No B-15, Kalkaji South Delhi, Delhi - 110019 declare that name of mine has been wrongly written as Anushka Thirumoorthy in my 10th and 12th Class Educational Documents. The actual name of mine is Anoushka Thirumoorthy.

मैं, मोहद इकबाल अहमद, पिता सिकंदर अली खान मकान नंबर 8008 नया मोहल्ला, दिल्ली, यह घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर अपने स्कूल रिकॉर्ड के अनुसार इकबाल अहमद खान कर लिया है अब से मेरा नाम इकबाल अहमद खान ही माना जाएगा।

I, Himanshu Aggarwal R/O A-46 Swasthya Vihar Delhi-92, F/O Diva Aggarwal have changed her name to Diva Agrawal vide affidavit (IN-DL42351101580303Y) dt-28.01.2026 sworn before notary Sangeeta Saxena, Delhi.

खोया एवं पाया

THE Sale Deed, Agreement to Sale, Possession Letter, receipts, and other property documents belonging to T Srinivasan (M/s Bytech Properties) at LB-21, Arunachal Building, 19, Barakhamba Road, ND-01 have been lost. If anyone finds them, please inform. Cont : 9810369649

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

अन्य रिक्तियां

एकाधिक रिक्तियां

REQD. Female Supervisor for customer handling & tele-communications for event decoration firm. Also REQD. Accounts Manager with knowledge of tally & excel. W'app:9818853976,Chattarpur

TO BOOK YOUR RECRUITMENT ADS PLEASE CALL
AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Adstimesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE SCAN QR CODE

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

HEALTH & WELLNESS

SEX PROBLEM
बचपन की गलतियों के कारण आयी सभी सेक्स समस्याओं के समाधान के लिए हमारी सलाह द्वारा दवा का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹955 महीना
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

TO BOOK YOUR SOULMATE ADS PLEASE CALL
AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Adstimesofindia.com

शराब
बिना बतायें छुड़ाएं
दवा घर बैठे मंगाएं। संडे खोलेंगे।
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली
98110 92840

बवासीर
का इंजेक्शन द्वारा सफल इलाज
पेट दर्द, गैस, कब्ज, एसिडिटी का सफल इलाज
(अनुभव 25 वर्ष)
सोनू क्लीनिक
Dr. A.K. Chaudhary (B.A.M.S.)
K-18, मेन वधावा रोड, श्याम नगर, विष्णु गार्डन (निकट मदर डेयरी) नई दिल्ली-18
9289626250
9810807952

36 वर्षों के अनुभवी
सैक्स समस्याएं
मर्दाना कमजोरी, शीघ्र पतन, शुक्राणु की कमी, गुप्त रोगी मिलें
आजाद क्लीनिक
मैन रोहतक रोड, भूतोवाली गली, नांगलोई, दिल्ली-41
9873144909
9821124909

शादी
से पहले ही सलाह लें
गुप्त रोगों के लिए! मिलें
चेतन आयुर्वेदा
बदरपुर • दरियागंज • भजनपुरा • छतरपुर
9817469817

SEX PROBLEMS
•HORMONAL IMBALANCE
•EARLY DISCHARGE
•ERECTILE-DYSFUNCTION
•SPERMS PROBLEM
•UROGENITAL INFECTIONS
•WEAKNESS DUE TO DIABETES
CONSULT QUALIFIED SEXOLOGIST AT
PERFECT CLINIC
161, Kapil Vihar (Main Road), Pitampura, Delhi-34
HELPLINE: 9810119422
FACILITIES : HORMONE, HIV, URINE, SUGAR, SEMEN, PENILE DOPPLER TEST, SEX COUNSELING & INFERTILITY SPECIALIST AVAILABLE

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL · PROPERTY · BUSINESS · RECRUITMENT, EDUCATION · CHANGE OF NAME, LOST & FOUND · SHOPPING · TENDER, PUBLIC NOTICE · SERVICES, VEHICLES, TRAVEL · BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS

Please call us at the below mentioned nos.

Area / Zone	Contact Person	Mobile No.
Central Delhi1 + North Delhi	Amit Ghosh	98117 90649
Central Delhi2 + Ghaziabad	Sunil Srivastava	99994 99496
South Delhi + Faridabad	Raghav Arora	99999 95460
West Delhi + Dwarka + Gurgaon	Aman Pasricha	93126 33518
East Delhi + Noida	Sumit Negi	98992 68321

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP7 User: cci Time: 01-29-2026 22:03 Color:

बंगाल में इतनी भयानक आग कि शवों के DNA टेस्ट तक मुश्किल

Wow ! Momo के गोदाम में लगी आग में अब तक 21 मौतें, 28 लोग लापता

FILE

■ NBT रिपोर्ट

बंगाल का अग्निकांड इतना भयावह था कि अभी भी शवों की पहचान संभव नहीं हो सकी है। अधिकारियों के अनुसार, शव बहुत ही बुरी तरह जल चुके हैं। सिर्फ बड़ी हड्डियां और खोपड़ियां ही बची हैं। TOI की रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस और राहत टीमें अब इन खोपड़ियों और हड्डियों को गिनकर मृतकों की संख्या का पता लगाने की कोशिश कर रही हैं।

यह आग 26 जनवरी को पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में Wow ! Momo के गोदाम में लगी।

अधिकारी बोले, खोपड़ी के DNA सैंपल्स से बाकी शव के हिस्से भी मिलाए जाएंगे

आग लगने की वजहें अभी साफ नहीं हो सकी हैं। राहत दल मलबे और खंडहर में खोज कर रहे हैं ताकि और शव मिल सकें। आग में मृतकों की संख्या बढ़कर 21 पहुंच गई है। गुरुवार को क्षतिग्रस्त इमारतों से 13 और शव बरामद किए गए।

पुलिस के मुताबिक, 28 लोग अब भी लापता हैं। आशंका है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने बताया कि जले हुए शवों से डीएनए सैंपल लेना मुश्किल हो सकता है। वजह यह है कि शव इतनी बुरी तरह जले हैं कि शरीर के अंदर मौजूद जैनेटिक मटीरियल खराब या नष्ट हो सकता है।

हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि शरीर की कुछ लंबी हड्डियां और दांत गर्मी को ज्यादा सहन कर लेते हैं। इसलिए सावधानी और मेहनत से डीएनए सैंपल जुटाना संभव हो सकता है। उन्होंने बताया कि बहुत ज्यादा जले हुए शवों से डीएनए लेना चुनौतीपूर्ण जरूर है, लंबी हड्डियां और दांत अक्सर मिल जाते हैं, क्योंकि ये गर्मी से कम प्रभावित होते हैं।

एक मेडिकल कॉलेज के फॉरेंसिक विभाग के प्रमुख सोमनाथ दास ने कहा कि जले हुए शवों से मिली हड्डियां और दांत डीएनए जांच के लिए भरोसेमंद होते हैं। दांतों की ऊपरी परत (इनेमल) अंदर के गूदे को सुरक्षित रखती है, जिससे डीएनए बचा रहता है। वहीं, लंबी हड्डियां अपनी मजबूत बनावट के कारण तेज और लंबे समय तक की गर्मी को सहन कर लेती हैं।

पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट जरूरी है। अधिकारी ने कहा कि अलग-अलग बॉडी के हिस्सों के डीएनए खोपड़ियों से मिलाए जाएंगे। इससे पता लग सकेगा कि वे हिस्से किसी एक ही शख्स के हैं या अलग-अलग व्यक्ति के हैं।

घटना स्थल पर मौजूद पुलिस ने बताया कि आग के समय कुछ कर्मचारी सामने की ओर भागने की कोशिश कर रहे थे, जबकि कुछ पीछे की ओर भागे, लेकिन कोई नहीं बच सका।

फॉरेंसिक एक्सपर्ट खोपड़ियों और हड्डियों से डीएनए के सैंपल इकट्ठा कर रहे हैं ताकि मृतकों की पहचान हो सके और उनके परिवार को जानकारी दी जा सके।

इलाके में कर्फ्यू, शुभेंदु पहुंचे HC

विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी और बीजेपी के अन्य नेताओं के प्रस्तावित दौरे से पहले अधिकारियों ने इलाके में कर्फ्यू लागू कर आम लोगों की आवाजाही बैन कर दी है। शुभेंदु अधिकारी ने घटनास्थल पर जाने और पास के एक मंदिर से वहां तक मार्च निकालने की अनुमति के लिए कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख किया है। सूत्र के मुताबिक मामले की सुनवाई जस्टिस शुभ्रा घोष कर सकती हैं।

शंकराचार्य विवाद पहुंचा हाई कोर्ट

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और प्रशासन का विवाद इलाहाबाद हाई कोर्ट पहुंच गया है। अधिवक्ता गौरव द्विवेदी ने चीफ जस्टिस को पत्र पिटीशन भेजकर 18 जनवरी मौनी अमावस्या पर हुई घटना की सीबीआई से जांच कराने और प्रयागराज कमिश्नर, डीएम, पुलिस कमिश्नर और मेला अधिकारी को निलंबित करने का आदेश देने की मांग की है। याचिका में नाबालिग ब्राह्मण बटुकों की पुलिस हिरासत में मारपीट करने वाले पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज करने की भी मांग की गई है।

घटना की सीबीआई जांच कराने और अधिकारियों को निलंबित करने की मांग

'लालू परिवार खुद कोर्ट में पेश हो'

■ आईएएनएस, नई दिल्ली: लैंड फॉर जॉब मामले में गुरुवार को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आरोपी लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव और तेजप्रताप यादव को व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा ताकि औपचारिक आरोप तय किए जा सकें।

लैंड फॉर जॉब केस में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट का आदेश

सुनवाई के दौरान लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी ने अपनी बढ़ती उम्र का हवाला देते हुए गुरुवार को पेशी से छूट मांगी। वहीं, तेजस्वी यादव ने अपनी खराब सेहत का हवाला देकर कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश न होने की अनुमति मांगी। अदालत ने अनुमति दी कि वे 1 से 25 फरवरी के बीच किसी भी दिन अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश हो सकते हैं, लेकिन पहले कोर्ट को सूचित करना होगा।

आलोचक भी मानते हैं, आखिरी शख्स तक लाभ पहुंचाया: मोदी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को संसद के बाहर देश को संबोधित किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत दुनिया के लिए 'आशा की किरण' बनकर उभर रहा है। उन्होंने यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ हुए फ्री ट्रेड डील (एफटीए) का जिक्र करते हुए कहा कि यह देश के विनिर्माताओं और युवाओं के लिए नए अवसर लेकर आया है।

संसद के बजट सत्र के दूसरे दिन मीडिया से बातचीत में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सुधारों के लागू होने में संसद के सकारात्मक योगदान की सराहना की। मोदी ने कहा कि आलोचक भी सरकार की अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की प्रतिबद्धता को मानते हैं और यह सुधारों की परंपरा अगली पीढ़ी तक जारी रहेगी। प्रधानमंत्री ने लोकतंत्र और जनसांख्यिकी को दुनिया के लिए बड़ी उम्मीद बताते हुए कहा कि भारत के संदेश वैश्विक स्तर पर स्वीकार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, वर्तमान समय व्यवधान पैदा करने का नहीं, बल्कि समाधान खोजने का है।

देश के नाम संबोधन में मोदी ने भारत को 'दुनिया के लिए आशा की किरण' बताया

मोदी का देश के नाम संदेश पाखंड से भरा: कांग्रेस

कांग्रेस ने गुरुवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के हर सत्र की तरह इस बार भी पाखंड से भरा 'देश के नाम संदेश' दिया है। प्रधानमंत्री के बयान के बाद महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय मुद्दों पर विपक्ष को विश्वास में लेने के लिए न तो सर्वदलीय बैठकों को बुलाएंगे और न ही उनकी अध्यक्षता करेंगे। वह आखिरी समय में विधेयक पेश कराएंगे और आवश्यक विधायी जांच-पड़ताल के बिना उन्हें संसद में बुलडोजर से पास करवा लेंगे।

सिंगल यूज प्लास्टिक, चांदी की बेतहाशा उछाल... राज्यसभा में उठे कई मुद्दे

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: राज्यसभा की गुरुवार को हुई कार्यवाही के दौरान शून्य काल में जनहित से जुड़े कई अहम मुद्दों को उठाया गया है। सोने-चांदी की कीमतों में जबर्दस्त उछाल से कम आय वाले लोगों को हो रही परेशानियों की बात उठाई गई, वहीं आम जन के स्वास्थ्य को लेकर भी सामने आ रही चुनौतियों का जिक्र भी किया गया। बीजेपी सदस्य बृजलाल ने सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर चिंता जताई है। दोपहर एक बजे उच्च सदन की बैठक रविवार तक के लिए स्थगित किए जाने से पहले आर्थिक समीक्षा की कॉपी पटल पर रखी गई। सोने-चांदी की बेलगाम कीमतों का आम लोगों पर असर: कांग्रेस सांसद कांग्रेस सांसद नीरज डांगी ने कहा कि पिछले 13 महीने में चांदी की कीमतों में 306 फीसदी और सोने की कीमतों में 111 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है और इसका असर सीधे तौर पर आम लोगों पर पड़ रहा है। कम आय वाले परिवारों के सामने अपनी जरूरत के हिसाब से कम से कम जूलरी खरीदने का ऑप्शन भी खत्म हो रहा है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि सरकार को तुरंत दखल देना चाहिए।

प्रयागराज में मेडिकल कॉलेज को AIIMS दर्जे की मांग : बीजेपी सांसद अमरपाल मौर्य ने प्रयागराज जिले के स्वरूप रानी मेडिकल कॉलेज को AIIMS का दर्जा देने की मांग की और कहा कि इससे एक बड़े क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। अध्यात्म, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं न्याय के बड़े केंद्र प्रयागराज में विभिन्न वजहों से देश भर से लोग आते रहते हैं। इस जिले के मेडिकल कॉलेज को अगर एम्स का दर्जा दिया जाता है तो यह आम जन के लिए बड़ी राहत वाला फैसला होगा।

थरूर ने राहुल-खरगे से की मुलाकात, बोले- सब साथ हैं

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

PTI
लंबे समय से पार्टी नेतृत्व से नाराजगी की खबरें आ रही थीं। संसद भवन स्थित खरगे के ऑफिस में मुलाकात हुई।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर ने गुरुवार को लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर बैठक की फोटो शेयर कर कहा, सब साथ हैं। लंबे समय से पार्टी नेतृत्व से उनकी नाराजगी की खबरें आ रही थीं। संसद भवन स्थित कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के कार्यालय में हुई यह मुलाकात काफी देर तक चली।

मुलाकात के बाद शशि थरूर ने साफ शब्दों में कहा कि पार्टी में सब कुछ ठीक है और सभी नेता एकजुट होकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने इस बातचीत को बहुत अच्छी, सार्थक और सकारात्मक बताया।

थरूर ने कहा कि मेरी पार्टी के दो शीर्ष नेताओं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ हमारी बातचीत हुई। यह रचनात्मक और सकारात्मक चर्चा थी। अब सब कुछ ठीक है और हम सब एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

उन्होंने नाराजगी की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि वह हमेशा पार्टी के लिए प्रचार करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। केरल विधानसभा चुनाव के दौरान प्रचार को लेकर पूछे गए सवाल पर थरूर ने कहा कि मैंने हमेशा प्रचार किया है और आगे भी करता रहूंगा।

सीएम पद की अटकलों पर विराम: केरल में मुख्यमंत्री पद के दावेदार के रूप में देखे जाने की चर्चाओं को भी शशि थरूर ने सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री पद उनके लिए कभी मुद्दा ही नहीं रहा।

थरूर ने कहा कि मुख्यमंत्री पद को लेकर कभी कोई बात नहीं हुई।

'बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर नजर'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भारत सरकार ने कहा है कि वह बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसक घटनाओं पर लगातार नजर बनाए हुए है। यह मुद्दा ढाका के सामने कई स्तरों पर उठाया गया है। राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया कि भारत को उम्मीद है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार इन घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को न्याय के कटघरे में लाएगी। सरकार ने स्पष्ट किया कि हमलों में घरों, संपत्तियों, व्यवसायों और पूजा स्थलों को निशाना बनाए जाने की घटनाएं शामिल हैं।

मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने राज्यसभा में दी जानकारी

विज्ञापन संख्या - 17/2026

भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा)
में
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
18/02/2026 (15:00 बजे तक) है।

नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि
27/02/2026 (17:00 बजे तक) है।

जानकारी के लिए वेबसाइट
https://pesb.gov.in
में लॉग इन करें।

Jawahar / Modi Style
JACKETS
SUITS • BLAZERS
ALSO AVAILABLE LONG COATS
upto 60% off
Formal • Casual • Party wear
By Economy Sales: 9212750425
ARROW | Raymond | PARK AVENUE | LOUIS PHILIPPE
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

विकसित भारत के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर वित्तपोषण



31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही/नौ माह के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (एकल तथा समेकित) का सार | (रु. करोड़ में)

विवरण	एकल						समेकित					
	समाप्त तिमाही			समाप्त नौ माह		समाप्त वर्ष	समाप्त तिमाही			समाप्त नौ माह		समाप्त वर्ष
	31/12/2025 (अलेखापरीक्षित)	30/09/2025 (अलेखापरीक्षित)	31/12/2024 (अलेखापरीक्षित)	31/12/2025 (अलेखापरीक्षित)	31/12/2024 (अलेखापरीक्षित)	31/03/2025 (लेखापरीक्षित)	31/12/2025 (अलेखापरीक्षित)	30/09/2025 (अलेखापरीक्षित)	31/12/2024 (अलेखापरीक्षित)	31/12/2025 (अलेखापरीक्षित)	31/12/2024 (अलेखापरीक्षित)	31/03/2025 (लेखापरीक्षित)
प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध)	3,431.20	3,219.03	2,760.23	9,587.54	7,466.30	10,311.29	3,431.20	3,219.03	2,760.23	9,587.54	7,466.30	10,311.29
अवधि का शुद्ध लाभ (कर एवं अपवादात्मक मदों से पूर्व)	788.49	954.71	931.66	2,600.43	2,616.40	3,636.66	788.49	954.71	931.66	2,600.43	2,616.40	3,636.66
अवधि का कर पूर्व शुद्ध लाभ (अपवादात्मक मदों के उपरांत)	788.49	954.71	931.66	2,600.43	2,616.40	3,636.66	788.49	954.71	931.66	2,600.43	2,616.40	3,636.66
अवधि का कर उपरांत शुद्ध लाभ (अपवादात्मक मदों के उपरांत)	713.00	709.83	735.03	2,053.06	1,981.40	2,709.14	713.00	709.83	735.03	2,053.06	1,981.40	2,709.14
अवधि की कुल समेकित आय (अवधि का लाभ (कर उपरांत) तथा अन्य समेकित आय (कर उपरांत) को मिलाकर)	960.61	823.09	841.24	1,469.84	1,916.96	2,544.34	960.61	823.09	841.24	1,469.84	1,916.96	2,544.34
प्रदत्त साम्य शेयर पूंजी (अंकित मूल्य ₹10/- प्रति)	2,001.90	2,001.90	2,001.90	2,001.90	2,001.90	2,001.90	2,001.90	2,001.90	2,001.90	2,001.90	2,001.90	2,001.90
अन्य साम्य (पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व को छोड़ कर)	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	15,967.89	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	15,966.15
प्रतिभूति प्रीमियम खाता	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	1.26	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	1.26
निवल मूल्य	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	17,969.79	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	17,968.05
प्रदत्त उधार पूंजी/बकाया उधार*	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	107,280.61	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	107,280.61
उधार साम्य अनुपात	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	5.72	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	5.72
प्रति शेयर अर्जन (अंकित मूल्य ₹10/- प्रति) (तिमाही/नौ माह के लिए ईपीएस वार्षिकृत नहीं है)												
i) बेसिक	3.56	3.55	3.67	10.26	9.90	13.53	3.56	3.55	3.67	10.26	9.90	13.53
ii) डायल्यूटिड	3.56	3.55	3.67	10.26	9.90	13.53	3.56	3.55	3.67	10.26	9.90	13.53
डिबेंचर रिडेम्पशन रिज़र्व ** (वर्ष के अंत में)	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	2,965.69	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	2,965.69

*कुल उधार समायोजन को छोड़कर बकाया उधार ** क्रमश: 31 मार्च, 2025 को डिबेंचर रिडेम्पशन रिज़र्व

टिप्पणियां:
1. कंपनी के उपर्युक्त वित्तीय परिणामों, की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा 29/01/2026 को की गई है एवं इसी तिथि पर आयोजित निदेशक मंडल की बैठक में अनुमोदित किया गया। यह वित्तीय परिणाम कंपनी के मैसर्स एस ए आर भी एंड एसोसिएट्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, वैधानिक लेखा परीक्षकों द्वारा भी समीक्षित है।
2. कंपनी के बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ₹10 प्रति शेयर पर ₹ 1.15 की दर से तीसरे अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी। तीसरे अंतरिम लाभांश की प्राप्ति के लिए शेयरधारकों की पात्रता निर्धारित करने हेतु 7 फरवरी, 2026 रिकॉर्ड तिथि निर्धारित की गई है। लाभांश का भुगतान घोषणा के 30 दिनों के भीतर किया जाएगा।
3. उपर्युक्त विवरण सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षा) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 तथा 52 के अंतर्गत, स्टॉक एक्सचेंज में दर्ज किये गये तिमाही/नौ माह के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रपत्र का सार है। वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रपत्र बीएसई लिमिटेड (URL: www.bseindia.com/corporates), नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (URL: www.nseindia.com/corporates), तथा कंपनी की वेबसाइट (URL: www.hudco.org.in) पर भी उपलब्ध है।
4. लिस्टिंग विनियम के विनियम 52(4) में संदर्भित अन्य लागू मदों की उचित जानकारी बीएसई लिमिटेड (URL: www.bseindia.com/corporates), नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (URL: www.nseindia.com/corporates), की वेबसाइट पर दी गई है तथा यह कंपनी की वेबसाइट (URL: www.hudco.org.in) पर भी उपलब्ध है।
5. तिमाही/नौ माह के दौरान लेखांकन नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है अतः शुद्ध लाभ/हानि, कुल समेकित आय या कोई अन्य संबंधित वित्तीय मद(ओं) पर लेखांकन नीतियों में परिवर्तन(ओं) के कारण कोई वित्तीय प्रभाव नहीं पड़ा है।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से
हस्ता/-
संजय कुलश्रेष्ठ
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29/01/2026

अन्य सेवाएं | परामर्श सेवा | क्षमता निर्माण

www.hudco.org.in
फॉलो करें :

हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हडको)
(भारत सरकार का उपक्रम) | CIN: L74899DL1970GOI005276 | GSTIN: 07AAACH0632A1ZF
पंजीकृत कार्यालय: हडको भवन, कोर 7ए, इंडिया हैबिटैट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली-110 003

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP8 User: cci Time: 01-29-2026 22:00 Color:

शिक्षा आत्मसम्मान लाती है और जातिगत भेदभाव को नष्ट करती है।
ज्योतिबा फुले

सुधार का मौक़ा

सुप्रीम कोर्ट ने UGC के नए नियमों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जो टिप्पणियां की, वे सवर्ण समाज की चिंताओं की पुष्टि करती हैं। शीर्ष अदालत ने अगले आदेश तक इन नियमों पर रोक लगा दी है। देशभर में हो रहे विरोध-प्रदर्शन और नियमों के दुरुपयोग की आशंकाओं को देखते हुए यह रोक लगाई गई है।

दुरुपयोग की आशंका । UGC ने शैक्षणिक परिसरों में समानता के लिए Promotion of Equity in Higher Education Institutions Regulations को लागू किया था। लेकिन, इसमें जातीय भेदभाव की जिस तरह व्याख्या की गई है और निगरानी समितियों का जो स्ट्रक्चर तय है, उसने सवर्ण समाज के एक बड़े में गंभीर चिंता को जन्म दे दिया। इसी के खिलाफ याचिका दायर की गई थी और सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि नियम अस्पष्ट हैं और इनका दुरुपयोग हो सकता है।

UGC नियमों पर रोक

बहस और विवाद । शैक्षणिक परिसरों में होने वाले भेदभाव चिंताजनक हैं, लेकिन नए नियमों के रूप में इसका जो समाधान पेश किया गया था, उसमें संतुलन और समग्रता की कमी थी। एक वर्ग को सुरक्षित महसूस कराने के लिए किसी दूसरे वर्ग को असुरक्षित नहीं किया जा सकता। नियम लाए गए थे समानता के लिए, पर इनके लागू होते ही बहस और तीखी हो गई। मुक्त, समावेशी और सभी के साथ समान व्यवहार करने वाले जिस कैंपस की कल्पना UGC ने की थी और जिसे सुप्रीम कोर्ट ने भी अपनी टिप्पणी में जिक्र किया है, वह ऐसे माहौल में नहीं बन सकता।

कैंपस की संवेदनशीलता । शैक्षणिक परिसर सबसे संवेदनशील जगहों में से एक है। यहां की घटनाएं उन स्टूडेंट्स पर असर डालती हैं, जिन्हें आगे चलकर देश और समाज की दिशा तय करनी है, तो यहां कोई भी बदलाव सोच-समझ कर और उसके प्रभाव का आकलन करने के बाद लागू होना चाहिए। अदालत ने ठीक कहा कि देश की एकता शैक्षणिक संस्थानों में दिखनी चाहिए।

सभी शामिल हों । इस मामले में केंद्र व UGC से जवाब मांगा गया है और एक्सपर्ट कमिटी बनाने का सुझाव है। सुप्रीम कोर्ट की चिंता साफ झलकती है कि देश को जातिविहीन समाज की ओर बढ़ना चाहिए, न कि पीछे की तरफ। UGC नियमों पर रोक किसी की हार या किसी की जीत नहीं, बस सुधार की कोशिश है। जिन पहलुओं पर अंगुली उठाई गई है, उन्हें सुधारने और जिनको नजरअंदाज किया गया है, उन्हें शामिल करने का एक और मौका है। इस बार इस प्रक्रिया में सभी वर्गों को जगह मिलनी चाहिए।

तिराहा

जातीय उन्मूलन

सुखनंदन कॉलेज के दिनों से ही जातीयता और कर्मकांड के पक्के विरोधी है। इस पर उन्होंने कई शोधपरक लेख भी लिखे। विद्वता और चेतना के समन्वय से बड़े अफसर बने। एकरूपता, समता व्यवहार में ऐसी रमी कि कार्यभार संभालते ही कार्यालय में विषमता दूर की। शून्य से शिखर तक यथासंभव स्वजातीयों का समायोजन किया, जिससे जातीयता का दंश विकास में बाधा न बने।

प्रेम शंकर मिश्र

बहुआयामी क्षमता से हुए व्यापक सामाजिक, आर्थिक विस्तार ने सियासत के दरवाजे खोल दिए। सुखनंदन ने मौका देखा और 'समाज' की सेवा का संकल्प ले खादी पहन ली। नई भूमिका में उनका आज अभिनंदन कार्यक्रम था।

सुखनंदन के मंच पर पहुंचते ही समरसता के नारे लगे, लेकिन उनकी जय-जयकार के आगे ये मद्धम ही रहे। 16वीं से 20वीं शताब्दी तक के हर समाज सुधारक के उपदेशों और निर्देशों का संदर्भ देते हुए ऐसी तकरीर की, कि श्रोताओं को लगा उनका मसीहा मिल गया। सदियों के शोषण से द्रवित सुखनंदन ने एक वंचित के पांव भी अपने आंसुओं से धो डाले। आजीविका की तलाश में भटक रहा वह वंचित सुखनंदन के दरवाजे पहुंच गया। पखारने से वह पहले ही अभिभूत था, सुखनंदन की नाम पट्टिका में लिखा टाइटल भी मेल खाता था, इसलिए उम्मीद और बढ़ गई। लेकिन, उसके मैले पांव ईमानदारी की नौकरी से बनी आलीशान कोठी के फर्श को गंदा कर पाते, इससे पहले ही कड़क आवाज गूंजी, 'कहां घुसे आ रहे हो?'



कांपते हुए बोला, 'नेताजी! आपने हमारे पैर धोए थे।' 'हाथ भी कई बार डेटॉल से धुल चुका हूं', जवाब आया। 'आपकी ही जाति के हैं', धिधियाते हुए आखिरी पैतरा फेंका। नेताजी बोले, 'मूर्ख! जाति तो सक्षम की होती है, गरीब की जरूरत होती है।' 'एक है तो सेफ है का क्या हुआ?' 'कैमरा की बात कमरा पर थोड़े लागू होती है। वैसे भी हम तो एक ही हैं इसलिए सेफ हैं, लेकिन तुम को हम जितना बांटेंगे, उतना ही तो अपनी सियासी थाली में काटेंगे', मुस्कराते हुए नेताजी अंदर चले गए।

एकदा

संकलन : चंदन कुमार

असहमति भी ज़रूरी

वर्ष 1920-1922 के बीच महात्मा गांधी के नेतृत्व में असहयोग आंदोलन चला। उद्देश्य अहिंसक तरीके से स्वराज प्राप्त करना था। इसमें सरकारी संस्थाओं, उपाधियों और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का आह्वान किया गया। इसी दौर में गांधीजी और टैगोर के विचारों में भिन्नता दिखाई दी। टैगोर को आशंका थी कि ऐसा राष्ट्रवाद व्यक्ति की स्वतंत्र चेतना को संकुचित कर सकता है और भावनात्मक उन्माद हिंसा की ओर ले जा सकता है। वह मानते थे कि 'नेशन' की अवधारणा भारतीय सांस्कृतिक चेतना के अनुकूल नहीं है। इसके विपरीत, गांधीजी राष्ट्रवाद को आत्मनिर्भरता, नैतिक अनुशासन और सामाजिक जागरण का माध्यम मानते थे। टैगोर ने पत्रों के माध्यम से अपने विचार रखे और गांधी ने उन्हें विनम्रता व खुले मन से उत्तर दिया। वहां जीत किसी की नहीं, बल्कि सत्य और संवाद की हुई। यह असहमति सिखाती है कि विचारों का टकराव समाज को कमजोर नहीं, परिपक्व बनाता है। आज भी गांधी-टैगोर का संवाद हमें याद दिलाता है कि असहमति बेहतर सत्य की खोज है और यही भारत की बौद्धिक शक्ति रही है। दोनों के बीच कई वैचारिक असहमति थी, पर यह कभी कटुता में नहीं बदली। वह संवाद, विवेक और पारस्परिक सम्मान का आदर्श उदाहरण बनी।

Subrata Dhar

भारत में तेज़ी से बढ़ रहा मिडल क्लास, इनके हिसाब से बनानी होगी नीति

मध्यवर्ग बनेगा पॉलिसी का पैमाना

भारत की अर्थव्यवस्था की कहानी अक्सर दो चरम बिंदुओं को दिखाती है। एक तरफ है गरीबी की चुनौती और असमानता, जबकि दूसरे छोर पर अमीरों की बढ़ती संख्या और उपभोग में उछाल। इनके बीच पिछले एक दशक में सबसे बड़ा बदलाव आया है मध्यम वर्ग में।

अनिल पद्मनाभन

बढ़ता दायरा । आयकर विभाग के आंकड़े बताते हैं कि सैलरी वर्ग में बड़ा परिवर्तन आ रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के डेटा के मुताबिक, इससे पहले के 9 बरसों में 10 से 15 लाख और 15 से 20 लाख इनकम स्लैब में आने वाले सैलरीड टैक्सपेयर्स की संख्या लगभग 600% बढ़ी थी। 2014 में अपर-मिडल क्लास एक छोटा-सा वर्ग माना जाता था, पर आज वह बहुत बड़ा है।

आय में उछाल । यह कहानी सिर्फ ज्यादा तनख्वाह मिलने की नहीं है। यह उस उभरते मध्यम वर्ग की है, जो देश के कंजम्पशन पैटर्न, बचत, निवेश और राजनीति पर भी असर डालेगा। हाल के बरसों की टैक्स फाइलिंग से पता चलता है कि 5 से 50 लाख के बीच, हर आय वर्ग में उछाल आया है, पर मध्यम श्रेणी में यह सबसे तेज है।

ज्यादा टैक्स रिटर्न । 10-15 लाख रुपये की कैटिगरी को देखें, तो इसमें टैक्स रिटर्न भरने वालों की संख्या 8.3 लाख से बढ़कर 50 लाख को पार कर चुकी है, यानी 6 गुना से भी ज्यादा बढ़ोतरी। यहां खास बात यह है कि इतनी तेजी के बावजूद इन श्रेणियों में औसत सैलरी स्थिर रही है या कुछ केस में थोड़ी घटी ही है। मसलन - 10-15 लाख रुपये वाली श्रेणी में औसत सैलरी 12.11 लाख से थोड़ा कम होकर 12.05 लाख रुपये हो गई है। इससे जाहिर होता है कि नए लोग इन कैटिगरी के निचले हिस्से यानी जहां से शुरुआत हो रही है, वहां जुड़ रहे हैं। इससे तादाद बढ़ रही है, पर औसत गिर है।

बाजार के चहेते । इस बदलाव का आर्थिक असर बहुत गहरा है। परिवारों की आय बढ़ने के साथ उनका खर्च भी बढ़ता है। स्मार्टफोन से लेकर रिटेल तक - उपभोक्ता वस्तुओं में प्रीमियम ब्रांडेड्स की मांग बढ़ने लगती है। अब भारत के बाजार सिर्फ अमीर लोगों की वजह से नहीं चल रहे, साथ में मिडल क्लास भी है। इस वर्ग के पास पैसा है और इच्छा भी। यही कारण है कि कंपनियां इन आम, लेकिन खास ग्राहकों पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

मध्यम का जलवा
- सैलरीड टैक्सपेयर्स की संख्या में 600% का इजाफा
- 5 से 50 लाख के बीच हर आय वर्ग में उछाल
- मिडल क्लास परिवारों पर कंपनियों का फोकस

मध्यवर्ग रोजगार, महंगाई नियंत्रण, सरकारी सेवाओं को देता है प्राथमिकता

बचत पर असर । पहले भारत में लोग ज्यादातर गोल्ड और रियल एस्टेट में पैसा लगाते थे। दूसरे पारंपरिक तरीके थे इंश्योरेंस और फिक्स्ड डिपॉजिट। शेयर बाजार से बहुत कम लोग जुड़े थे। अब जैसे-जैसे सैलरी पाने वाले वर्ग की आय बढ़ी है, उसने म्यूचुअल फंड्स, शेयर और पेंशन से जुड़े निवेश विकल्प अपनाना शुरू किया है। पिछले 6 बरसों में डीपीआई अकाउंट्स की संख्या पांच गुना से ज्यादा बढ़ गई है।

जोखिम की क्षमता । नौकरीपेशा लोग औपचारिक जरियों से कर्ज लेते हैं, EMI चुकाते हैं और सुरक्षित निवेश करते हैं। इन लोगों की रुचि उन आर्थिक सुधारों में है, जिनसे चीजें आसान होती हैं - जैसे बिजनेस में आसानी, स्पष्ट टैक्स नियम, इंफ्रा डिवेलपमेंट और महंगाई पर नियंत्रण। यह वर्ग जोखिम ले सकता है, जिससे नए उद्यमी निकल रहे है।

राजनीतिक प्रभाव । दायरा बढ़ने के साथ मध्यम वर्ग का राजनीतिक असर बढ़ेगा, खासकर शहरों में। परिसीमन में शहरी और कस्बाई इलाकों में सीटें बढ़ेंगी। इससे मध्यम वर्ग की राजनीतिक आवाज मजबूत होगी। यह वर्ग आर्थिक स्थिरता, रोजगार, महंगाई पर नियंत्रण और भरोसेमंद सरकारी सेवाओं को प्राथमिकता देता है। इन्हें अस्थिर नीतियां पसंद नहीं। आने वाले एक दशक में नीतियों पर इनका असर पड़ेगा।

सियासी चेतावनी । पुराने तरीकों से काम करने वाले राजनीतिक दलों के लिए चेतावनी है कि मतदाता उनकी सोच से भी ज्यादा तेजी से बदल रहे है। पिछले दो दशकों में भारत का सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक बदलाव खामोशी से, लेकिन निर्णायक रूप से हुआ है - मध्यम वर्ग का विस्तार। भविष्य में वित्त मंत्रियों के लिए इस वर्ग को नजरअंदाज करना मुश्किल होगा।

तेजी और स्थिरता । यह वर्ग देश की अर्थव्यवस्था में अभी जितना पहले कभी शामिल नहीं रहा, इसलिए लोकप्रिय आर्थिक नीतियों का बोझ आसानी से नहीं सहन कर सकता। इसकी मांग है कि काम तेजी से हो, स्थिरता आए और मौके बनें। पीएम नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अगले सुधारों को इसी वर्ग के पैमाने पर आंका जाएगा। खासकर देखा जाएगा कि ये सुधार उनके जीवन को आसान बनाने में कितने मददगार हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

उस एथलीट जैसा विश्वास रखिए, फिर कभी डर नहीं लगेगा

अनुराग अग्रवाल

एक दंपती ने शादी की पहली सालगिरह पर समुद्री क्रूज पर जाने का फैसला किया। पुरुष तलवारबाजी में चैंपियन था। यात्रा के चौथे दिन समुद्र में भयंकर तूफान आ गया। जहाज डगमगाने लगा। यात्री चीख-पुकार करने लगे। उन्हें मौत पास खड़ी दिखाई देने लगी, लेकिन वह एथलिट बिल्कुल शांत बैठा रहा। पत्नी डरकर उससे लिपट गई और रोते हुए बोली, 'क्या तुम्हें जरा भी डर नहीं लग रहा?'

पति मौन रहा, फिर पास रखी तलवार उठाई और उसे धीरे से पत्नी के गले पर रखते हुए बोला, 'बोलो, क्या तुम्हें इस तलवार से डर लग रहा है?' पत्नी मुस्कराई, बोली, 'बिल्कुल नहीं। मुझे तुम पर पूरा विश्वास है, तुम मेरा बाल भी बांका न होने दोगे।' अब तलवारबाज मुस्कराया और बोला, 'बस, यही प्रेम, यही समर्पण मेरा ईश्वर के प्रति है।


AI Image

तूफान मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता। और यदि ईश्वर चाहेगा कि हम उसकी बांहों में चले जाएं, तो मुझे उसमें भी खुशी होगी।' अब पत्नी का चेहरा खिल उठा। उसका डर मिट गया। आगे क्या हुआ, वह महत्वपूर्ण नहीं है, लेकिन सच्ची श्रद्धा से भला क्या नहीं हो सकता! प्रश्न है कि हम नित्य पूजा-पाठ करते हैं, ईश्वर के नाम की माला फेरते हैं, कहीं ऐसा तो नहीं कि ईश्वरीय प्रेम में डूबे रहने का स्वांग रच रहे हैं और मन में उसके प्रति सूक्ष्म संदेह छिपाए हैं? इससे हमारा चंचल मन भविष्य की अनिश्चितताओं, चिंताओं, शंकाओं में डूबकर बेचैन रहता है। और हम अपने कर्म में लीन होने के बजाय उसके परिणाम की फिक्र में डूबे रहते हैं।

यदि हमारे भीतर सच्ची श्रद्धा बस जाए, तो जीवन में जो कुछ भी घटे, उसे सहज रूप से स्वीकार करना आसान हो जाता है। तब न कोई परिणाम बुरा लगता है, न अच्छा। सब कुछ ईश्वर की व्यवस्था की धूप-छांव जैसा प्रतीत होता है। सुख-दुख, लाभ-हानि, यश-अपयश अपना महत्व खो देते हैं। मन हर क्षण उसकी सृष्टि में रमा रहता है और प्रसन्न बना रहता है। ऐसे में यह सांसारिक यात्रा बोझ नहीं, बल्कि असीम आनंद का अनुभव बन जाती है।

टैक्स पर नेतागीरी न हो तो सफल होंगे निगम

ज्यादा दिन नहीं हुए, जब इंदौर में दूषित पानी से कई लोगों की जान चली गई। इस त्रासदी ने एक बार फिर नगर निगमों की खस्ताहाल स्थिति से रूबरू कराया। सिर्फ पानी ही नहीं, नगर निगम की खराब कार्यशैली व भ्रष्टाचार के कारण जनता समस्याएं झेल रही है।


गुलशन राय खत्री

आय काफी कम । जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने से लेकर रिहायश का नक्शा बनवाने तक में नगर निगम की दरकार रहती है। इसके बावजूद, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की नगर निकायों के बजट अनुमान पर आई एक रिपोर्ट के मुताबिक स्थानीय निकायों की आय काफी कम है। 2022-23 तक नगर निगमों की आय देश की GDP के मुकाबले 0.6% थी। विकसित देशों में नगर निगमों का रेवेन्यू GDP का 5 से 7% होता है।

क्या है कारण । खराब आर्थिक स्थिति का बड़ा कारण संमित संसाधन और भ्रष्टाचार है। निगम अपनी आय सही से वसूल नहीं पाते। राजनीतिक हस्तक्षेप की भूमिका रहती है। दिल्ली के एक पूर्व नगर आयुक्त ने बताया कि 45 लाख मकानों में से सिर्फ 13 लाख से ही हाउस टैक्स मिलता है। कई मकान अनधिकृत कॉलोनी में हैं, जिनसे टैक्स वसूलने की मनाही है। नेताओं को भय है कि इससे उनके मतदाता नाराज हो जाएंगे। इसके अलावा, कर्मचारियों के वेतन-पेंशन पर भी कुल आमदनी का 60 से 70% खर्च किया जाता है।

सुधार क्यों जरूरी । फिलहाल देश की 36% आबादी शहरों में है। यह आंकड़ा 2030 तक बढ़कर 40% होने की उम्मीद है। शहरों पर दबाव बढ़ेगा और समय रहते मजबूत ढांचा नहीं बना तो संकट और गहराएगा। इसमें सिर्फ प्रशासनिक विफलता को दोष देना सही नहीं, बल्कि स्थानीय निकायों के ढांचे में कमियों को दूर करना होगा। विधायिका और कार्यपालिका को साथ आना होगा। टैक्स बढ़ाने के प्रस्ताव को पार्षदों को मानना होगा। अधिकारियों की सख्ती पर नेताओं का दखल बंद करना होगा।

कॉमन रूम

AI Image

विदेश की स्थिति । भारत में मेयर का पद औपचारिक होता है और शक्ति IAS के पास रहती है। यूरोपीय देशों में मेयर ताकतवर होते हैं। वहां नगर निगमों में विशेषज्ञ रखे जाते हैं। नियमों का सख्ती से पालन होता है। विदेश में इतनी सख्ती है कि अगर किसी पार्षद ने मकान का नक्शा पास कराने या अतिक्रमण हटाने से रोकने की सिफारिश की तो उसका करियर खत्म हो जाता है।

कैसी हो व्यवस्था । यह सवाल है कि यूरोप से हमारा मुकाबला नहीं हो सकता। मगर, टैक्स पर राजनीति बंद होनी चाहिए। निगमों की हालत इतनी बदतर नहीं की जानी चाहिए कि लोग पानी पीकर मरने लगें। आर्थिक तौर पर कुछ ऐसे नियम लागू हों, जिनसे निगम की आमदनी भी ठीक हो ताकि जनता को बुनियादी सुविधाएं मिल सकें।

कांटे की बात

मेरी नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष से बात हुई, जो रचनात्मक-सकारात्मक रही। सब ठीक है, हम सब मिलकर काम कर रहे है। मैं और क्या कह सकता हूं?... मैंने हमेशा पार्टी के लिए प्रचार किया है, मैंने कहां प्रचार नहीं किया है?

शशि थरूर, कांग्रेस सांसद

बासमती की ख़ुशबू फैला रहे अशोक

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (ICAR) के पूर्व निदेशक और वाइस चांसलर डॉ. अशोक कुमार सिंह ने देश में बासमती रिसर्च में नई उपलब्धियां जोड़ी है। हाल में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित करने का ऐलान हुआ।

सप्ताह की शख्सियत

हाइब्रिड चावल पर रिसर्च

UP के गाजीपुर जिले के बरहट गांव में जन्मे अशोक ने चावल की नई किस्मों पर रिसर्च की है। बासमती धान की 25 उन्नत किस्म विकसित की है। ये किस्में पूरे देश में करीब 25 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोई जाती है। सालाना 1 करोड़ टन चावल का उत्पादन हो रहा है। इनकी खासियत है कि ये कम पानी, कम लागत और प्राकृतिक तरीके से उगाई जा सकती है।

कीटनाशकों की जरूरत नहीं

खास बात है कि इन फसलों में रोग नहीं लगता। इससे कीटनाशकों की जरूरत नहीं पड़ती और किसानों का पैसा बचता है। गुणवत्ता अच्छी होने के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में अच्छी मांग है। भारत से करीब 60 लाख टन चावल दूसरे देशों में भेजा जाता है। सरकार को हर साल लगभग 6 अरब डॉलर की कमाई हो रही है।

हिंदी नहीं चलेगी, तमिलनाडु में फिर मचा शोर

पूनम पाण्डे

तमिलनाडु में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं और यहां की राजनीति का एक अहम मुद्दा रहा है हिंदी विरोध। चुनाव से पहले फिर इसी पर बात होने लगी है। 25 जनवरी को 'भाषा शहीद दिवस' के मौके पर DMK नेताओं ने हिंदी को लेकर अपना विरोध तेज किया।

मुख्यमंत्री और पार्टी अध्यक्ष एम.के. स्टालिन से लेकर उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि हिंदी थोपने की केंद्र सरकार की कोशिश का पुरा तमिलनाडु विरोध करेगा। एम.के. स्टालिन ने कहा कि पहले भी हिंदी के लिए कोई जगह नहीं थी, न आज है और न ही कभी होगी। वहीं, उपमुख्यमंत्री उदयनिधि ने कहा कि हरियाणा, बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में कभी बोली जाने वाली कई मातृभाषाएं हिंदी लागू होने के बाद धीरे-धीरे खत्म होती चली गईं। दरअसल, हिंदी को लेकर राज्य सरकार और केंद्र के बीच लंबे वक्त से खींचतान चल रही है। तमिलनाडु की DMK सरकार BJP पर हिंदी थोपने का आरोप लगाती रही है। केंद्र की नई शिक्षा नीति के तहत जब थ्री लैंग्वेज फॉर्मूला लागू करना था, तब भी तमिलनाडु ने टू लैंग्वेज फॉर्मूले के साथ राज्य शिक्षा नीति ही जारी रखी।

AIADMK है निशाना

चुनाव से पहले भाषा का मसला गरम होना इसलिए भी अहम दिख रहा है, क्योंकि इसके बहाने DMK को AIADMK को घेरने का मौका मिलेगा, जो BJP के साथ गठबंधन में है। वैसे जब इस गठबंधन का ऐलान हुआ, तब अमित शाह ने कोशिश की थी कि भाषा के मुद्दे पर सहयोगी AIADMK को दिक्कत न हो। तब अमित शाह ने कहा था कि BJP तमिलनाडु और तमिल भाषा का बहुत सम्मान करती है। वैसे देखा जाए तो कई मुद्दों पर BJP और AIADMK का स्टैंड व विचारधारा भिन्न है। लेकिन, BJP नेता कह चुके हैं कि पार्टी की गठबंधन नीति वैचारिक साझेदारियों से अलग है। इस गठबंधन से दोनों पार्टियां अपना-अपना फायदा भी देख रही है।

विशुद्ध राजनीति कसौटी

जब-जब भी हिंदी की बात होती है, तो तमिलनाडु में राजनीति तेज हो जाती है। केंद्र सरकार की नई एजुकेशन पॉलिसी का जब ड्राफ्ट सामने आया था, तब भी हिंदी थोपने का आरोप लगाते हुए सबसे ज्यादा विरोध तमिलनाडु में हुआ। राज्य में हिंदी की अनिवार्यता को सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दे से उठाकर राजनीतिक मसला बनाने की शुरुआत पहले विरोध आंदोलन से ही हो गई थी। 60 के दशक में हुए आंदोलन के पीछे भी वजह राजनीतिक थी। तब हिंदी विरोध के रूप में वहां के क्षेत्रीय नेताओं को एक ऐसा सशक्त मुद्दा मिला, जिससे तमिलनाडु में द्रविड़ राजनीतिक दलों की नींव रखी।

द्रविड़ अस्मिता का सवाल

1965 में हुए इस आंदोलन ने द्रविड़ अस्मिता का सवाल उठाया और दो साल बाद ही DMK सत्ता में आ गई। वहां तब से ही लगातार द्रविड़ अस्मिता और भाषा प्रमुख मुद्दा रही है।

BJP जब भी तमिलनाडु और दूसरे दक्षिणी राज्यों में अपनी पकड़ बनाने की कोशिश करती है, तो हिंदी के नाम पर उसे घेरा जाता रहा है। DMK सहित दूसरी पार्टियां हिंदी विरोध और द्रविड़ अस्मिता के नाम पर मैदान में उतर जाती है।BJP के नेता हालांकि कहते रहे है कि उनकी पार्टी भाषा या दक्षिण विरोधी नहीं है - हमारी विचारधारा सबको साथ लेकर चलने की है। लेकिन, दक्षिण के राज्यों में क्षेत्रीय दल BJP को उत्तर भारत की पार्टी के तौर पर प्रचारित कर निशाना साधते रहे है। इस वजह से माना जा रहा है कि चुनाव नजदीक आने के साथ हिंदी के खिलाफ और आवाज सुनाई पड़ेगी।

रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

पारदर्शी जांच जरूरी

यह पत्र 29 जनवरी के संपादकीय 'किसकी लापरवाही' से संबंधित है। महाराष्ट्र के बारामती में हुए विमान हादसे ने हमारी विमानन सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। संमित विजिबिलिटी के बावजूद लैंडिंग का निर्णय और अन-कंट्रोल्ड एयरफील्ड की कमजोर व्यवस्थाएं लापरवाही दर्शाती है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि पूर्व दुर्घटनाओं की जांच रिपोर्टें समय पर सार्वजनिक नहीं होतीं। पिछले खराब एयर इंडिया के विमान हादसे की रिपोर्ट पर भी कोई स्पष्टता नजर नहीं आती है। हादसे के बाद औपचारिक बयान देना पर्याप्त नहीं है। पारदर्शी जांच, जवाबदेही और ठोस सुधारों के बिना ऐसी घटनाओं को रोकना संभव नहीं होगा।

विवेक रावत, नोएडा

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

नवभारत टाइम्स, ए.2 (ए.2.0.3) प्रवीणमित्र पुरुषोत्तम (विनोद अनुपमी के लिए) मुद्रक व प्रकाशक पुरुषोत्तम पुरुष, प्रकाशन: नवभारत टाइम्स, बेनेट एंड कोलमैन कंपनी लिमिटेड के लिए, टाइम्स भवन, 7 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 के द्वारा मुद्रित। प्रधान कार्यालय: टाइम्स बिल्डिंग, सर्वोदय नगर, 7-8, विकास मार्ग, नई दिल्ली-110092, टेलिफोन: 23362000 फैक्स: 23362200, पंजीकृत कार्यालय: 10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002, टेलिफोन: 23362000 टेलिग्राम: नभाटाइम्स, पंजीकृत कार्यालय: बेनेट, कोलमैन एंड कंपनी लिमिटेड, दूसरी मंजिल, टाइम्स हाउस, 9-11 डीडीसी, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019, टेलिफोन: 26420000 (15 लाइनें) फैक्स: 26420001 (15 लाइनें) संपादक: (दिल्ली संस्करण) आदित्य नारायण (एक अंक पेजमेकिंग सामग्री के अभाव में संपादक मंडल द्वारा पी.डी.आर. सी. एवं प्रकाशित अनुमोदित)

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP9 User: cci Time: 01-29-2026 22:24 Color:

फटाफट खबरें

छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

■ पीटीआई, बीजापुर : छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के दक्षिणी हिस्से के जंगल में गुरुवार सुबह सात बजे गोलीबारी शुरू हुई। उस समय डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड की एक टीम इलाके में हथियारबंद माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर निकली थी।

'थानों में कैमरे लगाना काफी नहीं'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : राजस्थान के पुलिस थानों में वर्किंग कैमरों की कमी का सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया। गुरुवार को सुनवाई करते हुए जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि सिर्फ सीसीटीवी कैमरे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका सही ढंग से काम करना भी जरूरी है। सुनवाई के दौरान राजस्थान सरकार ने अदालत को बताया कि बुधवार को ही 75 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट स्वीकृत किया गया है।

साध्वी की मौत पर उठे सवाल

■ पीटीआई, जोधपुर: जोधपुर में 25 वर्षीय साध्वी की संदिग्ध हालात में मौत के बाद श्रद्धालुओं ने निष्पक्ष जांच की मांग की। पुलिस के अनुसार, उन्हें बुखार था। आश्रम में दवा व इंजेक्शन देने के बाद वह गिर पड़ीं। पिता अस्पताल ले गए, जहां मृत घोषित किया गया। इंस्टाग्राम पर मौत के बाद दिखे कथित स्यूसाइड नोट से मामला उलझा। पुलिस ने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से कार्रवाई होगी।

फैमिली ट्रस्ट विवाद पर हाई कोर्ट सख्त

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने दिवंगत उद्योगपति संजय कपूर की मां रानी कपूर की याचिका पर उनकी पत्नी प्रिया कपूर और अन्य को समन जारी किया। रानी ने 2017 में बने 'आरके फैमिली ट्रस्ट' को जाली दस्तावेजों पर आधारित बताते हुए अमान्य घोषित करने की मांग की। कोर्ट ने अंतरिम यथास्थिति से इनकार किया।

UGC के नए रेगुलेशन के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा सवाल

समाज के रूप में हम पीछे जा रहे? : SC

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : UGC के नए रेगुलेशन पर सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) ने अलग-अलग जातियों के लिए अलग हॉस्टल पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, 'भगवान के लिए, ऐसा मत कीजिए। हम सब साथ रहते थे। अंतरजातीय विवाह भी होते हैं।' उन्होंने सवाल किया कि जाति-विहीन समाज की दिशा में हमने जो कुछ भी हासिल किया है, क्या अब उससे पीछे जा रहे हैं? जस्टिस बागची ने कहा कि भारत की एकता शैक्षणिक संस्थानों में दिखनी चाहिए। अनुच्छेद 15(4) राज्य को SC/ST के लिए विशेष कानून बनाने की शक्ति देता है, लेकिन यदि 2012 के विनियम अधिक व्यापक और समावेशी नीति की बात करते थे, तो संरक्षणात्मक और सुधारात्मक ढांचे में पीछे क्यों जाया जाए? CJI ने टिप्पणी की कि अनुसूचित जातियों में भी ऐसे लोग हैं, जो आर्थिक रूप से समृद्ध हो चुके हैं।

अगले आदेश तक लागू रहेंगे 2012 के रेगुलेशन: बेंच ने रेगुलेशन को लेकर कुछ मुद्दों को रेखांकित किया, जिसमें कहा गया कि प्रावधान अस्पष्ट है और उनका दुरुपयोग किया जा सकता है। जब भेदभाव की परिभाषा सभी प्रकार के भेदभाव को समाहित करती है, तो जाति-आधारित भेदभाव को अलग से परिभाषित करने की जरूरत क्यों है? सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि 2026 के रेगुलेशन को स्थगित रखा जाता है। संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत, हम निर्देश देते हैं कि 2012 के रेगुलेशन अगले आदेश तक लागू रहेंगे। बेंच ने यूजीसी के रेगुलेशन की दोबारा समीक्षा का सुझाव दिया और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, 'हम आपकी प्रतिक्रिया चाहते हैं। बुधवार को हम कोई आदेश पारित नहीं करना चाहते। कोई समिति होनी चाहिए, जिसमें प्रख्यात जूरिस्ट (विशेषज्ञ) हों। इसमें 2-3 लोग, जो सामाजिक मूल्यों और समाज की समस्याओं को समझते हों। अगर हम ऐसा ढांचा बनाते हैं, तो परिसर के बाहर लोग कैसा व्यवहार करेंगे, इन बातों पर उन्हें विचार करना चाहिए।'

2019 में याचिका क्यों और हुआ क्या था? दरअसल, UGC ने नया रेगुलेशन 2019 में सुप्रीम कोर्ट में दायर एक जनहित याचिका के बाद बनाया था। याचिका रोहित वेमुला और पायल तडवी की माताओं राधिका वेमुला और आबेदा सलीम तडवी ने दाखिल की थी।

याचिकाकर्ताओं ने क्या दी दलीलें?

याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश एडवोकेट विष्णु शंकर जैन ने रेगुलेशन 3(1)(c) में दी गई जाति-आधारित भेदभाव की परिभाषा का हवाला दिया। इसमें कहा गया है, 'अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्यों के विरुद्ध केवल जाति या जनजाति के आधार पर किया गया भेदभाव।' एडवोकेट जैन ने दलील दी कि इस परिभाषा में सामान्य श्रेणी के लोगों के खिलाफ होने वाले भेदभाव को शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि चूंकि पहले से ही भेदभाव की परिभाषा है तो जाति-आधारित भेदभाव की अलग परिभाषा की जरूरत नहीं थी। जैन ने तर्क दिया कि यह प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करता है और उन्होंने विनियम 3(1)(c) पर रोक लगाने की मांग की।

CJI बोले CJI ने सवाल किया कि क्या 3(e) सभी भेदभाव को कवर करेगा? दक्षिण भारत का कोई छात्र उत्तर भारत के संस्थान में एडमिशन लेता है या इसके विपरीत, और उसके खिलाफ व्यंग्यात्मक, अपमानजनक या humiliating टिप्पणियां की जाती हैं, जबकि पीड़ित और आरोपियों की जाति पहचान ज्ञात नहीं है तो क्या यह प्रावधान (3e) उस स्थिति को संबोधित करेगा? जैन ने कहा, हां।

की टिप्पणी CJI ने यह भी टिप्पणी की कि अनुसूचित जातियों के भीतर भी ऐसे लोग हैं, जो आर्थिक रूप से समृद्ध हो चुके हैं। उन्होंने सॉलिसिटर जनरल से पूछा कि हमने जातिविहीन समाज की दिशा में जो कुछ भी हासिल किया है, क्या हम अब फिर से पीछे की ओर जा रहे हैं?

नियमों के विरोध में प्रदर्शन जारी

PTI
लखनऊ में गुरुवार को UGC के नियमों के खिलाफ प्रदर्शन करते स्वर्ण समाज और ब्राह्मण परिवार के सदस्य।

नए नियम के बचाव में दलील

2019 में जिस जनहित याचिका के बाद नए नियम बने हैं, उसकी सुनवाई में पेश होने वाली सीनियर वकील इंदिरा जयसिंह ने इनका बचाव किया। हालांकि, पीठ ने उनके समक्ष भी अपनी चिंताएं रखीं। CJI सूर्यकांत ने कहा, 'विनियमों की भाषा पहली नजर में पूरी तरह अस्पष्ट है और दुरुपयोग की संभावना है। किसी विशेषज्ञ के माध्यम से इनके पुनर्गठन (remodulation) की सलाह दी जा सकती है।

नए नियम की जरूरत क्यों?

जस्टिस बागची ने भी पूछा कि जब विनियम 3(1)(e) पहले से मौजूद है, तो 3(1)(c) की क्या जरूरत? 'हम विश्वविद्यालयों में स्वतंत्र और समान वातावरण बनाना चाहते हैं। जब 3(e) पहले से लागू है, तो 3(c) कैसे प्रासंगिक होता है? CJI सूर्यकांत ने कहा कि ये विनियम 'समाज को विभाजित करने' का प्रभाव डालते हैं। समाज को बांट देगा और इसका बहुत खतरनाक प्रभाव पड़ेगा।'

नए रेगुलेशन के खिलाफ तीन याचिकाएं

सुप्रीम कोर्ट में नए रेगुलेशन की धारा-3(सी) को चुनौती देते हुए 3 याचिकाएं दायर की गई हैं। इनमें कहा गया है कि इस धारा के जरिये जाति-आधारित भेदभाव से जो संरक्षण दिया गया है, वह समावेशी नहीं है। धारा- 3(सी) के अनुसार जाति-आधारित भेदभाव का अर्थ है अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्यों के विरुद्ध केवल जाति या जनजाति के आधार पर किया गया भेदभाव। ये याचिकाएं मृत्युंजय तिवारी, अधिवक्ता विनीत जिंदल और राहुल दीवान ने दायर की हैं।

कौन बनाएगा कमिटी, अभी साफ नहीं

Bhupender.Sharma@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने देश के जाने-माने कानूनी जानकारों की कमिटी बनाने का सुझाव दिया है, जो यूजीसी रेगुलेशन में जरूरी बदलावों को लेकर काम करेगी। अब सवाल यह है कि कमिटी कैसे बनेगी? शिक्षा मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को स्टडी करने के बाद फैसला लिया जाएगा। अगली सुनवाई के बाद ही कमिटी की रूपरेखा तय होने की उम्मीद है। क्योंकि, अभी तय नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट कमिटी बनाएगा या मंत्रालय को कमिटी के सदस्यों के नाम तैयार कर कोर्ट से मंजूरी लेनी होगी। कमिटी किन-किन बिंदुओं पर विचार करेगी, यह भी सवाल है। अगली सुनवाई के दौरान ही इन सभी सवालों के जवाब सामने आएंगे। अब जो नई कमिटी बनेगी, उसे 2012 के रेगुलेशन, कमिटी की रिपोर्ट, ड्राफ्ट रेगुलेशन और फाइनल नियम की समीक्षा करनी होगी।


सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई के बाद तैयार होगी इसकी रूपरेखा

अखिलेश, मायावती ने किया स्वागत

'सच्चा न्याय किसी के साथ अन्याय नहीं होता है, कोर्ट यही सुनिश्चित करता है। बात सिर्फ नियम नहीं, नीयत की भी होती है। न किसी का उत्पीड़न हो, न किसी के साथ अन्याय, न किसी पर जुल्म, न नाइंसाफी।' *-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी*

तनाव भरे हालात को मद्देनजर रखते हुए सुप्रीम कोर्ट का यूजीसी के नए नियम पर रोक लगाने का फैसला उचित है। अगर यूजीसी नए नियम लागू करने से पहले सभी पक्ष को विश्वास में लिया होता, तो ये हालात ही नहीं बनते। *-मायावती, बीएसपी प्रमुख*

सुप्रीम फैसले से क्या कम होगी BJP की चुनौती?

Poonam.Pandey@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : यूजीसी के नए नियम पर सुप्रीम रोक के बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या इससे बीजेपी की चुनौती कम होगी? बीजेपी और कांग्रेस दोनों दलों के नेता सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत कर रहे हैं। लेकिन, यूजीसी के नए नियम का विरोध करने वाले संगठन और स्टूडेंट्स सिर्फ रोक से संतुष्ट नहीं हैं। ये अपनी लड़ाई जारी रखने की बात कर रहे हैं। यूजीसी के नए नियम बीजेपी के लिए गले की फांस बनता दिख रहा है।

विरोध करने वाले लोग सिर्फ रोक से नहीं है संतुष्ट

लड़ाई जारी रखने की बात: सुप्रीम कोर्ट के स्टे का स्वागत करते हुए करणी सेना से लेकर परशुराम सेना तक और अलग-अलग ब्राह्मण समाज के संगठन कह रहे हैं कि यह सिर्फ आधी जीत है। जब तक नियम वापस नहीं ले लिए जाते, लड़ाई जारी रहेगी। इसका संदेश साफ है कि बीजेपी की चुनौती सुप्रीम कोर्ट के स्टे से कम नहीं हो रही है। अलबत्ता, स्टे के बाद एससी-एसटी और ओबीसी समुदाय के संगठन भी विरोध की तैयारी कर रहे हैं।

सरकार का क्या स्टैंड होगा? अगर सरकार नियमों को सही बताती है तो जनरल कैटिगरी के विरोध का स्वर तेज हो सकता है। नियमों को वापस लेने की बात कही तो एससी, एसटी, ओबीसी का विरोध झेलना पड़ सकता है। आरएलपी के सांसद हनुमान बेनिवाल का कहना है कि अगर सरकार अपना स्टैंड बदलती है तो संदेश जाएगा कि उसी ने यह करवाया था। अपने स्टैंड पर टिकी रहेगी तो सरकार की मजबूरी का संदेश जाएगा। एक तरफ जहां बीजेपी स्टे का क्रेडिट अपने नेताओं को दे रही है तो वहीं वहीं सोशल मीडिया पर विरोध कर रहे लोग इस पर सवाल उठा रहे हैं।

विपक्ष तो घेरेगा

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

यूजीसी के नियम सरकार और बीजेपी के गले की फांस बनते दिख रहे हैं। विपक्ष के लोग जहां इन नियमों को असंवैधानिक बता रहे हैं या और चर्चा की जरूरत बता रहे हैं तो वहीं विपक्ष सरकार पर वार के लिए तैयार है। अगर सरकार नियमों को पूरा वापस लेती है तो भी विपक्ष को मुद्दा मिलना तय है। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सही किया। साथ ही यह भी जोड़ दिया कि वक्फ कानून के लिए भी बहुत से प्रावधान पर कोर्ट ने रोक लगाई, एसआईआर पर भी कई चीजें बदली, संविधान सबको मानना पड़ेगा। तुगलकी राज नहीं चलेगा।

रेलवे के जीएम ने कश्मीर के स्टेशनों का किया दौरा

निर्माण कार्यों की समीक्षा भी की

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : उत्तर रेलवे के जीएम अशोक कुमार वर्मा ने गुरुवार को श्रीनगर-कटरा रेलखंड का निरीक्षण किया। भारी बर्फबारी और शून्य से नीचे तापमान के कारण मौसम की कठिनाइयां झेल रही घाटी में उन्होंने श्रीनगर, पंपोर, अनंतनाग और काजीगुंड सहित कई प्रमुख स्टेशनों का जायजा लिया। यात्री सुविधाओं, सुरंगों, पुलों पर चल रहे रखरखाव व निर्माण कार्यों की समीक्षा की। निर्देश दिए कि सभी काम समय से पूरे होने चाहिए। उन्होंने पॉइंट्स, सिग्नल और ट्रैक सहित महत्वपूर्ण ट्रैक तत्वों को देखा, जिससे यह सुनिश्चित हो कि वे सुचारू रूप से कार्य करते रहें। जीएम ने ग्राउंड स्टाफ और ट्रैक मेंटेनर्स के साथ संवाद किया। जमा देने वाली ठंड में सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में फीडबैक लिया।

SC का निर्देश, वांगचुक की मेडिकल जांच कराएं

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की विशेषज्ञ डॉक्टर से मेडिकल जांच कराने का निर्देश दिया। वांगचुक ने पानी की खराब गुणवत्ता के कारण पेट से जुड़ी समस्याओं की शिकायत की थी। 59 वर्षीय सोनम वांगचुक इस समय जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। जस्टिस अरविंद कुमार की अगुवाई वाली बेंच ने जेल प्रशासन को यह भी निर्देश दिया कि वांगचुक की मेडिकल रिपोर्ट सोमवार तक सीलबंद लिफाफे में अदालत में पेश की जाए।

सोनम वांगचुक ने 'सरकार उखाड़ फेंकने' वाली टिप्पणी से जुड़े आरोप नकारे

वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंग्मो की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत को बताया कि उन्हें साप्ताहिक जांच की सुविधा दी जाए और जो पानी हम उपलब्ध कराते हैं, वही उन्हें दिया जाए। इस पर राजस्थान सरकार के वकील ने कहा कि पिछले चार महीनों में जेल डॉक्टर उनकी 21 बार जांच कर चुके हैं। इसके बावजूद, शीर्ष अदालत ने कहा कि वांगचुक की गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट जैसी किसी विशेषज्ञ डॉक्टर की जांच की आवश्यकता है। राजस्थान सरकार के वकील ने अदालत को यह भी बताया कि वांगचुक को विटामिन बी12 लेने की सलाह दी गई है और उनकी ताजा मेडिकल रिपोर्ट में कोई गंभीर समस्या सामने नहीं आई है।

वहीं, सोनम वांगचुक ने गुरुवार को इन आरोपों का खंडन किया कि उन्होंने 'अरब स्प्रिंग' की तरह सरकार को उखाड़ फेंकने वाला बयान दिया था। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ के समक्ष यह तर्क दिया कि पुलिस ने हिरासत में भेजने वाले प्राधिकारी को गुमराह करने के लिए चुनिंदा वीडियो का सहारा लिया है।

HC का 'द बैड्स ऑफ बॉलिवुड' पर सुनवाई से इनकार

■ भाषा, नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट ने 'द बैड्स ऑफ बॉलिवुड' सीरीज के खिलाफ दायर मानहानि के मुकदमे पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि शाहरुख खान के स्वामित्व वाली रेड चिलीज एंटरटेनमेंट प्रा. लि. की इस सीरीज के खिलाफ IRS अधिकारी समीर वानखेड़े के मानहानि के मुकदमे की सुनवाई उसके न्याय क्षेत्र के दायरे में नहीं आता। सभी पक्षकार मुंबई में रहते हैं और कथित अपराध भी वहीं हुआ। इसलिए मुंबई की अदालतों के पास इस तरह की याचिका पर सुनवाई करने का अधिकार है। इस मामले पर अधिकार क्षेत्र रखने वाली अदालत के समक्ष वानखेड़े याचिका दायर कर सकते हैं। वानखेड़े के अनुसार, सीरीज में 'मानहानिकारक सामग्री' उनसे व्यक्तिगत दुश्मनी निकालने और मादक पदार्थ तस्करी मामले में शाहरुख के बेटे की गिरफ्तारी का बदला लेने के इरादे से डाली गई थी। वहीं, कंपनी का कहना है कि सीरीज में हिंदी फिल्म उद्योग के विभिन्न विवादों, नए ऐक्टर्स के संघर्षों को व्यंग्य व पैरोडी में पेश किया गया है।

SIR मामले में सुनवाई के बाद SC ने सुरक्षित रखा अपना फैसला

CJI सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने पूरी की अंतिम सुनवाई

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इनमें एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा दायर याचिका भी शामिल है। अदालत यह परीक्षण कर रही है कि क्या भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को संविधान के अनुच्छेद 326, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और उसके तहत बनाए गए नियमों के अंतर्गत वर्तमान स्वरूप में SIR कराने का अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने इस मामले में अंतिम सुनवाई पूरी की। याची की ओर से दलील दी गई कि SIR एक अप्रत्यक्ष 'एनआरसी जैसी प्रक्रिया' है, जिससे निर्वाचन आयोग वास्तव में नागरिकता सत्यापन का प्राधिकरण बन जाता है। मतदाता की पात्रता पर संदेह होने की स्थिति में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 16 के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए। इसके अनुसार, यदि यह सिद्ध हो जाए कि व्यक्ति भारतीय नागरिक नहीं है, तो उसका नाम मतदाता सूची से हटाया जा सकता है। लेकिन SIR के तहत एक अस्थायी सूची बनती। लोगों पर बोझ डाल देता है कि वे विशेष दस्तावेजों से नागरिकता सिद्ध करें। चूंकि निर्वाचन आयोग के पास नागरिकता तय करने का अधिकार नहीं है, इसलिए नामों को सूची से हटाने से "निलंबित नागरिकता" जैसी खतरनाक स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

कोर्ट में चुनाव आयोग की दलीलें



निर्वाचन आयोग ने कहा कि नागरिकता सत्यापन संबंधी आरोपों को केवल निर्वाचन उद्देश्यों के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। यह सत्यापन गैर-नागरिकों को देश से बाहर करने के उद्देश्य से नहीं किया जा रहा है। आयोग ने यह भी तर्क दिया कि सत्यापन प्रक्रिया "उदार और सॉफ्ट-टच" है और इसमें किसी कठोर जांच की बात नहीं है। आयोग ने लाल बाबू हुसैन (1995) के फैसले पर याचिकाकर्ताओं की निर्भरता का भी विरोध किया। उस फैसले के अनुसार, मतदाता सूची में शामिल व्यक्ति को भारतीय नागरिक माना जाता है और इसके विपरीत सिद्ध करने का बोझ आपत्ति उठाने वाले पर होता है।

कांग्रेस ने फॉर्म-7 के दुरुपयोग का लगाया आरोप

■ एनबीटी रिपोर्ट : कांग्रेस ने वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के दौरान फॉर्म 7 के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। पार्टी का दावा है कि सत्तारूढ़ भाजपा से जुड़े लोग और अज्ञात व्यक्ति लक्षित वर्गों के मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से गलत तरीके से हटाने की सुनियोजित कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त को भेजे पत्र में कहा है कि फॉर्म 7 का इस्तेमाल कर लाखों पात्र मतदाताओं को मताधिकार से वंचित किया जा रहा है, जिससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। पार्टी के मुताबिक, राजस्थान से शुरू हुई शिकायतें अब गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, असम और केरल सहित 12 राज्यों से सामने आई हैं। इससे स्पष्ट है कि यह मामला न तो स्थानीय है और न ही अलग-थलग। पत्र में आरोप लगाया गया है कि जांच के दौरान एक समान पैटर्न सामने आया है।

कांग्रेस ने चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की

भारत से फलस्तीन को हैं उम्मीदें : वर्सेन

फलस्तीन की विदेश मंत्री बोली- भारत निभा सकता है मध्यस्थ की भूमिका

Alpyu.Singh
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : भारत-अरब देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में दिल्ली आईं फलस्तीन की विदेश मंत्री वर्सेन शाहीन अघाबेकियन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उनका देश भारत की ओर उम्मीदों से देख रहा है। दोनों पक्षों के साथ संबंधों और इंटरनैशनल रूल ऑर्डर में प्रतिबद्धता के चलते भारत ऐसी स्थिति में है कि वह इस्राइल और फलस्तीन के बीच एक पुल, वार्ताकार और मध्यस्थ की भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा ही टू स्टेट सॉल्यूशन और फलस्तीन के लोगों के आत्मनिर्णय के अधिकार के साथ खड़ा रहा है।

उन्होंने कहा कि वह गाजा के पुनर्निर्माण में भारत की मदद भी चाहते हैं। उन्होंने मानवीय सहायता, इन्फ्रास्ट्रक्चर और एजुकेशन जैसे क्षेत्रों में भारत की मदद को सराहा। साथ ही भारत और इस्राइल के बीच संबंधों के अतीत को भी दोहराया। उन्होंने फलस्तीन डिप्लोमैटिक इंस्टिट्यूट बनाने में भारत की मदद का जिक्र भी किया। कहा कि उम्मीद है कि ज्यादा से ज्यादा देश फलस्तीन को मान्यता देंगे। उन्होंने न्यूयॉर्क घोषणापत्र को बेहद अहम बताते हुए कहा कि यह अरब देशों का साथ हर लिहाज से बेहद अहम है।

बोर्ड ऑफ पीस का किया स्वागत

वर्सेन शाहीन अघाबेकियन ने दिल्ली में की प्रेस कॉन्फ्रेंस।

अघाबेकियन ने राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की बोर्ड ऑफ पीस पहल का समर्थन किया। कहा कि फलस्तीन ऐसा रास्ता चाहता है, जो पुनर्निर्माण और ऐसे राजनीतिक समाधान की ओर लेकर जाए, जो फलस्तीन का निर्माण करे। हमास को आगे चुनाव में हिस्सा लेने की इजाजत दी जाएगी, इसके जवाब में उन्होंने कहा कि हमास को राजनीति में शामिल होना है तो पैलेस्टाइन लिबरेशन फ्रंट में आना होगा। हमास के कथित तौर पर आतंकी लिंक को लेकर कहा कि फलस्तीन हर तरह के आतंकवाद का विरोध करता है।

बोर्ड ऑफ पीस को लेकर असमंजस

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

भारत ने दावोस में ट्रंप की बोर्ड ऑफ पीस में मौजूदगी नहीं दिखाई, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से न्योता आया था। वजह, सिर्फ पाकिस्तानी पीएम की मौजूदगी नहीं, बल्कि भारत की असहजता के कई मुद्दे हैं। जानकारों का कहना है कि भारत को इसकी अस्पष्टता और क्षेत्राधिकार के विवाद के चलते दूरी बनानी चाहिए। ऐसे में अरब विदेश मंत्रियों की बैठक के जरिये भी भारत उनका मन भी टटोलने की कोशिश करेगा। इसके अलावा दुविधा टू स्टेट सॉल्यूशन को लेकर भी है।

भारत-अरब विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक कल होगी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : कल भारत-अरब विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक होगी। इसके लिए कई अरब देशों के विदेश मंत्री भारत आ चुके हैं। सूडान गणराज्य के विदेश मंत्री मोहिएलदीन सलीम अहमद इब्राहिम, फलस्तीन की विदेश मंत्री वर्सेन अघाबेकियन और कोमोरोस के विदेश मंत्री मोहम्मद धाकिर पहुंच चुके हैं। इस बार बैठक की अध्यक्षता भारत और यूएई मिलकर करेंगे। अरब लीग के अन्य सदस्य देशों के विदेश मंत्री और महासचिव इसमें भाग लेंगे। इस अहम मंच की बैठक दस साल बाद हो रही है। इससे पहले बैठक 2016 में बहरीन में हुई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में इन नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी यात्रा से भारत और अरब देशों के बीच आपसी रिश्ते और मजबूत होंगे।

स्पेन के वैज्ञानिकों ने खोजा पैंक्रियाटिक कैंसर का इलाज

■ NBT रिपोर्ट

स्पेन के वैज्ञानिकों ने पैंक्रियाटिक (Pancreatic) कैंसर का इलाज खोजने का दावा किया है। स्पेन के नैशनल कैंसर रिसर्च सेंटर के वैज्ञानिकों ने 6 साल तक चूहों पर चले रिसर्च में तीन दवाओं को मिलाकर यह इलाज खोजा है। इनका कहना है कि इस थेरपी से पैंक्रियाज का ट्यूमर पूरी तरह खत्म हो गया। इलाज के बाद चूहों में कैंसर दोबारा नहीं लौटा। इस रिसर्च की अगुआई वैज्ञानिक मारियानो बार्बासिड (Mariano Barbacid) ने की। इसके नतीजे मंगलवार को 'प्रोसीडिंग्स ऑफ द नैशनल अकैडमी ऑफ साइंसेज' (PNAS) जर्नल में प्रकाशित हुए।

पैंक्रियाटिक कैंसर को सबसे खतरनाक माना जाता है, क्योंकि इसके लक्षण बहुत देर से आते हैं। ज्यादातर मामलों में बीमारी तब पकड़ में आती है, जब वह काफी बढ़ चुकी होती है। इसी वजह से इसके सिर्फ 10% मरीज ही 5 साल तक जिंदा रह पाते हैं। ऐपल के CEO स्टीव जॉब्स की 2011 में इसी बीमारी से मौत हुई थी। नई थेरपी में वैज्ञानिकों ने दावा किया कि तीनों दवाएं मिलकर कैंसर पर अलग-अलग तरीकों से हमला करती हैं। एक दवा- जेमसिटाबीन तेजी से बढ़ने वाली कैंसर सेल्स को मारती है। दूसरी - ATRA ट्यूमर के चारों ओर सुरक्षात्मक परत को कमजोर करती है। तीसरी नेराटिनिब उन सिग्नल्स को रोकती है, जिनसे ट्यूमर को बढ़ने की ताकत मिलती है। तीनों दवाओं के साथ इस्तेमाल से कैंसर की सुरक्षा टूट गई और इलाज के बाद कैंसर दोबारा नहीं लौटा हालांकि अभी तक इस दवा का ट्रायल इंसानों में नहीं हुआ है। जानकारों का कहना है कि यह संभावित इलाज की ओर महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

6 साल चूहों पर रिसर्च रही कामयाब

- नैशनल कैंसर रिसर्च सेंटर के वैज्ञानिक बोले- इलाज के बाद चूहों में कैंसर नहीं लौटा
- 'प्रोसीडिंग्स ऑफ द नैशनल अकैडमी ऑफ साइंसेज' जर्नल में प्रकाशित हुए इसके नतीजे

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in